उज्जैन
शुक्रवार
16
जनवरी, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-75
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651


# दैनिक ब्रह्मास्त्र



उत्तराखंड में फिल्म की शूटिंग कर रहीं वायरल गर्ल मोनालिसा बोलीं- ये सब एक सपने जैसा, यहां के लोग दिल के अच्छे

पेज- 8

## वेनेजुएलाई नेता ने अपना नोबेल पुरस्कार ट्रम्प को दिया



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने गुरुवार को व्हाइट हाउस में वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो से मुलाकात की। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अगवा करने के बाद यह उनकी किसी भी वेनेजुएलाई नेता से पहली आमने-सामने की मुलाकात थी। मुलाकात के बाद माचाडो ने कहा कि उन्होंने ट्रम्प को नोबेल शांति पुरस्कार का मेडल भेंट किया है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि आज हम वेनेजुएलावासियों के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में मचाडो ने ट्रम्प को अपना पुरस्कार सौंपने के बारे में बताया, लेकिन उन्होंने दूसरी कोई जानकारी नहीं दी।

## बीजेपी बोली- कोर्ट ने ममता बनर्जी को सबक सिखाया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आई-पैक रेड मामले में प्रवर्तन निदेशालय के खिलाफ दर्ज एफआईआर पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी और पुलिस अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने कहा कि देश में कानून के शासन का पालन सुनिश्चित करने और संस्थानों को स्वतंत्र रूप से काम करने देने के लिए इस मामले की जांच जरूरी है। बेंच ने कहा कि इस मामले में कुछ बड़े सवाल हैं, जिनका जवाब नहीं मिला तो अराजकता फैल सकती है। अगर केंद्रीय एजेंसियां किसी गंभीर अपराध की जांच के लिए ईमानदारी से अपना काम कर रही हैं, तो क्या राजनीति करके रोका जा सकता है?

## यूपीए सरकार के 2 और कानून में बदलाव होगा



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार मनरेगा के बाद यूपीए सरकार के समय बने दो बड़े कानूनों- शिक्षा का अधिकार और खाद्य सुरक्षा कानून में सुधार करने की तैयारी कर रही है। सरकार चाहती है कि इन योजनाओं का लाभ हर सही व्यक्ति तक पहुंचे और सभी लाभार्थियों का रजिस्ट्रेशन हो। सरकार पहले नियमों और आदेशों से सुधार करने की कोशिश करेगी। अगर इससे बात नहीं बनी, तो संसद में नए कानून (बिल) भी लाए जा सकते हैं। इसके अलावा सरकार यह भी सोच रही है कि लोगों को घर पाने के अधिकार को कानूनी अधिकार बनाया जाए।

## अफगानिस्तान में तालिबान सरकार के टूटने का खतरा

**काबुल।** अफगानिस्तान में तालिबान के भीतर हालात ठीक नहीं हैं। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि सरकार ढहने का खतरा मंडरा रहा है। संगठन के अंदर सत्ता को लेकर खींचतान अब खुलकर सामने आने लगी है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक हाल ही में एक वायरल ऑडियो क्लिप से इसका खुलासा हुआ। हालांकि इसकी फिक्स डेट सामने नहीं आई। एक धड़े का नेतृत्व तालिबान के सुप्रीम लीडर हिबतुल्लाह अखुंदजादा कर रहे हैं, जबकि दूसरा धड़ा गृह मंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी का है। दोनों गुटों की सोच और सत्ता के इस्तेमाल को लेकर मतभेद अब संगठन की एकता पर सवाल खड़े कर रहे हैं।

### 2028 में विधानसभा चुनाव होना है

# अभी से सियासी हलचल जारी

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन/भोपाल**

मप्र में साल 2028 में विधानसभा चुनाव होना है। इसको लेकर अभी से सियासी हलचल जारी है। ऐसे में भाजपा और कांग्रेस के बीच जमीन से लेकर वर्चुअल दुनिया तक सियासी वॉर छिड़ गया है। वहीं कांग्रेस मैदानी मोर्चे पर भी सरकार को घेरने में लगी हुई है। भाजपा-कांग्रेस में जिस तरह सियासी वार चल रहा है उससे तो यह तय है कि अगले 3 साल तक मप्र में चुनावी रार देखने को मिलेगी। सबसे बड़ी खास बात है कि मप्र में दोनों पार्टियों की चल रही चुनावी तैयारी और सियासी तकरार की दिल्ली से मॉनिटरिंग हो रही है।


दरअसल, भाजपा लगातार सरकार में बने रहने की रणनीति पर काम कर रही है। वहीं कांग्रेस सत्ता में वापसी की कोशिश में लगी हुई है। ऐसे में अभी से यहां के मुद्दों पर दिल्ली में बैठे राजनैतिक दलों के हाईकमानों की नजर है। कांग्रेस जहां दूषित पानी के मुद्दे को छोड़ना नहीं चाहती है, तो वहीं सत्ता पर बैठी भाजपा अपनी सरकार को उन मुद्दों को लेकर शेफ जोन में ले जाने की रणनीति पर लगातार काम कर रही है, जिसकी वजह से डैमेज होने की आशंका बनती है।



इधर कांग्रेस इंदौर दूषित पानी के मुद्दे को बड़े आंदोलन में तब्दील करने की कोशिश में लग गई है। कहा जा रहा है कि ऐसा निर्णय केन्द्रीय नेतृत्व के निर्देश पर लिया गया है। कहा जा रहा है कि राहुल गांधी के इंदौर आना इसी बात की ओर इशारा कर रहा है, क्योंकि छिंदवाड़ा जैसी घटना में राहुल गांधी या दूसरे राष्ट्रीय स्तर के नेता छिंदवाड़ा या भोपाल नहीं पहुंचे थे। लेकिन इंदौर घटना को बड़ा मुद्दा बनाने के लिए राहुल गांधी का इंदौर दौरा हो रहा है। पार्टी के जानकारों का कहना है कि दूषित पानी का मुद्दा जनता से सीधे जुड़ा हुआ है, विशेषकर इससे वह वर्ग प्रभावित हुआ है, जो निम्न आय वर्ग से आता है और पिछले कुछ चुनावों में यह वर्ग कांग्रेस से दूरी बनाकर अपना मतदान कर रहा है। ऐसे में कांग्रेस का मानना है कि इस मुद्दे को बड़ा बनाकर लंबे समय तक जीवित रखा जाएगा, जिसे इस वर्ग का मतदाता उनके साथ फिर से लौट आए। इसी लिए कांग्रेस ने मध्यप्रदेश के प्रत्येक वार्ड में वॉटर ऑडिट कराने की मुहिम प्रारम्भ की है। पार्टी की यह मुहिम लंबे समय तक चलेगी, जिससे मुद्दा भी काफी समय तक प्रदेश में प्रभावशील रह सकता है। हालांकि कांग्रेस के कुछ नेता इस मुद्दे को बेहद संवेदनशील बताते हुए दावा करते है कि इसमें कांग्रेस राजनीतिक लाभ लेने के लिए मैदान पर नहीं उतरी है, अलबत्ता जनता को न्याय दिलाने और उन्हें स्वच्छ जल उपलब्ध कराने के लिए सरकार और भाजपा से लड़ाई लड़ रही है। इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का कहना है कि जनता से जुड़े मुद्दे को उनका दल हमेशा उठाता रहा है। वहीं कांग्रेस नेता ब्लॉक स्तर पर मनरेगा योजना का नाम बदलने के विरोध में केंद्र की मोदी सरकार पर हमला बोलेंगे।

### भारत-न्यूजीलैंड मैच से पहले दौरा

## टीम इंडिया के कोच गंभीर भस्म आरती में शामिल हुए



**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

इंदौर में भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले जाने वाले क्रिकेट मैच से पहले शुक्रवार को भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर और बैटिंग कोच शीतांशु कोटक महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन करने के लिए पहुंचे।

18 जनवरी को खेले जाने वाले मैच के लिए टीम इंडिया इंदौर आई हुई है। मैच से पहले कोच गौतम गंभीर और शीतांशु सुबह चार बजे भस्म आरती में शामिल होने के लिए महाकाल मंदिर पहुंचे। यहां दोनों ने नंदी हॉल में बैठकर भस्म आरती में करीब दो घंटे तक भगवान का आशीर्वाद लिया और भगवान महाकाल से टीम इंडिया की जीत के लिए प्रार्थना की।

आरती के बाद उन्होंने मंदिर की देहरी से भगवान महाकाल के दर्शन किए और नंदी पर जल अर्पित किया। इसके बाद मंदिर समिति की ओर सहायक प्रशासक आशीष फलवाड़िया ने गंभीर और शीतांशु का सम्मान किया।

गौतम गंभीर पांच महीने पहले भी अपने परिवार के साथ दर्शन करने आए थे। गंभीर अब तक चार बार भस्म आरती में शामिल हो चुके हैं। गौतम गंभीर ने कहा, सौभाग्य मिला मुझे भगवान महाकाल ने आज दर्शन के लिए बुलाया। महाकाल मुझे बुलाएंगे और में फिर से आऊंगा। मंदिर की व्यवस्था हमेशा की तरह बहुत अच्छी रही।

## महाराष्ट्र के 29 नगर निगमों में चुनाव का रिजल्ट, काउंटिंग शुरू

**ब्रह्मास्त्र ›› मुंबई**

महाराष्ट्र के 29 नगर निगमों में हुए चुनाव का रिजल्ट आज आएगा। 893 वार्डों में कुल 15,931 उम्मीदवार मैदान में हैं। सुबह 10 बजे से काउंटिंग शुरू हुई है। दोपहर बाद रिजल्ट आ सकता है। सभी निगमों में सबसे अहम बृहन्मुंबई महानगरपालिका है। मुंबई को 227 वार्डों में बांटा गया है। बहुमत के लिए 114 की जरूरत है। एक दिन पहले आए 3 एग्जिट पोल में यहां भाजपा गठबंधन को बहुमत मिलता दिखा। भाजपा और एकनाथ शिंदे की शिवेसना को 130 से 150 सीटें मिल सकती हैं।

## जम्मू-कश्मीर में एलओसी के पास दिखे संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन, पांच दिन में तीसरी घटना

**ब्रह्मास्त्र ›› श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर के पुंछ और सांबा जिलों में गुरुवार शाम को रामगढ़ सेक्टर में लाइन ऑफ कंट्रोल पर पाकिस्तानी ड्रोन मंडराते देखे गए। इसके बाद सेना ने जवाबी कार्रवाई करते हुए अपने एंटी-अनमैन्ड एरियल सिस्टम को एक्टिवेट कर दिया।

सेना के सूत्रों के मुताबिक, यह ड्रोन नियमित निगरानी के दौरान नजर आए। पुंछ में एलओसी पर पोस्ट के पास एक ड्रोन देखा गया। इसी तरह, रामगढ़ सेक्टर में इंटरनेशनल बॉर्डर पर एक और ड्रोन देखा गया। पाकिस्तान से लगी बॉर्डर पर सैनिक हाई अलर्ट पर हैं।

पिछले पांच दिनों में ड्रोन दिखने की यह तीसरी घटना है। इससे पहले, 13 जनवरी को जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में दो बार संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन देखे गए थे। इसके बाद सेना ने फायरिंग की थी। फायरिंग के बाद ड्रोन पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर की ओर लौट गए थे।

# इंदौर में राहुल गांधी की मीटिंग को नहीं मिली मंजूरी

### अब सिर्फ बॉम्बे हॉस्पिटल और भागीरथपुरा जाएंगे

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी के कारण अब तक 24 लोगों की मौत के बाद हालात का जायजा लेने कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शनिवार 17 जनवरी को इंदौर आ रहे हैं। हालांकि, इस दौरान इंदौर में कांग्रेस नेताओं और नगरीय जनप्रतिनिधियों के साथ प्रस्तावित बैठक को प्रशासन से अनुमति नहीं मिल पाई है।

कांग्रेस ने प्रदेशभर के पार्षदों, महापौरों, नगर पालिका और नगर परिषद अध्यक्षों व उपाध्यक्षों के साथ राहुल गांधी की बैठक के लिए अभय प्रशाल और आनंद मोहन माथुर सभागार में कार्यक्रम प्रस्तावित किया था। इसके लिए करीब एक हजार लोगों की मौजूदगी की अनुमति मांगी गई थी, लेकिन जिला प्रशासन ने बैठक को मंजूरी नहीं दी।


कांग्रेस के संगठन प्रभारी डॉ. संजय कामले ने बताया कि प्रशासन से अनुमति नहीं मिलने के कारण बैठक को रद्द करना पड़ा है। अब राहुल गांधी का इंदौर दौरा सीमित कार्यक्रम तक ही रहेगा।



**17 से 31 जनवरी तक कांग्रेस का प्रदेशव्यापी आंदोलन-** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी ने 17 से 31 जनवरी 2026 तक चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की है। यह आंदोलन मनरेगा में बदलाव कर कानूनी अधिकारों की बहाली, इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई मौतों और प्रदेश में बिगड़ती जल गुणवत्ता के विरोध में किया जाएगा।

राहुल गांधी इंदौर पहुंचने के बाद पहले बॉम्बे हॉस्पिटल जाएंगे, जहां वे दूषित पानी से बीमार हुए मरीजों और उनके परिजनों से मुलाकात करेंगे। इसके बाद वे भागीरथपुरा पहुंचकर उन परिवारों से मिलेंगे, जिनके परिजनों की दूषित जल के कारण मौत हुई है। राहुल गांधी के दौरे को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड में है।

## ईरान की ओर बढ़ रहा अमेरिकी वॉरशिप



**ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन**

ईरान में जारी सरकार विरोधी प्रदर्शन के बीच अमेरिका ईरान के आस-पास अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ाने की तैयारी में है। अमेरिकी नौसेना का यूएसएस अब्राहम लिंकन कैरियर स्ट्राइक ग्रुप के साथ साउथ चाइना सी से मिडिल ईस्ट की ओर रवाना हो गया है।

यूएसएस अब्राहम लिंकन अमेरिकी नौसेना का एक न्यूक्लियर-पावर्ड एयरक्राफ्ट कैरियर है। यह दुनिया के सबसे बड़े और सबसे ताकतवर वॉरशिप में से एक माना जाता है।

अमेरिकी न्यूज वेबसाइट न्यूज नेशन की रिपोर्ट के मुताबिक, ये फैसला ईरानी एयरस्पेस के बंद होने के ठीक एक घंटे बाद लिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, स्ट्राइक ग्रुप को चीन की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए साउथ चाइना सी में तैनात किया था, लेकिन अब इसकी मूवमेंट देखी गई है।

ब्रह्मास्त्र
स्वागतम् 2026
तीन-तीन बहुरंगीय कैलेंडर



एक वितरित दो और कैलेंडर
जल्द आपके हाथों में
नए साल के तीन तरह के
नि:शुल्क कैलेंडर जल्द आपके हाथों में
श्री राम लला मंदिर और श्री महाकाल पोस्टर कैलेंडर
11 दिसंबर के अंक के साथ नि:शुल्क वितरित हो चुका है।
अब दो कैलेंडर बाकी पंचांग कैलेंडर और तिथि कैलेंडर
हॉकर से अपनी प्रति सुरक्षित करें और लेते रहे एक एक करके तीनों कैलेंडर
9977755777, 77710 90777, 9617957337, 9893047988, 0734 4041777, 0731 4085777

## खबर एक नजर...

### लापता पति नहीं मिला, पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

उज्जैन। चरक अस्पताल में 13 जनवरी की देर शाम लीलाबाई 40 साल को कालू भील निवासी ग्राम मोरवानी रतलाम लेकर पहुंचा था। उसने खुद को लीलाबाई का पति बताते हुए जानकारी दी कि देवास में हुई दुर्घटना में घायल हुई है। डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया और कोतवाली थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस अस्पताल पहुंची लेकिन लीलाबाई बोल पाने की हालत में नहीं थी। पति कालू ने बताया कि रेलवे स्टेशन देवास में कार चालक ने टक्कर मारी थी। वह ट्रेन से पत्नी को उज्जैन लेकर आया है। पुलिस लीलाबाई की हालत में सुधार का इंतजार कर रही थी। लेकिन रात में उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस दोबारा अस्पताल पहुंची तो पति कालू भी लापता हो गया था। पुलिस ने कालू भील द्वारा लिखाये गये पते पर संपर्क कर सूचना दी लेकिन कोई जानकारी सामने नहीं आ पाई। बुधवार दिनभर लापता पति को तलाशने के प्रयास किये गये, गुरुवार दोपहर तक कुछ पता नहीं चला। एसआई हर्षिता सावरियां ने बताया कि परिजनों और पति की जानकारी नहीं मिलने पर शव का पोस्टमार्टम कराकर लाश को दफनाने की प्रक्रिया पूरी की गई है। मृतक महिला को दुर्घटना में मामूली चोंट थी, लेकिन पता चला है कि वह पूर्व से किसी गंभीर बीमारी से भी ग्रस्त थी।

### मकान का ताला तोड़ बदमाशों ने दिया चोरी को अंजाम

उज्जैन। खाना खाने के बाद परिवार नये मकान में सोने चला गया, रात में बदमाशों ने पुराने मकान पर लगा ताला तोड़ा और नगद राशि के साथ सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिये। सुबह परिवार के जागने पर वारदात का पता चला तो पुलिस को शिकायत दर्ज कराई गई। महाकाल थाना क्षेत्र के लालपुल स्थित पीर जंगली दरगाह के पास प्रदीप पिता भैरुलाल माली का मकान बना हुआ है। मंगलवार-बुधवार रात उसके मकान का ताला तोड़कर बदमाशों ने अलमारी में रखे डेढ़ लाख रुपए नगद, सोने की अंगूठी, पैंडल, चांदी के आंवले, कंदौरा, बिछिया, 2 जोड़ पायजेब और बच्चों के कड़े चोरी कर लिये। सुबह परिवार जागा तो मकान का ताला टूटा मिला। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। एएसआई लाखनसिंह जांच के लिये मौके पर पहुंचे। इस दौरान प्रदीप माली ने बताया कि जिस मकान में चोरी हुई है वह पुराना मकान है। खाना वहीं बनाते है, रात में खाना खाने के बाद कुछ दूरी पर बने नये मकान में सोने चले गये थे। पुराने मकान पर ताला लगा हुआ था। एएसआई ने जांच के बाद मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि पीर जंगली दरगाह के आसपास कैमरे नहीं लगे है। क्षेत्र में माली और मुस्लिम समुदाय के परिवार निवास करते है। आशंका जताई जा रही है चोरी को नशा करने वाले बदमाशों ने अंजाम दिया होगा। जिनका पता लगाने के लिये लालपुल क्षेत्र के मार्गो पर लगे कैमरों के फुटेज खंगाले जायेंगें।

### 15 दिन में दूसरी बार रात का पारा 9 डिग्री पर पहुंचा, वजह जेट स्ट्रीम हवा

उज्जैन। पश्चिमी जेट स्ट्रीम हवा बहने से सर्दी बढ़ गई है। 15 दिन में दूसरी बार रात का पारा 9 डिग्री पर पहुंच गया है। इसके पहले 10 जनवरी को यह 9 डिग्री दर्ज किया गया था। मौसम विभाग भोपाल के अनुसार पश्चिमोत्तर भारत के ऊपर माध्य समुद्र तल से 12.6 किमी की ऊंचाई पर लगभग 232 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से उपोष्ण पश्चिमी जेट स्ट्रीम हवा बह रही है। इसके अलावा एक नया पश्चिमी विक्षोभ, मध्य एवं ऊपरी क्षोभ मंडलीय पश्चिमी पवन में एक ट्रफ के रूप में माध्य समुद्र तल से 5.8 किलोमीटर की ऊंचाई पर अवस्थित है। यही वजह है कि मकर संक्रांति के दूसरे दिन अधिकतम के साथ न्यूनतम तापमान लुढ़क गया है। शासकीय जीवाजी वेधशाला के अनुसार 24 घंटे में न्यूनतम तापमान 2.2 डिग्री और अधिकतम तापमान 0.3 डिग्री गिरा है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 26.7 डिग्री रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 9 डिग्री दर्ज किया गया। आर्द्रता सुबह 88 और शाम को 52 फीसदी रही। हवा की रफ्तार सुबह शून्य और शाम को 4 किलोमीटर प्रति घंटा रही।

# पांच हजार स्ट्रे डाग्स को दी पहचान







**क्यू आर कोड बना मददगार**

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मानव व श्वान का संबंध पौराणिक काल से बड़ा ही मित्रवत रहा है। पांडवों के साथ उनका कुत्ता स्वर्ग के द्वार तक गया और फिर यमराज ने कुत्ते को स्वर्ग में प्रवेश देने पर मना किया ऐसी कथा का उल्लेख धर्मग्रंथ में है। श्वान एक वफादार प्राणी है जब इसका प्रेमपूर्ण संबंध किसी मानव से हो जाता है तो कुत्ते का मालिक से बिछोह बड़ा ही पीड़ादायक होता है।

**शहरों मे कुत्तों का खो जाना बड़ी समस्या-** शहरों में हर मोहल्ले व कालोनी में कुत्ते होते हैं जिनकी संख्या बढ़ती रहती है। आसपास के लोग इन्हें भोजन व पानी देते रहते हैं और बदले में ये कुत्ते अपना चौकीदारी का काम पूरे समर्पण से करते हैं। ऐसे में लोगों का लगाव स्ट्रे डाग्स से हो जाता है। मोहल्ले मे प्रवेश करते ही स्ट्रे डाग्स अपने चाहनेवालों का स्वागत पूंछ हिलाकर और लिपटकर करते हैं। श्वान अपने हाव भाव से पूरी भावना व्यक्त कर देता है। कई बेर अपने प्रिय मनुष्य का पीछा करता हुआ दूर तक निकल जाता है पर दूसरे एरिया के श्वान जब हमला करते हैं तो अपनी रक्षा के लिए ये श्वान अपने मालिक से बिछुड़ जाता है। दीपावली जैसे त्योहार पर पटाखे की कर्कश आवाज से डरकर भी स्ट्रे या पालतू श्वान अपने घर या मोहल्ले से दूर निकल जाते हैं और अंततः खो जाते हैं। जब मालिक या श्वान प्रेमी को अपना प्यार मित्र बहुत खोजने पर भी नहीं मिलता तो वह बहुत दिनों तक दुःखी रहता है।

**अक्षय ने बनाया क्यू आर कोड टैग-** मुंबई निवासी युवा साफ्टवेयर इंजीनियर अक्षय रिडलान ने बहुत पीडा झेली जब उनके मोहल्ले का स्ट्रे डॉग कालू खो गया। गुमशुदा कालू जब बहुत ढूंढने पर भी नहीं मिला तो अक्षत ने आधुनिक तकनीक का प्रयोग करके इन मूक पालतू पशुओं के हितार्थ करने की सोची और जल्दी ही एक क्यू आर कोड तकनीक विकसित की जिसमें कुत्ते का नाम, उसके मालिक का नाम, पता व मोबाइल नंबर आदि डाटा सामने मानीटर या मोबाइल पर आ जाए जब कुत्ते के गले में डला हुआ क्यू आर कोड टैग स्कैन किया जाए। इस तकनीक से कई गुमशुदा पालतू श्वान व बिल्ली अपने वास्तविक मालिक तक पहुंचे और इस क्यू आर तकनीक को सभी ने बहुत पसंद किया। अक्षत ने ऐसे पांच हजार क्यू आर टैग तैयार किए और मुंबई व आसपास के श्वानप्रेमियों को उपलब्ध कराए जिससे गुमशुदा श्वान को खोजना आसान हो गया। उनकी इस पहल का सभी पशुप्रेमियों और जीव दया प्रेमी संस्थाओं ने प्रशंसा की और, ये टैग खासे लोकप्रिय हुए।

**श्वान कल्याण के लिए संस्था-** अक्षय ने श्वान प्रेम के चलते पॉ फ्रेंड इंडिया नामक एक एन जी ओ बनाया और वे स्कूली बच्चों को श्वान से प्रेम करने की सीख दे रहे हैं। स्कूल मे कार्यक्रम आयोजित करके वे बच्चो को पशुओं के प्रति प्रेम, दया व संवेदना का पाठ पढा रहे हैं। अक्षय ने ब्रह्मास्त्र के प्रतिनिधि से चर्चा करते हुए बताया कि इस वर्ष उनकी संस्था का लक्ष्य बीस हजार स्कूली छात्रों को पशुओं के प्रति प्यार व दया रखने के भाव विकसित करना है। इसके लिए वे विभिन्न स्कूल व कालेज मे वर्कशाप आयोजित कर रहे हैं जिसे खूब प्रोत्साहन मिल रहा है।

# महाकाल महालोक में सोना महापात्रा की आवाज में गूंजेगी शिव-भक्ति

### महाकाल महोत्सव के तीसरे दिन जनजातीय लोकनृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होंगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



महाकाल महोत्सव के तीसरे दिन शुक्रवार को प्रसिद्ध गायिका सोना महापात्रा (मुंबई) द्वारा शिव भक्ति पर आधारित संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी। उनकी प्रस्तुति में शिव गाथा, लोक-संगीत एवं समकालीन संगीत का अनूठा संगम देखने को मिलेगा।

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति एवं संस्कृति संचालनालय, मध्यप्रदेश शासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'श्री महाकाल महोत्सव' के अंतर्गत श्री महाकाल लोक में जनजातीय लोकनृत्य, लोककलाओं एवं संगीतमय प्रस्तुतियों का भव्य आयोजन किया जाएगा।

महोत्सव के तीसरे दिन जनजातीय संस्कृति की समृद्ध परंपराओं, लोकजीवन एवं आस्था से जुड़े विविध रंगों को मंच प्रदान किया जाएगा। देश की विभिन्न जनजातियों के कलाकार अपने-अपने पारंपरिक वेशभूषा एवं वाद्य यंत्रों के साथ सजीव लोकनृत्य प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रमों की शुरुआत शाम 7 बजे से होगी।

**शुक्रवार को इन नृत्यों की होगी प्रस्तुतियां -** आज गोंड जनजातीय करमा नृत्य उपेंद्रसिंह एवं साथी (सीधी), बैगा जनजातीय परधौनी नृत्य दवाराम एवं साथी ( डिंडौरी), अहिराई नृत्य कमलेश नामदेव एवं साथी ( गोटगांव), भारिया जनजातीय सैताम नृत्य अंकिता एवं साथी ( छिंदवाड़ा) प्रस्तुतियां देंगे। महोत्सव के तहत कला यात्रा निकली जा रही है। शुक्रवार को इस यात्रा में मटकी लोकनृत्य मधुरी ढोड एवं साथी (उज्जैन) की प्रस्तुति होगी। कला यात्रा शास्त्री नगर से नीलगंगा चौराहे से हाट बाजार से महाकाल लोक पहुंचेगी।

# नए घाटों के पौराणिक नाम रखने की तैयारी पर सीएम बोल चुके- हर घाट होगा रामघाट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शिप्रा किनारे बनाए जा रहे 29.21 किमी लंबे नए घाटों के नामकरण की तैयारी चल रही है। जहाँ-जहाँ घाट बन रहे हैं, उस क्षेत्र के महत्व व पौराणिकता के आधार पर घाटों के नाम रखे जाएँगे। इसके लिए धार्मिक और धर्मस्व विभाग की टीम जरूरी जानकारी जुटाने में लगी हुई है।

हालाँकि, शिप्रा किनारे के नए घाटों के नामकरण की तैयारी में जुटे अधिकारियों को इस बात का भी ध्यान रखना होगा कि 21 अप्रैल 2025 को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव यह स्पष्ट कर चुके हैं कि सिंहस्थ में हर घाट रामघाट होगा। उन्होंने यह बात जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत रामघाट पर श्रमदान करते हुए कही थी।

सिंहस्थ की तैयारियों की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा था कि शनि मंदिर से रामघाट, गऊघाट से लालपुर, और मंगलनाथ से रामघाट तक श्रद्धालु नौकायन से आवागमन कर सकेंगे। 29 किमी के नए घाट बनेंगे। शिप्रा का हर घाट रामघाट होगा। यानी श्रद्धालु कहीं भी स्नान करेंगे तो उन्हें उतना ही पुण्य मिलेगा। इन सभी तमाम परिस्थितियों के बीच कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने बताया कि सिंहस्थ के दौरान सभी घाट रामघाट ही रहेंगे, लेकिन बाकी समय के लिए नए घाटों की पहचान पौराणिक महत्व के आधार पर हो, इसलिए नामकरण भी जरूरी है।

**जल्द ही घाटों के नाम सामने आएँगेः** सिंहस्थ 2028 में करीब 30 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। चूँकि इस मेले में सर्वाधिक महत्व शिप्रा स्नान का रहता है, ऐसे में शासन स्नान की सुविधाओं में विस्तार के लिए, शिप्रा किनारे 29.21 किमी के नए घाटों का निर्माण करवा रहा है, जबकि शिप्रा किनारे करीब 7-8 किमी में पुराने घाट बने हुए हैं, जो कि प्राचीन नामों से जाने जाते हैं।

### पांच दिवसीय वन मेला 12 से 16 फरवरी तक, दशहरा मैदान में आयोजित होगा

# उज्जैन में पहली बार हर्बल वन मेला लगेगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार जिले में पहली बार वन मेले का आयोजन किया जाएगा। विंध्य हर्बल मेले का आयोजन महाशिवरात्रि पर्व की अवधि के दौरान 12 फरवरी से 16 फरवरी तक दशहरा मैदान उज्जैन में वन विभाग के देखरेख में आयोजित किया जाएगा।

वन मेला का शुभारंभ 12 फरवरी को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। मेले के आयोजन के दौरान महाकाल मंदिर से मेला परिसर तक निःशुल्क बस सेवा चलेगी। महाकाल की नगरी उज्जैन में पहली बार वन मेले में मध्यप्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों के हर्बल उत्पाद, आयुर्वेदिक औषधियां, वनोपज पर आधारित हस्तशिल्प कला कृतियां आंचलिक व्यंजन प्रदर्शित किए जाएंगे।



इस मेले में देश के विभिन्न राज्यों के साथ प्रदेश के जिलों में मिलने वाली जड़ी बूटियां और वनोपज लोगों को देखने व खरीदने को मिलेगी। मेले में लोगो को वन, पर्यावरण, वन्यजीव संरक्षण, आयुर्वेद और पारंपरिक ज्ञान, वनोपज हर्बल उत्पादों, आयुष, स्वास्थ्य, जैव विविधता एवं जनजातीय संस्कृति की जानकारी मिलेगी।

### हर्बल बॉडी लोशन से लेकर शहद और शिलाजीत भी

मेले में मध्य प्रदेश से हर्बल उत्पाद, विंध्य हर्बल के 140 से अधिक उत्पाद रखे जाएंगे। इनमें महुए से बनी बॉडी लोशन, एंटी एजिंग क्रीम, बच्चों के लिए ग्रोविट, महुआ युक्त च्यवनप्राश, लैब टेस्टेड जंगल की शहद और शिलाजीत शामिल हैं। सरकारी ब्रांड होने, लैब टेस्ट रिपोर्ट और आयुर्वेदिक प्रोसेसिंग के कारण इन उत्पादों की विशेष पहचान रहेगी।

### प्रतिदिन 200 से अधिक आयुर्वेदिक चिकित्सक निःशुल्क परामर्श देंगे

मेले के दौरान अंतर्राष्ट्रीय हर्बल कार्यशाला और क्रेता-विक्रेता सम्मेलन आयोजित होंगे। प्रतिदिन 200 से अधिक आयुर्वेदिक चिकित्सक निःशुल्क परामर्श देंगे। मेले में मध्य प्रदेश वन विभाग की विभिन्न शाखाओं की योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनी लगाई जाएंगी। बच्चों और युवाओं के लिए मेले का सबसे बड़ा आकर्षण चीता परिवार का विशाल स्कल्पचर रहेगा।

### जंगली वन्य प्राणियों को पकड़ने में उपयोग होने वाला बोमा भी

लोकनृत्य, लोकसंगीत, नाट्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, बच्चों के लिए चित्रकला एवं प्रकृति आधारित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसके साथ ही जंगली वन्य प्राणियों को पकड़ने में उपयोग होने वाला बोमा भी प्रदर्शित किया जाएगा। इसके माध्यम से लोगों को वन, जैव विविधता की पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी।

उज्जैन
शुक्रवार
16
जनवरी, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

पुनरपि जननं पुनरपि मरणं, पुनरपि जननी जठरे शयनम्।
इह संसारे बहुदुस्तारे, कृपयाऽपारे पाहि मुरारे॥

**अर्थः** बार-बार जन्म, बार-बार मृत्यु, बार-बार माँ के गर्भ में शयन, इस संसार से पार जा पाना बहुत कठिन है, हे कृष्ण कृपा करके मेरी इससे रक्षा करें।

## खबर एक नजर...

### इंदौर में 5 महीने से सक्रिय चेन स्नैचर, 6 वारदातें कर चुका

**इंदौर।** इंदौर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पिछले पांच महीनों से एक शातिर बदमाश लगातार वारदातों को अंजाम दे रहा है। हीरानगर, तिलकनगर और परदेशीपुरा इलाके में अब तक करीब छह वारदातें हो चुकी हैं, लेकिन आरोपी अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। ताजा मामला परदेशीपुरा थाना क्षेत्र के नंदानगर का है, जहां मंदिर से लौट रही एक महिला की चेन लूटकर बदमाश फरार हो गया। परदेशीपुरा पुलिस ने क्लर्क कॉलोनी निवासी चंपाबाई जैन की शिकायत पर स्कूटर सवार लुटेरे के खिलाफ चेन स्नैचिंग का मामला दर्ज किया है। पीड़िता गृहिणी है और रोज की तरह 13 जनवरी को दिगंबर मंदिर दर्शन करने गई थी। मंदिर से लौटकर जब वह अपने घर में दाखिल हुई, तभी स्कूटर सवार बदमाश पीछे से घर में घुस आया और झपट्टा मारकर उनके गले से सोने की चेन लूट ली। इस दौरान चेन का कुछ हिस्सा पीड़िता के हाथ में ही रह गया। महिला ने शोर मचाकर मदद मांगी, जिस पर घर से उनकी बहू बाहर आई, लेकिन तब तक आरोपी स्कूटर लेकर मौके से फरार हो चुका था। पुलिस ने बुधवार को मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार आरोपी इससे पहले 14 सितंबर को सुखलिया क्षेत्र के माथोर्मा स्कूल के पास वारदात कर चुका है। इसके बाद उसने पंडित दीनदयाल नगर, तिलक नगर के जैन मंदिर, बख्तावर राम नगर और क्लर्क कॉलोनी में भी महिलाओं के साथ इसी तरह की घटनाओं को अंजाम दिया। अब परदेशीपुरा इलाके में चेन लूट के साथ एक पर्स लूट की वारदात को भी अंजाम दिया गया है।

### नकली पनीर की आशंका में 300 किलो पनीर जब्त

**इंदौर।** खाद्य और औषधि प्रशासन विभाग ने गुरुवार को एक स्थान पर छापा मारा और वहां से 300 किलो पनीर और 1 हजार लीटर पामोलीन तेल जब्त किया है। आशंका है कि पनीर नकली है जिसकी जांच की जा रही है। यह कार्रवाई मूसाखेड़ी चौराहा स्थित मां कृपा डेयरी पर की गई। टीम को यहां पनीर, मिक्स मिल्क,मिल्क केक, घी और फ्रायोलिन पामोलिन तेल के सैंपल लिए हैं। इसके साथ ही 1 लाख रु. कीमत का पनीर और 64 टिन पामोलीन (1 हजार किलो) जब्त किया है। इसकी कीमत 2 लाख रुपए है। मौके पर इसका रजिस्ट्रेशन वैध नहीं मिला जिस पर आगामी आदेश तक के लिए यूनिट को बंद किया गया है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने बताया कि नागरिकों को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी नमूनों को विस्तृत जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल की ओर भेजा जा रहा है, जिनकी रिपोर्ट मिलने के बाद वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### फ्लैट दिलाने के नाम पर 13.21 लाख की धोखाधड़ी

**इंदौर।** इंदौर के कनाडिया क्षेत्र में एक फ्लैट बेचने के नाम पर रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि एक ब्रोकर ने खरीदार से रुपए लेकर अपने पास रख लिए, जबकि फ्लैट की मालकिन को इस लेन-देन की कोई जानकारी नहीं दी। बाद में फ्लैट खरीदने वाले व्यक्ति ने थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। कनाडिया पुलिस ने अक्षय बोडोने, निवासी विजयनगर, की शिकायत पर मोहित पुत्र राजकुमार शर्मा, निवासी विजयनगर के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। अक्षय ने बताया कि वह व्यापारी है। उनके पास प्रॉपर्टी ब्रोकर मोहित शर्मा एक प्रस्ताव लेकर आया था। उसने बताया कि सूर्याश अपार्टमेंट, आलोक नगर में एक फ्लैट है, जो उन्हें काफी कम रुपए में मिल सकता है।

### 18 जनवरी को होलकर स्टेडियम में भिड़ेंगे दोनों टीमों के खिलाड़ी

# भारत-न्यूजीलैंड के बीच इंदौर में होगा निर्णायक मुकाबला

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

भारत और न्यूजीलैंड की टीमें गुरुवार को इंदौर पहुंच गईं। एयरपोर्ट पर भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, शुभमन गिल, केएल राहुल, मोहम्मद सिराज और कोच गौतम गंभीर सबसे पहले नजर आए। सभी खिलाड़ी एयरपोर्ट से सीधे होटल रवाना हुए।

दोनों टीमों के लिए अलग-अलग बसों की व्यवस्था की गई है। एयरपोर्ट और होटल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और हर आने-जाने वाले की जांच की जा रही है।

इंदौर में दोनों टीमें तीन मैचों की वनडे सीरीज का अंतिम और निर्णायक मुकाबला खेलेंगी। यह मैच 18 जनवरी को होलकर स्टेडियम में होगा।



### बल्लेबाजों के लिए अनुकूल पिच, ओस बनेगी मददगार

होलकर स्टेडियम के चीफ पिच क्यूरेटर मनोहर जामले के मुताबिक, पिच काली मिट्टी से तैयार की गई है और यह बल्लेबाजों के लिए अनुकूल रहेगी। ठंड के चलते ओस अहम भूमिका निभा सकती है, जिससे दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने वाली टीम को फायदा मिल सकता है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच यह मुकाबला टीवी पर स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर देखा जा सकेगा, जबकि लाइव स्ट्रीमिंग जियो हॉटस्टार एप पर होगी।

### अभी एक-एक की बराबरी पर सीरीज

सीरीज फिलहाल 1-1 की बराबरी पर है। भारत ने पहला मैच 4 विकेट से जीता था, जबकि दूसरे वनडे में न्यूजीलैंड ने 7 विकेट से जीत दर्ज कर सीरीज बराबर कर ली। इंदौर में होने वाला यह मुकाबला सीरीज का फैसला करेगा। भारत में न्यूजीलैंड का वनडे रिकॉर्ड कमजोर रहा है। होलकर स्टेडियम में भारत का अजेय रिकॉर्ड भारतीय टीम को बढ़त दिलाता नजर आ रहा है।

शाम के सत्र में कुछ खिलाड़ी अभ्यास के लिए स्टेडियम पहुंच सकते हैं, जबकि अगले दो दिन दोनों टीमें दोपहर और शाम के सत्र में ऑफिशियल प्रैक्टिस करेंगी।

26 हजार दर्शक क्षमता वाले होलकर स्टेडियम में अब तक 7 वनडे मुकाबले खेले जा चुके हैं और सभी में भारत को जीत मिली है। यहां पिछला वनडे मैच 2023 में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला गया था, जिसमें भारत ने जीत दर्ज की थी।

**मैच के दिन मौसम साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी-** मौसम विभाग के अनुसार मैच के दिन इंदौर में मौसम साफ रहेगा। पूरे दिन धूप खिली रहेगी और तापमान 13 से 28 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है।

### इंदौर के लसूड़िया में टाउनशिप निर्माण के दौरान गिरा ट्रांसफार्मर

# सड़क धंसी-पानी और ड्रेनेज लाइनों को नुकसान

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के लसूड़िया थाना क्षेत्र में एक निजी कंपनी टाउनशिप का निर्माण कर रही है। इसके लिए लापरवाही से खुदाई की जा रही है, जिससे न्यू रेसकोर्स बिल्डिंग को भारी नुकसान पहुंचा है। इस बिल्डिंग की ड्रेनेज व पानी की लाइनें टूट गईं, तो सड़क और ट्रांसफार्मर धंस गए। इस कारण पानी की सप्लाई, ड्रेनेज और बिजली की समस्या खड़ी हो गई है।

घटना के बाद आक्रोशित रहवासी थाने पहुंचे और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। लसूड़िया पुलिस ने बुधवार को पंकज दुबे निवासी न्यू रेसकोर्स बिल्डिंग महालक्ष्मी नगर की शिकायत पर ठेकेदार जगदीश दांगी और शाहिद चौहान के खिलाफ तोड़फोड़ करने और 113 परिवारों की जान खतरे में डालने के आरोप में मामला दर्ज किया है।


रहवासियों ने बताया कि उनकी टाउनशिप के पास सिंगापुर मरीना नाम से कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा है, जिसे सार्थक विनायक रियल बिल्ट द्वारा कराया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट में खुदाई का कार्य जगदीश दांगी और कांक्रीट का काम शाहिद चौहान को सौंपा गया था।



रहवासियों का आरोप है कि ठेकेदारों द्वारा भारी मशीनों से लापरवाहीपूर्वक खुदाई की गई, जिससे 113 परिवारों की जान खतरे में पड़ गई। हादसे के दौरान एक बिजली का ट्रांसफार्मर गड्ढे में जा गिरा, जिससे पूरी बिल्डिंग की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। इसके अलावा सोसायटी की बाउंड्रीवॉल गिर गई और जमीन नीचे से खिसक गई। ड्रेनेज और पानी की लाइनें टूटने से क्षेत्र में और भी अव्यवस्था फैल गई। रहवासियों ने यह भी आरोप लगाया कि पिछले डेढ़ महीने से यहां दिन-रात जेसीबी मशीनों से खुदाई का काम चल रहा था। इस संबंध में नगर निगम में कई बार शिकायत की गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अंततः पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा।

लसूड़िया पुलिस का कहना है कि रहवासियों की शिकायत के आधार पर ठेकेदारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बड़गोंदा में वन विकास निगम ने बुलडोजर चलाए



### नर्सरी के नाम पर 1500 से ज्यादा छोटे-बड़े पेट काटे

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

बड़गोंदा में वन विकास निगम ने गुरुवार को नर्सरी बनाने के नाम पर सागौन के 1500 से ज्यादा छोटे-बड़े पेड़ों को बुलडोजर चलाकर नष्ट कर दिया। जिस स्थान पर पेड़ काटे गए हैं वहां पर तेंदुए की मूवमेंट रहती है। वह मवेशियों का शिकार करता है। यह हिस्सा जंगली खरगोश, नीलगाय, बटेर जैसे पक्षियों का भी घरोंदा है। 8-10 साल पहले वन विभाग ने अपनी खाली जमीन पर सागौन का पौधारोपण किया था। निगम को इस हिस्से में नर्सरी बनाने के लिए जमीन मिली है। 50 फीट तक ऊंचे और जंगल जैसे आवरण का अहसास कराने वाले इन पेड़ों को नष्ट कर दिया गया। इन पेड़ों का काटने के लिए किसी तरह की अनुमति नहीं ली गई। बड़गोंदा में नर्सरी के प्रवेश वाले कच्चे रास्ते पर सागौन का पौधारोपण किया गया था। वन विभाग ने आयोजन कर यहां पौधे रोपे थे। तार फेंसिंग कर इसे सुरक्षित किया था।

### डेथ ऑडिट रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा, दो मौतें पहले ही हो चुकी थीं, चार अन्य कारणों से

# शासन ने मानी भागीरथपुरा में दूषित पानी से 15 मौतें

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

भागीरथपुरा दूषित पानी से हुई 24 लोगों की मौत में मामले में 21 मौतों की डेथ ऑडिट रिपोर्ट में चौंकाने वाले फैक्ट्स मिले हैं। इसमें शासन ने माना कि इनमें से 15 लोगों की मौत दूषित पानी के कारण ही हुई है। इसके अलावा दो लोगों की मौतें तो यह एपिडेमिक शुरू होने के पहले ही हो चुकी थी जबकि चार लोगों की मौतें अन्य कारणों से हुई है।

दरअसल, इस मामले में पहले प्रशासन की ओर से चार लोगों के दूषित पानी से मरने की पुष्टि की गई थी। इसके बाद 6 लोगों की मौत बताई गई। इस बीच मौतों का आंकड़ा बढ़कर 24 तक पहुंच गया। चूंकि मामले में हाई कोर्ट ने 15 जनवरी को विस्तृत स्टेटस रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए थे, इस पर 13 जनवरी को डेथ ऑडिट रिपोर्ट तैयार की गई। इसमें तब 21 लोगों की मौतों का ऑडिट किया गया।



### इन 15 लोगों की बताई दूषित पानी से मौत

उर्मिला (60), ताराबाई (65), नंदलाल (70), हीरालाल (65), अरविंद निकर (43), अव्यान (5 माह), मंजूला (65), गीताबाई (64), उमा कोरी (31), गोमती, श्रावण (80), सीमा (40), जीवनलाल (80), रामकली (47) और हरकुंवर बाई (81)।

### इन चारों की मौतें दूषित पानी से नहीं

इनके अलावा अशोक (62), शंकरलाल (75), कमला (60) और सुनीता (49) की मौतें दूषित पानी से होना नहीं पाई गई।

**इन दोनों की मौत को लेकर अजीब स्थिति-** कमला (60) को पांच दिनों से उल्टी-दस्त होने के साथ घबराहट, पेट दर्द, उल्टियां हो रही थी। उसे 8 जनवरी को एडमिट किया गया था और 9 को मौत हो गई थी। उसे ब्लड प्रेशर सहित अन्य तकलीफें भी थी। मौत का कारण कार्डियक अरेस्ट है।

सुनीता पति सतीश (49) को 7 जनवरी को एडमिट किया गया था। उन्हें उल्टियां, सांस लेने में परेशानी, हीमोग्लोबिन कम, पहले से ही रिनेल फेल्युअर जैसी तकलीफें थी। उन्हें भी कार्डियेक अरेस्ट हुआ था और छह बार सीपीआर दिया गया था। 10 जनवरी को मौत हो गई थी। ये दोनों मौतों को लेकर संशय भी है।

## खबर एक नजर...

### हाईस्कूल दौलतगंज में छात्राओं को स्वेटर दिए

**उज्जैन।** विवेकानंदजी की जयंती, युवा दिवस पर भारत विकास परिषद सांदीपनि शाखा उज्जैन द्वारा शासकीय हाईस्कूल दौलतगंज में 75 गरीब वर्ग की छात्राओं को चयनित कर उन्हें उच्च क्वालिटी के स्वेटर का वितरण किया गया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में भाविप के रीजनल सचिव ओमप्रकाश गुप्ता ने विवेकानंदजी के विचारों से जीवन के विकास, नशा, मोबाइल एडिक्शन से मुक्ति एवं स्वच्छ पर्यावरण विषय पर चर्चा कर मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर संरक्षक , कार्यकारिणी सदस्य एवं प्राचार्य अग्रवाल उपस्थित थे।

### अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा कंबल वितरण

**उज्जैन।** भीषण सर्दी से बचने के लिये मकर सक्रांति के पुण्य अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के द्वारा दिनांक 13/01/2026 और 14/01/2026 को दो दिन 101 कंबल का वितरण आर्थिक रूप से कमजोर लोगो को किया गया, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियो ने सहभागिता करते हुये जरुरतमंदो को चामुण्डामाता, मंगलनाथ, सिद्धवट, सराय आदि जगह पर रात 9 से 12 तक कंबल का वितरण किया, कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्ग को सहायता प्रदान कर मानव सेवा को प्रोत्साहित करना है, क्षत्रिय महासभा के द्वारा पिछले पांच वर्षो से कंबल और वस्त्र वितरण का कार्य किया जा रहा है जिससे जरुरत मंदो को तो राहत मिलती है साथ ही समाज मे सेवा, सहयोग, और संवेदनशीलता की भावना भी बढ़ती है इस अवसर पर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष किशोर सिंह भदौरिया, प्रदेश महामंत्री नरेश सिंह भदौरिया, शिवेंद्र सिंह भदौरिया, सूंदर सिंह भदौरिया, राकेश सिंह भदौरिया, सूर्यपाल सिंह कुशवाह, मनवीर सिंह तोमर, ओम वीर सिंह भदौरिया, योगेंद्र सिंह कुशवाह, रामकिशन सिंह भदौरिया, छवि नंदन सिंह चौहान, आशीष सिंह भदौरिया सहित कई वरिष्ठजन मौजूद थे, जानकारी युवा विंग शहर अध्यक्ष अतेन्द्र सिंह तोमर ने दी है

### 60 लाख लगे 20 दुकानों का निर्माण अधुरा ,दुकानदार एवं कर्मचारी परेशान

# महीनों बीते फूड जोन का काम जस का तस, आगे सरकने को तैयार नहीं

## महापौर बोले एमआईसी में पूछा तो कोई बताने को तैयार नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नगर निगम ने 55 लाख की लागत से पुराने स्विमिंग पूल परिसर में पुराने फूड जोन की दुकानों को तोडकर नया निर्माण शुरू किया था। प्रारंभिक दौर के उपरांत निर्माण जस का तस है। निर्माण को निगम के जिम्मेदार आगे सरकाने को तैयार नहीं हैं। खास बात यह है कि नगर निगम ने पुराने किराएदारों से दुकानें खाली करवाते समय लिखकर दिया था कि इसी जगह पर नई दुकानें बनाकर दी जाएगी। ये दुकानें किसी समय में उच्चतम बोली दर पर ली गई थी। इसमें नगर निगम को ही राजस्व की हानि प्रतिमाह किराए की हो रही है।



नगर निगम ने डेढ दशक के दरमियान महापौर रामेश्वर अखंड के कार्यकाल में पुराने स्विमिंग पूल के पास खाली पडी जमीन के उद्यान को समाप्त कर वहां फूड जोन की योजना को साकार रूप दिया था। यहां उच्चतम दरों पर दुकानों का आवंटन हुआ था। 20 दुकानों के साथ यहां बच्चों के खेलने के लिए तमाम झूले चकरी भी लगाए गए थे। पुराने स्विमिंग पूल को नया इंटरनेशनल स्वरूप देकर बनाने के क्रम में फूड जोन की दुकानों को तोडकर देवास रोड की और खसकाकर बनाने के काम का भूमि पूजन 15 फरवरी 25 को मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने किया था। उसके बाद तेज गति से काम चला और करीब 60-70 प्रतिशत काम पूर्ण हो गया। पिछले कई माहों से यह काम यथा स्थिति में है। मामला एमआईसी में उठने पर जनप्रतिनिधियों को भी जानकारी नहीं मिल पा रही है कि आखिर इसका काम क्यों रोका गया है और किसके आदेश पर यह काम रोका गया है।

### तमाम स्वीकृति के बाद भी काम रूका

वर्ष 2024 में निगम के पुराने स्विमिंग पूल को तोड़कर नया इंटरनेशनल स्तर का बनाने के लिए भूमि की आवश्यकता थी। इसके चलते यहां स्थित पुराने फूड जोन की 20 दुकानों को तोड कर उसी स्थल पर आगे दुकान बनाने का ठहराव 6मार्च2024 को निगम परिषद द्वारा किया गया था। इसके बाद नगर निगम ने मुख्यमंत्री से 15फरवरी 25 को इस कार्य का भूमि पूजन करवाया गया। कार्य एमआईसी और परिषद की स्वीकृति से शुरू हुआ और करीब 60-70 प्रतिशत काम ठेकेदार ने गति से पूर्ण किया। उसके बाद यह काम सिरे से बंद ही कर दिया गया।

### फिनिशिंग बाकी-

नगर निगम के सूत्र एवं दुकानदारों का कहना है कि वर्तमान में उक्त वर्क ऑर्डर अंतर्गत 20 दुकानों का स्ट्रक्चर निर्माण कार्य होकर लगभग 60 लाख रुपए की लागत का कार्य स्थल पर हो चुका है। सिर्फ फिनिशिंग का कार्य बाकी है। पिछले 8 माह से अपरिहार्य कारणों से काम बंद पडा है।

### दुकानदार एवं कर्मचारी बेरोजगार

पूर्व से फूड जोन में 20 दुकानें उच्चदर एवं किराए पर लेने वाले दुकानदारों का कहना है कि दुकानें नहीं मिलने से उन्हें परेशानी हो रही है। उनके कर्मचारी बेरोजगार हो गए हैं। खास यह है कि कर्मचारियों को काम बदले अमानत राशि दी गई थी वह भी उन्हें वापस नहीं मिल रही है। उन्हे दोहरा नुकसान उठाना पड रहा है। 20 दुकानदारों के परिवार एवं उनके कर्मचारी डेढ साल से बेरोजगार है।

**ठेले गुमटी वाले पनपे-** दुकानदारों का कहना है कि फूड जोन की दुकानों के बनने में लगने वाली देरी की वजह से देवासरोड पृष्ठ भाग में तमाम तरह के ठेले,गुमटी एवं वाहनों में खाने-पीने की दुकानें लगती जा रही है। इससे आगामी समय में अगर उनको दुकानें बनाकर दे भी दी गई तो उनका व्यवसाय चलना मुश्किल होगा। धीरे-धीरे यहां ऐसी दुकानों की संख्या बढती चली जा रही है

# उज्जैन में पहली बार विंध्य हर्बल वन मेला होगा

### 05 दिवसीय वन मेला 12 से 16 फरवरी तक दशहरा मैदान में आयोजित होगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्य प्रदेश की धार्मिक राजधानी एवं महाकाल की नगरी उज्जैन में पहली बार विंध्य हर्बल मेले का आयोजन महाशिवरात्रि पर्व की अवधि के दौरान 12 फरवरी से 16 फरवरी 2026 तक दशहरा मैदान उज्जैन में वन विभाग के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। वन मेला का शुभारम 12 फरवरी 2026 को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कर कमलों दवारा किया जाना प्रस्तावित है।

इस मेले का उद्‌देश्य आमजन को वन, पर्यावरण, वन्यजीव संरक्षण आयुर्वेद और पांरपरिक ज्ञान, वनोपज हर्बल उत्पादों, आयुष, स्वास्थ्य, जैव विविधता एवं जनजातीय संस्कृति से जोड़ना है। मेले में मध्यप्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों के हर्बल उत्पाद, आयुर्वेदिक औषधियां, वनोपज पर आधारित हस्तशिल्प कला कृतियां आंचलिक व्यंजन प्रदर्शित किए जाएंगे। इस मेले में देश के विभिन्न राज्यों के साथ प्रदेश के जिलों में मिलने वाली जड़ी बूटिया और वनोपज लोगों को देखने व खरीदने को मिलेगी।इस संबंध में पिछले दिनों प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं प्रबंध संचालक म०प्र० राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा उज्जैन में विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया गया। जिसमें दशहरा मैदान, सेठी नगर उज्जैन, मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मंशानुरुप उपयुक्त पाए जाने पर चयनित किया गया है।उज्जैन सम्राट विक्रमादित्य की गौरवशाली राजधानी रही है। सदियों से कालगणना, ज्योतिष एवं सांस्कृतिक चेतना का वैश्विक केंद्र रहा है। इसी ऐतिहासिक विरासत के अनुरूप यह मेला जिले की पहचान और सांस्कृतिक गौरव को नई ऊँचाइयां प्रदान करेगा।

### दिव्यांगों की हुई खेलकूद प्रतियोगिता, विजेताओं को किया पुरस्कृत

# समर्थ सेवा संस्था एवं सशक्त समर्थ विकलांग सेवा शिक्षा एवं प्रशिक्षण समिति का स्थापना दिवस संपन्न

### विधायक कालूखेड़ा ने दिव्यांगों एवं मुकबधिर बच्चों को 5-5 हजार देने की घोषणा की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

समर्थ सेवा संस्था एवं सशक्त समर्थ विकलांग सेवा शिक्षा एवं प्रशिक्षण समिति उज्जैन का स्थापना दिवस एवं मकर संक्रांति पर्व मनाया गया।

उपाध्यक्ष दीपक राजवानी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अनिल जैन कालूहेडा, एवं विशेष अतिथि भाजपा नगर महामंत्री जगदीश पांचाल, नगर निगम के पूर्व सभापति सोनू गहलोत, प्रकाश चित्तौड़ा, नगर निगम में विपक्ष के नेता रवि राय, सामाजिक न्याय विभाग के सतीश सोलंकी, घनश्याम भारती, समर्थ सेवा संस्था के अध्यक्ष श्याम माहेश्वरी, सरोज अग्रवाल, संभागीय प्रेस क्लब के अध्यक्ष महेंद्र सिंह बैस, भगवान शर्मा, विक्रम चंद्रवंशी, दीपक राजवानी, चंद्रशेखर माहेश्वरी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। अध्यक्षता अध्यक्ष श्याम माहेश्वरी ने की। संचालन विठ्ठल नागर ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक अनिल जैन कालूहेडा ने दिव्यांगों की समस्या के लिए हमेशा तैयार रहने के लिए कहा। साथ ही उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित समस्त दिव्यांग एवं मुकबीर सदस्यों को पांच-पांच हजार रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। उन्होंने आश्वस्त किया कि दिव्यांगों के लिए शासन स्तर पर भवन बनवाने के लिए जो भी प्रयास करना है करेंगे। कार्यक्रम में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में समाज सेवा का कार्य करने वाले समाज सेवियों का सम्मान किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से राजेश मीणा, महाकाल थाने में पदस्थ हेड कांस्टेबल मनीष यादव शामिल रहे। कार्यक्रम में खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भगवान शर्मा, सुदेश नीमा, चंद्रशेखर माहेश्वरी, राजेंद्र शाह, रविंद्र मूले, राजेश अग्रवाल, अंबा शंकर माहेश्वरी, जयेश श्रॉफ, ओम पाटीदार, सुनील माहेश्वरी, बाबूलाल रायकवार, रीना सिंगर, राधा पाटीदार, योगेश राठौर, पीयूष वर्मा, इकबाल अंसारी, कमल प्रजापत, जितेंद्र मालवी, लता चंद्रवंशी, शीला साहू, मनोज पाल, गुलाब मालवीय, आनंद ठाकुर, दीपक सक्सेना, राजेश कनेरिया, मनोज चंद्रवंशी, रामबाबू, रुबीना मालवीय, बसंत साद, अश्वनी साहू, रामकुमार साहू, जगदीश भिलाला, सतनारायण चौधरी, कमल कौशल, धनीराम, नारायण, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन आनंद पुरोहित ने किया।

# सांदीपनी चौराहे से उदयन मार्ग चौड़ीकरण के विरोध में आज देंगे ज्ञापन

### सुबह 11 बजे लक्ष्मीनगर चौराहे पर होगा रहवासी, व्यापारियों का एकत्रिकरण, शांतिपूर्वक करेंगे विरोध

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



सांदीपनी चौराहे से उदयन मार्ग के चौड़ीकरण में रहवासियों के मकान, व्यापारियों के व्यवसाय स्थल (दुकान) एवं धर्मावलम्बियों के वर्षों पुराने मंदिरों को भी हटाया जाना प्रस्तावित है। जिसके विरोध में सभी रहवासी, व्यापारी व धमावुंजन आज 16 जनवरी को सुबह 11 बजे लक्ष्मीनगर चौराहे पर एकत्रित होकर शांतिपूर्ण विरोध करेंगे तथा चौड़ीकरण के विरूद्ध हस्ताक्षरित ज्ञापन देंगे।

ज्ञापन के माध्यम से मांग की जाएगी कि सांदीपनी चौराहे से उदयन मार्ग तक के चौड़ीकरण प्रस्ताव को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जावे क्योंकि यह मार्ग पूर्व से ही पर्याप्त चौड़ा व सुलभ है। सिंहस्थ मेले से इस क्षेत्र की दूरी लगभग 20 किलोमीटर है। आने वाले श्रद्धालुओं के आवागमन हेतु यह अत्यावश्यक नहीं है और न ही कोई घाट आदि ही है। चौड़ीकरण की वजह से इस मार्ग पर स्थित मंदिरों को अपूरणीय क्षति होगी, जिसकी पूर्ति होना संभव नहीं है। चौड़ीकरण हेतु दर्शाई गई दूरी किसी भी चौड़ी सड़क याने फोरलेन से नहीं मिलती है फलस्वरूप इस चौड़ीकरण का प्रयोजन समझ से परे है। चौड़ीकरण का यह प्रस्ताव विकास के लिए नहीं है बल्कि इससे अनावश्यक आर्थिक क्षति शासन व रहवासियों को होगी जो स्पष्ट प्रतीत होता है।

विगत 3 सिंहस्थ से इस रोड पर कोई वी.आई.पी. मूवमेंट या कोई धार्मिक, सांस्कृतिक जुलुस आदि नहीं गुजरते हैं। वर्तमान चौड़ाई पर्याप्त है। जैसा कि बताया जा रहा है कि विक्रम नगर स्टेशन पर सिंहस्थ में आने वाले यात्रियों को उतारा जावेगा तो उनके लिए कोठीरोड से सीधा देवास रोड से नदी की तरफ या मक्सीरोड से मंगलनाथ की तरफ यात्रीगण जा सकेंगे विक्रम मार्ग से होकर घंटाघर पर आने के बाद यात्रियों को पुनः परेशानी ही होगी। यह दावा भी गैर जरूरी है। विक्रम मार्ग की चौड़ाई 60 फीट से अधिक है। आवश्यकता केवल सड़क के दोनों ओर के अतिक्रमण को हटाने की है जो कि नगर निगम को करना चाहिये जिससे आवाजाही ओर सुलभ हो जावेगी। एक महत्वपूर्ण बिन्दु यह है कि चौड़ीकरण कार्य में नगर निगम अधिकारियों द्वारा भेदभाव की नीति अपनाते हुए सेंटर पाइंट की कोई स्पष्ट नीति नहीं है जिस पर संज्ञान लेना आवश्यक है। रहवासियों ने कहा कि रोजाना विभागीय कर्मचारी जैसा कि उनके द्वारा व्यक्त किया जाता है, सीमांकन या चौड़ीकरण के लिए कार्यवाही की जाती है जिससे पीड़ित

व्यक्तियों को मानसिक आघात लगता है फलस्वरूप किसी व्यक्ति की आकस्मिक मृत्यु भी हो सकती है ऐसी स्थिति में किसी भी गंभीर घटना पर जवाबदारी शासन की होगी। इन सब परिस्थितियों का सामना न करना पड़े इसलिए एक ही मांग है कि प्रस्तावित सांदीपनी चौराहे से उदयन मार्ग के चौड़ीकरण को तत्काल निरस्त किया जावे।

## खबर एक नजर...

### दूषित जल से हुई मौतों के विरोध में कांग्रेसी 17 को बैठेंगे उपवास पर

**उज्जैन।** विगत दिनों इन्दौर के भागीरथपुरा में दूषित जल से हुई मौतों और पानी की गुणवत्ता को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस एवं शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय उपवास 17 जनवरी को प्रातः 11 बजे से 4 बजे तक टॉवर चौक स्थित बाबा साहेब अंबेडकरजी की प्रतिमा के समक्ष किया जाएगा।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने बताया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी इस दौरान पीड़ितों से मिलने इन्दौर पहुचेंगे। इसी विषय को लेकर राहुल गांधी का संबोधन का सीधा प्रसारण भी उपवास स्थल पर होगा। जिलाध्यक्ष महेश परमार ने शहर एवं जिले के सभी वरिष्ठ कांग्रेस जन, सेवा दल, महिला कांग्रेस, युथ कांग्रेस, एन एस यू आई, ब्लॉक अध्यक्ष, ब्लॉक प्रभारी, आई टी सेल, सभी पार्षद गण, सभी प्रकोष्ठ, मंडलम, सेक्टर अध्यक्ष, सहित समस्त उजार्वान कार्यकताओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

### आर्य समाज मंदिर पर मकर संक्रांति पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया

**बड़नगर।** प्रकाश , वृद्धि एवं ऊर्जा से भरपूर हमारे सभी के जीवन में उत्तरायण हो क्योंकि यह त्यौहार एक है पर इसके नाम अलग अलग है जैसे उत्तर भारत में मकर संक्रांति, पंजाब में लोहड़ी, गुजरात में उत्तरायण, तमिलनाडु में पोंगल, बंगाल में पौष संक्रांति, केरल में मकर विलक्कु, असम में माघ बिहू या भोगालीबिहू, बिहार में सकरात या खिचड़ी, महाराष्ट्र में गुड तिल देकर गोड बोलो कहने की परंपरा है। उक्त विचार व्यक्त करते हुए पंडित नाथूलाल शर्मा के आचार्य व्रत में स्थानीय आर्य समाज मंदिर में मकर संक्रांति पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। जिसमें मुख्य जजमान मनीष एवं श्रीमती निर्जला, साथ ही दिनेश भाटी, माणक लाल राठौड़, राजेंद्र शर्मा, जमनालाल जाट , रजत भाटी उपस्थित रहे। जानकारी धर्मेंद्र शर्मा द्वारा दी गई।

### दादा गुरु श्री मत्स्येंद्रनाथ समाधि पर चादर चढ़ाकर की गई महाआरती

**उज्जैन।** मकर संक्राति के पावन पर्व पर गढ़कालिका रोड स्थित दादा गुरु श्री मत्स्येंद्रनाथ जी की समाधि पर धार्मिक उल्लास और श्रद्धा का भव्य दृश्य देखने को मिला। इस अवसर पर श्री योगी बाबा बमबम नाथ सेवा समिति द्वारा चार दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रथम दिन समाधि स्थल पर महायज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें देश के सुख-समृद्धि एवं सनातन धर्म के संरक्षण व प्रसार की कामना की गई। मकर संक्राति के अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। धर्मेंद्र जोशी एवं शशिकांत टाक ने जानकारी देते हुए बताया कि मकर संक्राति पर विशाल चल समारोह निकाला गया जो महाकाल मंदिर से प्रारंभ हुआ। चल समारोह में गुरु महाराज माथे पर चादर लेकर अग्रिम पंक्ति में चल रहे थे। यह यात्रा महाकाल मंदिर से प्रारंभ होकर पिपली नाका चौराहा होते हुए दादा गुरु श्री मत्स्येंद्रनाथ समाधि स्थल पहुंची, जहां गुरु समाधि पर चादर चढ़ाई गई एवं भव्य महाआरती की गई।

# यूथ रेड क्रॉस सेवा सप्ताह का आयोजन, 212 छात्राओं एवं महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय, उज्जैन में रेड क्रॉस समिति के तत्वाधान में यूथ रेड क्रॉस सेवा सप्ताह का आयोजन किया गया। यह आयोजन समिति संयोजक डॉ. अंजना बुंदेला एवं सहसंयोजक श्रीमती मोनिका परमार के संयुक्त संयोजन में संपन्न हुआ। सेवा सप्ताह के अंतर्गत छात्राओं में सेवा, सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक जागरूकता के उद्देश्य से विविध गतिविधियाँ आयोजित की गईं।




सेवा सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने आयोजन समिति एवं छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सेवा के साथ-साथ सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं जागरूकता भी अत्यंत आवश्यक है। इस प्रकार के आयोजन छात्राओं में आत्मविश्वास, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं।

सेवा सप्ताह के प्रथम दिवस स्वामी विवेकानंद के जीवन, उनके विचारों एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 15 छात्राओं ने सहभागिता की। प्रतियोगिता में प्रियंका कुमारी ने प्रथम, सलोनी ने द्वितीय तथा रचिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

द्वितीय दिवस स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रियंका कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

तृतीय दिवस ह्यस्वच्छ राष्ट्र, स्वस्थ समाजह्न अभियान के अंतर्गत स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय की एनएसएस प्रभारी डॉ. मीरा यादव ने छात्राओं को स्वच्छता का महत्व बताते हुए प्रेरक संदेश दिया। चतुर्थ दिवस स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन पर व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के डॉ. मनीष परमार ने सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किया। पंचम दिवस नशा मुक्ति अभियान एवं स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत जन-जागरूकता रैली निकाली गई। इस अवसर पर पूर्व एनएसएस प्रभारी डॉ. कविता जैन ने छात्राओं को संबोधित करते हुए नशा मुक्त समाज की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

षष्ठम दिवस सेवा, स्वास्थ्य एवं मानवीय मूल्यों विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें रेड क्रॉस समिति की संयोजक डॉ. अंजना बुंदेला ने छात्राओं को संबोधित किया। अपने व्याख्यान में उन्होंने रेड क्रॉस के उद्देश्यों, सेवा भावना, आपदा प्रबंधन एवं समाज के प्रति युवाओं की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला।

सेवा सप्ताह के समापन अवसर पर इंदौर स्थित मेदांता फाउंडेशन के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मेदांता ग्रुप के चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, संतुलित आहार एवं विभिन्न बीमारियों में आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी गई।

#### श्मशान भूमि शोध संस्थान द्वारा मकर संक्रांति पर दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

## स्वर्गीय अग्निवेश अग्रवाल की स्मृति में मूक प्राणी सेवा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मकर संक्रांति के पावन अवसर पर उज्जैन की पवित्र भूमि पर एक भावुक और मानवीय आयोजन ने सभी को करुणा की भावना से जोड़ दिया। वेदांता ग्रुप के स्वर्गीय श्री अग्निवेश अग्रवाल (सुपुत्र श्री अनिल अग्रवाल) की पुण्य आत्मा की शांति, सद्गति एवं मोक्ष की कामना हेतु श्मशान भूमि शोध संस्थान, उज्जैन द्वारा त्रिवेणी नवग्रह शनि मंदिर में विशेष मूक प्राणी सेवा कार्य का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मूक प्राणियों को पौष्टिक भोजन वितरित किया गया, जो दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि के रूप में समर्पित था।



यह आयोजन न केवल शोकाकुल परिवार के लिए संबल का माध्यम बना, बल्कि समाज में मानवीय मूल्यों और जीव-दया की भावना को मजबूत करने का प्रतीक भी सिद्ध हुआ। दोपहर 3 बजे संस्थान के कार्यालय पर स्वर्गीय अग्निवेश अग्रवाल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जहां उपस्थित जनसमूह ने गहन शोक संवेदना व्यक्त की। शाम को क्षिप्रा नदी के राम घाट स्थित 68/84 पिशाच मुक्तेश्वर महादेव मंदिर में आत्मा की शांति हेतु विशेष पूजा-अभिषेक संपन्न हुआ, जिसमें संस्थान के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी और स्थानीय निवासी शामिल हुए।

श्मशान भूमि शोध संस्थान के संस्थापक रामनरेश शुक्ला ने इस अवसर पर भावुक होते हुए कहा, ह्यइस गहन शोक की घड़ी में हमारी संस्था पूर्ण करुणा, आत्मीयता और संवेदना के साथ परिवार के दुख में सहभागी है। हम वर्षों से मानव सेवा, सामाजिक उत्थान तथा जीवन की अंतिम यात्रा को सम्मान, गरिमा एवं शांति प्रदान करने के पवित्र उद्देश्य से कार्यरत हैं। श्मशान घाटों के निर्माण, विकास एवं संरक्षण जैसे कार्यों में हमारा समर्पण अटूट है। आज का यह कार्यक्रम दिवंगत आत्मा की स्मृति में जीव-कल्याण का एक छोटा सा प्रयास है, जो हमें मानवीय दायित्व की याद दिलाता है।

### उर्वरक वितरण की नई योजना के द्वारा पहली बारग्राम बीरगोधा रणधीर से उर्वरक वितरण

**बडनगर।** कृषि वर्ष 2026 में कलेक्टर के उपसंचालक कृषि के मार्गदर्शन में चल रहे कृषि रथ में ई टोकन के माध्यम से आज बड़नगर तहसील के कृषक केसर सिंह दयाराम ग्राम पीरझलार को सेवा सहकारी समिति द्वारा जनपद उपाध्यक्ष अजब सिंह देवड़ा एवं सरपंच राहुल यादव की उपस्थिति में खाद वितरण किया गया। कृषि रथ के माध्यम से प्रत्येक पंचायत में ई टोकन प्रणाली से उर्वरक वितरण, बारे में जानकारी दी जा रही है। इसी तारतम्य में आज कृषि रथ पीरझलार पहुंचा एवं कृषकों को कृषि से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर उदय कुमार अग्निहोत्री, सहित अंकुश गुप्ता, चंदन पटेल, नरेंद्र सांवले, शानू पांडे, संदीप कावलियां, चेतन पटेल, गोकुल वर्मा उपस्थित रहे।

#### गीता भवन में 173वा नेत्र शिविर हुआ

## शिविर में 135 रोगियों का नेत्र परिक्षण कर 42 को मोतियाबिंद ऑपरेषन हेतु मक्सी भेजा गया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़नगर

गीता भवन में 173वा नेत्र शिविर मुरलीधर कृपा हॉस्पिटल मक्सी व मुख्य अतिथि अयोध्या बाई देवड़ा के सोजन्य से संपन्न हुवा। सर्वप्रथम अतिथि विजय पटेल, योगेश विश्वकर्मा, प्रदीप भावसार द्वारा द्विप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।



संस्था अध्यक्ष हरिकिशन मेलवाणी द्वारा अतिथियों के स्वागत भाषण के साथ संस्था संबंधी जानकारी दी गई। ट्रस्टी विनोद मकवाना, सुभाष गुप्ते, प. विनोद शास्त्री व सदस्यगणों द्वारा अतिथियो का स्वागत शाल श्रीफल व प्रतिक चिन्ह देकर किया गया। शिविर में 135 रोगियों का निःशुल्क नेत्र परिक्षण डॉ. विजय पटेल व उनकी टिम द्वारा 42 रोगियों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु मक्सी भेजा गया। डॉ. प्रवेश सोनी द्वारा 45 सामान्य रोगियों का होम्योपैथिक उपचार किया गया व 22 रोगियों को पाईल्स, पथरी, साइटिका की दवाई निःशुल्क दी गई। डॉ. विनोद शास्त्री व डॉ. मोडीराम दोराया द्वारा बी.पी., शुगर की जाँच की गई। उक्त कार्यक्रम में रमेश राठौड़ मण्डी, दिलिप पंचाक्षरी, राजेन्द्र कोशल, राजेन्द्र राठौड़, प्रेम खीची, विजय सेन ने अपनी सेवाऐ दी। कार्यक्रम का संचालन ललीत व आभार सुभाष गुप्ते ने माना। जानकारी संजय कुमावत द्वारा दी गई।

## भारत मुक्ति मोर्चा ने धरना देकर राष्ट्रपति के नाम दिया ज्ञापन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भारत मुक्ति मोर्चा द्वारा तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन की परमिशन रद्द करने का विरोध लगातार किया जा रहा है। दूसरे चरण में भारत मुक्ति मोर्चा ने कोठी पैलेस स्थित सुबह 11:00 बजे से 3:00 बजे तक धरना देकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।



धरना समापन के बाद प्रशासनिक संकुल भवन स्थित पहुंचे जहां पर ओबीसी की जाति आधारित जनगणना को लेकर संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के उद्देश्य से महामहिम राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन भारत मुक्ति महिला मोर्चा एवं बहुजन मुक्ति पार्टी की अध्यक्ष आयु. गंगा मालवीय के नेतृत्व में सौंपा गया। संगठन का आरोप है कि बालियात्रा लोअर ग्राउंड, कटक (ओडिशा) में प्रस्तावित था, जो ओबीसी (पिछड़ा वर्ग) की जाति आधारित जनगणना के समर्थन में आयोजित किया जाना था। संगठन की ओर से अधिवेशन के लिए ओडिशा जिलाधिकारी, कटक महानगर पुलिस प्रशासन एवं संबंधित विभागों से सभी आवश्यक अनुमतियां दो माह पूर्व ही विधिसम्मत रूप से प्राप्त कर ली गई थीं। इसके बावजूद सरकार द्वारा अधिवेशन की अनुमति रद्द कर दी गई।

मुकेश मालवीय ने जानकारी देते हुए बताया कि ज्ञापन में प्रमुख रूप से मांग की गई है कि बामसेफ एवं भारत मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अधिवेशन की अनुमति तत्काल प्रभाव से पुनः बहाल की जाए। साथ ही अधिवेशन रद्द होने से संगठन व डेलीगेट्स को हुए आर्थिक नुकसान की भरपाई की जाए। भविष्य में किसी भी संगठन के संवैधानिक, सामाजिक एवं वैचारिक कार्यक्रमों को राजनीतिक दबाव में रोकने की परंपरा समाप्त करने तथा लोकतांत्रिक अधिकारों की सुरक्षा हेतु स्वतंत्र कानून बनाए जाने की मांग भी रखी गई। अध्यक्ष आयु. गंगा मालवीय ने कहा कि ओबीसी की जाति आधारित जनगणना के मुद्दे को दबाने की साजिशों की न्यायिक जांच कराई जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो। उन्होंने आरोप लगाया कि ओडिशा की राज्य सरकार संविधान की शपथ लेकर सत्ता में आने के बावजूद उसका उल्लंघन कर रही है और जनता के मौलिक अधिकारों का लगातार हनन किया जा रहा है।

## खबर एक नजर...

### पुरानी पाइप लाइन फूटी, तीन दिन से लगातार बह रहा हजारों गैलन पानी

**उज्जैन।** फ्रीगंज ब्रिज के पास बन रहे नए ओवरब्रिज के लिए पोल गाड़ने को खोदे गए गड्ढे ने निर्माण एजेंसी की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। गड्ढा खोदते समय पुरानी डायरेक्ट पाइपलाइन फूट गई। इससे तीन दिन से हजारों गैलन पानी व्यर्थ बह रहा है। सबसे बड़ी परेशानी यह है कि नगर निगम की पीएचई टीम और रेलवे अफसरों को जानकारी नहीं कि लाइन कहां से जुड़ी है और इसका वॉल कहां से बंद होगा। दोनों विभागों के कर्मचारी सुधार में जुटे हैं, लेकिन सफलता नहीं मिली। कर्मचारियों ने बताया कि यह पाइपलाइन करीब 60-70 साल पुरानी है। तब के कर्मचारी अब नहीं हैं। इस कारण इसकी कनेक्टिविटी की जानकारी किसी के पास नहीं है। लाइन करीब 7-8 फीट गहराई में है। पानी खाली करे बिना सुधार मुश्किल है। ब्रिज के पोल खड़े करने वाली कंपनी को भी तीन दिन से काम रोकना पड़ा है।

ट्रैक्टर का इंजन लगाया फिर भी पानी खत्म नहीं हुआ : मरम्मत के लिए पानी में उतरकर मशक्कत कर रहे निगम पीएचई के कर्मचारियों ने बताया इस गड्ढे से पानी ही खत्म नहीं हो रहा, क्योंकि जो लाइन फूटी है, वह बड़ी लाइन है और 24 घंटे चालू रहती है। ट्रैक्टर का इंजन चालू कर गड्ढे का पानी खत्म करने का भी प्रयास किया, लेकिन पाइपलाइन से इतना ज्यादा पानी बाहर निकल रहा है कि इंजन से खाली नहीं हो सका। जल्द मरम्मत करवाएंगे : पीएचई के ईई वैभव भावसार ने कहा क्षेत्र में पाइपलाइन शिफ्टिंग का काम चल रहा है। जो पाइपलाइन फूटी उसकी जानकारी लेंगे और जल्द से मरम्मत करवाकर व्यर्थ बह रहा पानी रोकेंगे।

### खत्री अरोड़वंशीय समाज, पंजाबी महिला विकास समिति ने मनाया लोहड़ी पर्व



**उज्जैन।** खत्री अरोड़वंशीय समाज एवं पंजाबी महिला विकास समिति द्वारा लोहड़ी पर्व धूमधाम से मनाया गया। लोहड़ी को प्रज्वलित कर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए।

समाज के संरक्षक अश्विन नरूला, समाज के अध्यक्ष अजय जुल्का, महासचिव भूषण खुल्लर, कोषाध्यक्ष रंजन सूरी व समाज के वरिष्ठ सुभाष अरोरा, राकेश ढांड, अमित जुल्का, पंजाबी महिला विकास समिति की अध्यक्ष शुभ्रा जुल्का, सचिव ऋतु टण्डन, वरिष्ठ सीमा छाबड़ा, सलूजा मेडम, मंजू कपिल, मीना खत्री, मीना खुल्लर आदि ने लोहड़ी प्रज्वलित की। संचालन ऋषि अरोरा एवं पूनम जुल्का द्वारा किया गया। आस्था गार्डन में आयोजित कार्यक्रम के संयोजक हंसा नरूला, ईशा सहगल, विपुल सहगल और तुषार कालरा थे। समारोह में अजय खत्री, दीपक भोला, राजीव कक्कड़, शशी अरोरा, चंदन गेरा सहित बड़ी संख्या में समाजजन कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### सुहाग के लिए दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य की कामना कर, विश्व शांति के लिए की लाल लोई की परिक्रमा

# सिंधी समाज ने उज्जैन में पहली बार सामूहिक रूप से मनाया लाल लोई त्यौहार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

राष्ट्रीय सिन्धी भाषा विकास परिषद नई दिल्ली के सहयोग से सिन्धी समाज ने लाल लोई का त्यौहार उज्जैन में पहली बार सामूहिक रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाया।

उज्जैन अब्दालपुरा स्थित संत लीला शाह कान्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि दिव्या बलवानी पार्षद, मुरलीधर कोटवानी, प्राचार्य राजकुमारी खेमचंदानी, महेश गंगवानी, जवाहर सनमुखानी, दीपक बेलानी आदि ने लाल लोई का पूजन कर अग्नि प्रज्वलित की। इस अवसर पर पंजाबी समाज से ज्ञानी चरण सिंह गिल, जस्सी कौर गिल का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। अतिथियों का स्वागत



कशिश शितलानी, वीर कुमार मामनानी, प्रिया अनिरुद्ध बियाणी, उषा शेवारामानी ने किया। इस पावन अवसर पर प्रसिद्ध भजन सम्राट सुंदर लालवानी एंड म्यूजिकल पार्टी द्वारा लाल लोई के भजनों पर पूरा समाज झूम उठा एवं एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं। लाल लोई का पूजन सुनील सीतलानी, जयेश खेमचंदानी, रमेश गजरानी, घनश्याम पेशवानी, नरेश मूलचंदानी, कमल मोटवानी, नीतू बालवानी, भारती खेमचंदानी, निशा राम चंदानी, भारती-सुरेश सनमुखानी द्वारा सुहाग हेतु दीर्घायु उत्तम स्वास्थ्य एवं विश्व शांति हेतु लाल लोई की परिक्रमा की गई। लाल लोई में नारियल, मुरमुरे, ज्वार, तिल्ली, रेवड़ी गजक एवं गुलाब के फूलों को अर्पित किया गया। यह एक सनातनी परंपरा है जिससे प्रत्येक परिवार में सुख शांति और समृद्धि प्राप्त होती है। मकर संक्रांति से लाल लोई एवं सूर्य भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए मंगल कामनाएँ की जाती है, मंगल गीत गाये जाते हैं। नव विवाहित युगल एवं नवजात शिशुओं को मुख्य रूप से लाल लोई की परिक्रमा करवाई जाती है। कार्यक्रम में बेस्ट कपल हेतु लक्ष्मी-भगवान शेवाणी, नेहा-हीरालाल मोटवानी नीलम- श्रीकांत माखीजानी, लता - जगदीश जीवनानी को सम्मानित किया गया। अशोक हरपलानी, झामनदास सहितानी, मुकेश शेवारामानी, विनोद लुल्ला, बिंदिया बालवानी प्रेरणा पमवानी, लता मूलचंदानी, मोना डूसेजा, राजेश नाथानी, किशन लाल पुर्सवानी, भूमि मूलचंदानी, विशेष रूप से उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री का किया भव्य स्वागत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

गोला मंडी स्थित देवगुरु श्री बृहस्पति का ऐतिहासिक मंदिर वर्षों पुरानी आस्था का केंद्र है। जहां पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अपनी पत्नी सीमा यादव के साथ मंदिर पहुंचकर भगवान बृहस्पति के दर्शन किए तथा विधिवत पूजा-अर्चना एवं अभिषेक किया। इसके पश्चात आरती संपन्न हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भगवान बृहस्पति से प्रदेश की सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की। पूजा-अर्चना मंदिर के पंडित आलोक गुरु द्वारा संपन्न कराई गई। रोहित मित्तल ने जानकारी देते हुए बताया कि मंदिर आगमन पर रोहित मित्र मंडल एवं गोला मंडी परिवार द्वारा ढोल-नगाड़ों के साथ मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को मिठाई खिलाकर उनकी शादी की सालगिरह की शुभकामनाएं भी दी गईं। श्रद्धालुओं और कार्यकर्ताओं में मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला इस अवसर पर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, संजय अग्रवाल, रवि सोलंकी सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

### सीएम ने किया भगवान का पूजन, बोले- भोपाल की तरह उज्जैन में भी लगेगा वन मेला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

संक्रांति पर्व से श्री महाकाल लोक में पांच दिवसीय महाकाल महोत्सव की शुरूआत हुई। आयोजन 18 जनवरी तक महाकाल महालोक एवं त्रिवेणी संग्रहालय में किया जा रहा है। पहले दिन सीएम डॉ. मोहन यादव ने महाकाल महोत्सव का विधिवत शुभारंभ किया। डॉ. यादव ने शुभारंभ अवसर पर कहा कि मध्य प्रदेश में दो ज्योतिर्लिंग हैं। यहां कई लोक बन रहे हैं। उज्जैन में अब तक श्रावण महोत्सव होता था। गुड़ी पड़वा से हमने तीन महीने चलने वाला उत्सव शुरू किया, जिसमें इस बार भी वाहनों पर ग्वालियर की मेले की तरह छूट मिलती रहेगी। भोपाल में लगने वाला वन सम्पदा का वन मेला की तरह अब उज्जैन में भी वन मेला लगेगा। अगली बार 25 जनवरी को आऊंगा, उस दिन हरिफाटक ब्रिज को सिक्स लेन करने, स्पोर्ट्स कांप्लेक्स, सिंहस्थ बायपास की रोड का भूमि पूजन सहित सुबह होने वाले राहगीरी कार्यक्रम में भी शामिल होऊंगा।

# 151 ब्राह्मण द्वारा मां शिप्रा की आराधना की गई



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

श्री अवंतिका महाकाल युवा तीर्थ पुरोहित समिति रामघाट अध्यक्ष अजय जोशी कुंड वाला गुरु और समस्त सदस्य की ओर से मां शिप्रा जी का दूध अभिषेक कर खिचड़ी और लड्डू का वितरण किया गया। 151 ब्राह्मण द्वारा मां शिप्रा की आराधना की गई।

इस अवसर पर विशेष अतिथि प्रेमानंदजी महाराज अर्जी वाले हनुमान, पीठाधीश स्वामी कृष्ण गिरीजी, मंडल महामंत्री आशीष जादौन, युवा नेता मदन यादव, तीर्थ पुरोहित मनीष डब्बावाला, तीर्थ पुरोहित राकेश जोशी कुंड वाला गुरु, वरिष्ठ तीर्थ पुरोहित संजय जोशी कुंड वाला गुरु, राहुल जोशी नाना गुरु, मनीष जोशी, कृष्ण जोशी, उज्जवल जोशी, अशोक श्रीवास्तव, नित्यानंद पंडित, अमृतेश त्रिवेदी, अंकित पोरवाल, सुशील शेट्टी, पुरोहित योगेश हाडा, सोम जोशी, पंडित मुकेश शर्मा मौजूद रहे। सभी ने मां शिप्रा का पूजन अभिषेक कर मकर संक्रांति की सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी, सभी के मंगल की कामना की। साथ ही सनातन धर्म की जय हो विश्व का कल्याण हो का उद्घोष किया। शिप्रा माता का सभी नदियों में तिल भर बड़ी होने के कारण विशेष महत्व है और तिल के लड्डू का वितरण कई सालों से वितरण किया जा रहा है। सभी धार्मिक जनता ने प्रसाद का लाभ लिया।

### स्वदेशी के उपयोग के साथ स्वदेशी अपनाने का आवाहन

**उज्जैन।** ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान अंतर्गत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद एवं स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में विकासखंड महिदपुर जिला उज्जैन के ग्राम चिरमिया में कार्यक्रम आयोजित किया गया। नवांकुर संस्था बेलखेड़ा उदय भारती द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर नवांकुर संस्था समिति एवं सेक्टर क्रमांक एक महिदपुर की प्रस्फुटन समितियां उपस्थिति रही।

# अचिंत सामाजिक संस्था ने की अनुकरणीय सेवा

### जरूरतमंद परिवारों को गर्म कंबल एवं तिली के लड्डू भेंट किए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मकर संक्रांति के पावन पर्व पर अचिंत सामाजिक संस्था ने एक बार फिर समाजसेवा की मिसाल पेश करते हुए गरीब एवं मध्यम वर्गीय जरूरतमंद परिवारों को गर्म कंबल एवं तिली के लड्डू भेंट किए। संस्था द्वारा समय-समय पर किए जाने वाले सेवाभावी कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और मानवीय संवेदनाओं को मजबूत करते हैं।

इस सेवा कार्य का नेतृत्व संस्था की अध्यक्ष नीलू वर्मा ने किया, जिनका समाज के प्रति समर्पण, सेवा भावना और निरंतर सक्रियता प्रशंसनीय है। उनके कुशल मार्गदर्शन में संस्था की पूरी टीम निस्वार्थ भाव से जनसेवा में लगी रहती है। मकर संक्रांति के अवसर पर अचिंत सामाजिक संस्था की टीम सबसे पहले मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित रेन बसेरा, गाड़ी अड्डा पहुँची। यहाँ उन लोगों का निवास है जिनका इस दुनिया में कोई सहारा नहीं है। नगर निगम द्वारा संचालित इस रेन बसेरा में निर्धन एवं निराश्रित व्यक्तियों को निशुल्क भोजन, पेयजल, शौचालय, रात्रि विश्राम की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। यह रेन बसेरा वास्तव में गरीब और बेसहारा लोगों के लिए एक सशक्त सहारा बनकर कार्य कर रहा है। रेन बसेरा की उत्कृष्ट व्यवस्था का संचालन पंकज सेठिया, संस्था ओम साई विजन के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अत्यंत सुव्यवस्थित ढंग से किया जा रहा है। उनके कुशल प्रबंधन में हर वर्ग का जरूरतमंद व्यक्ति यहाँ आकर सम्मानपूर्वक विश्राम कर सकता है। रेन बसेरा के बारे में जानकारी मिलने पर अचिंत सामाजिक संस्था ने भी निस्वार्थ सेवा में अपनी भूमिका निभाते हुए वहाँ निवासरत जरूरतमंदों को गर्म सोल भेंट की। इसके पश्चात संस्था द्वारा अगर नाका पेट्रोल पंप के सामने स्थित गरीब झुग्गी बस्ती में भी कंबल एवं तिली के लड्डू वितरित किए गए। इस अवसर पर रेन बसेरा में एयूएलएम से पंकज सेठिया, संस्था ओम साई विजन से प्रोजेक्ट मैनेजर अरुण पटेल एवं उनकी टीम उपस्थित रही। उनके मार्गदर्शन में अचिंत सामाजिक संस्था द्वारा यह सेवा कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अचिंत सामाजिक संस्था एवं अध्यक्ष नीलू वर्मा द्वारा किया गया यह प्रयास न केवल जरूरतमंदों को राहत पहुँचाने वाला है, बल्कि समाज के अन्य लोगों को भी सेवा और सहयोग के लिए प्रेरित करने वाला है।

### कार्तिक मेला ग्राउंड पर गणतंत्र दिवस का आयोजन

**उज्जैन।** उज्जैन में पहली बार दशहरा मैदान की जगह कार्तिक मेला ग्राउंड पर होगा गणतंत्र दिवस का मुख्य आयोजन। रंगारंग कार्यक्रम के साथ ही परेड भी मेला ग्राउंड में आयोजित होगी। सीएम डॉ. मोहन यादव ध्वजारोहण कर सकते है। 11 दिन बाद राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस मनाया जाएगा। प्रति वर्ष दशहरा मैदान में मनाया जाने वाले कार्यक्रम के लिए तैयारी चल रही थी। जिसमे पुलिस स्काउट होमगार्ड और स्कूली बच्चे तैयारी में लगे थे। लेकिन गुरुवार को भोपाल जाते समय सीएम ने अपनी मंशा अनुसार इस बार कार्यक्रम कार्तिक मेला ग्राउंड में करने की योजना पर काम करने को कहा। सीएम की मंशा के बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है।

# व्यापारी-हम्माल विवाद में पिसा किसान, आक्रोशित किसानों ने किया चक्काजाम, मंडी में क्रय विक्रय बंद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

स्थानीय कृषि उपज मंडी इन दिनों अव्यवस्थाओं और आपसी विवादों का केंद्र बनी हुई है। व्यापारियों और हमालों के बीच शुरू हुआ एक मामूली विवाद अब इतना बढ़ गया है कि इसका खामियाजा निर्दोष किसानों को भुगतना पड़ रहा है। गुरुवार को मंडी में नीलामी कार्य पूरी तरह ठप रहने से नाराज किसानों ने मंडी के बाहर सड़क पर उतरकर चक्काजाम कर दिया। दूसरी ओर मंडी सचिव ने आगामी सूचना तक मंडी में क्रय विक्रय बन्द करने की सूचना जारी कर दी।

जानकारी के अनुसार, दो दिन पहले 13 जनवरी को मंडी परिसर में व्यापारियों और हमालों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई और मामला पुलिस तक पहुँच गया। इस गतिरोध के चलते व्यापारियों ने नीलामी में भाग नहीं लिया और हम्मालों ने भी काम नहीं किया। जिससे मंडी की गतिविधियाँ रुक गईं।



बताया गया है कि मकर संक्रांति जैसे बड़े त्यौहार के समय दूर-दराज से अपनी उपज लेकर आए सैकड़ों किसान पिछले तीन दिनों से मंडी में फंसे हुए हैं। किसानों का कहना है कि मंडी बंद होने के कारण किसानों को दो से चार दिनों तक यहीं डेरा डालना पड़ रहा है, जिससे उनका रहने-खाने का खर्च बढ़ रहा है। प्याज और लहसुन जैसी फसलें रखे-रखे खराब हो रही हैं।

गुरुवार दोपहर तक जब नीलामी शुरू नहीं हुई, तो किसानों के सब्र का बांध टूट गया। उन्होंने मंडी के मुख्य गेट के बाहर रास्ता जाम कर दिया। प्रदर्शनकारी किसानों का कहना था कि व्यापारियों और हम्मालों की व्यक्तिगत लड़ाई के कारण किसानों को परेशान करना गलत है। किसानों ने मांग की कि कम से कम जो माल मंडी के अंदर आ चुका है, उसकी नीलामी तुरंत कराई जाए।

चक्काजाम और बढ़ते तनाव को देखते हुए प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। व्यापारियों और हम्मालों के बीच लंबी चर्चा के बाद सहमति बनी। प्रशासन ने किसानों को आश्वासन दिया कि दोप. सवा तीन बजे से मंडी चालू कर दी जाएगी लेकिन शाम तक मंडी चालू नहीं हो पाई।

मंडी सचिव पर्वत सिंह ने सूचना जारी कर कहा कि व्यापारी एवं ल हम्माल के मध्य विवाद से उत्पन्न स्थिति के कारण दशपुर मण्डी व्यापारी संघ मंदसौर एवं दशपुर मण्डी हम्माल संघ मंदसौर के बीच आपसी सामंजस्य नहीं होने से मण्डी प्रांगण में आई कृषि उपज का विक्रय नहीं हो पाया हैं। मण्डी समिति तथा पुलिस प्रशासन द्वारा हर संभव प्रयास करने के बाद भी उभय पक्षों के मध्य सहमति नहीं बन पाई हैं।अतः कानून व्यवस्था एवं लोक हित को ध्यान में रखते हुये समस्त कृत्यकारियों को एत्द द्वारा सूचित किया जाता हैं कि आगामी आदेश (सूचना प्रसारित होने) तक मण्डी प्रांगण में क्रय-विक्रय का कार्य बंद रहेगा। कोई भी कृषक बंधु अपनी कृषि उपज मण्डी प्रांगण मंदसौर में विक्रय हेतु नहीं लावें।

# समाज की प्रतिभाओं को संवारना हम सभी का दायित्व- उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा

### जीनगर समाज के महासंगम में 161 रिश्तों की उम्मीद और 111 प्रतिभाओं में भरा जोश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर



जीनगर शिक्षा जागृति मंच एवं समाज उत्थान समिति द्वारा स्थानीय कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में निःशुल्क विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा थे।

श्री देवड़ा ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में योग्य जीवनसाथी की तलाश एक बड़ी चुनौती है। ऐसे में परिचय सम्मेलन समाज की महत्वपूर्ण आवश्यकता बन गए हैं। उन्होंने कहा, जब हम नेक कार्य करते हैं, तो ईश्वरीय शक्तियां भी सहायता करती हैं। समाज को कुरीतियों का त्याग कर शिक्षा और विकास की नई इबारत लिखनी होगी।

मंच के अध्यक्ष अनिल सांखला ने बताया कि इस ऐतिहासिक आयोजन में देशभर के 53 शहरों से समाजजन एकत्रित हुए। 161 युवक-युवतियों ने मंच से अपना परिचय दिया। समाज के कुल 111 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया, जिनमें ७ सेवानिवृत्त अधिकारी, 12 नवनियुक्त शासकीय कर्मचारी और शैक्षणिक क्षेत्र (10वीं, 12वीं, स्नातक, मेडिकल, इंजीनियरिंग) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राएं शामिल थे। गणेश सोनगरा परिवार की ओर से विगत तीन वर्षों के टॉपर्स को 1100-1100 रुपये की नगद राशि और शील्ड प्रदान की गई।

मंच संयोजक गणेश सोनगरा ने कहा कि विगत वर्षों में जिन बच्चों का इस मंच से सम्मान हुआ था वह प्रतिभाएं आज विभिन्न शासकीय पदों पर नियुक्त हुई है, उन्हरअपनी मेहनत लगन से अपने मुकाम को पाया है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि श्रीमती रेणु देवड़ा के आह्वान पर उन बच्चों के माता-पिता ने भी मंच पर आकर परिचय दिया, जो स्वयं उपस्थित नहीं हो पाए थे। महिला जागृति पर श्रीमती किरण सोनगरा ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन और कु. गुंजन सांखला के नृत्य के साथ हुआ। मंच पर बाबूलाल सोनगरा, गोपाल पंवार, हुकुमचंद आसेरी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। आयोजन समिति के सदस्यों ने अतिथियों का साफा, पगड़ी और प्रतीक चिन्ह भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। मंच के सचिव राजकुमार पंवार आभार व्यक्त किया।

## पंजाबी समाज द्वारा लोहड़ी पर्व उत्साह के साथ मनाया

**नीमच।** नीमच पंजाबी समाज द्वारा लोहड़ी पर्व का आयोजन रोटरी हॉल में पारंपरिक उल्लास और सामाजिक एकजुटता के साथ किया गया। इस अवसर पर समाज के संरक्षक जिनके मार्गदर्शन और योगदान से समाज को एक नई ऊर्जा मिली। लोहडी पर्व की शुरूआत विधिवत पूजा. अर्चना के साथ अशोक अरोरा गंगानगर ने की। अग्नि प्रज्वलन के साथ पर्व का शुभारंभ हुआ, जिसमें समाज के सभी वर्गों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस दौरान अरुल अरोरा ने अपने पूज्य दादाजी स्व. कश्मीरीलाल अरोरा की स्मृति में पंजाबी समाज नीमच को मांगलिक भवन हेतु भूमि दान किए जाने पर समाज ने कृतज्ञता व्यक्त की। इस अनुकरणीय सामाजिक योगदान को समाज की भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बताया गया ! कार्यक्रम के दौरान पंजाबी समाज नीमच की ओर से श्री अशोक अरोरा गंगानगर को अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। समाज के अध्यक्ष संतोष पंजाबी, सचिव दिनेश गुलाटी सहित पदाधिकारियों ने उनके इस पुण्य कार्य को समाज के लिए ऐतिहासिक बताया।

मंच पर संतोष पंजाबी एवं रोचिराम छाबड़ा ने उन्हें अभिनंदन पत्र सौंपा। इससे पूर्व आयोजित सांस्कृतिक कार्यक मों में बच्चों से लेकर वरिष्ठ समाजजनों तक ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। सभी प्रतिभागियों को समाज की ओर से पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इसके पश्चात सहभोज का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम में हरीश छाबड़ा, नितिन हसीजा, मोहन दुआ, हरीश दुआ, दर्शनसिंह गांधी, मुकेश कालरा, सतीश पंजाबी, सुरेश गुलाटी, जयकुमार ढींगरा, रवि दुआ, अरुण ढींगराएअनिल गुलाटी सहित बड़ी स ंख्या में सभी समाजजन उपस्थित रहे।

# श्री तीन छत्री बालाजी धाम में सम्पन्न हुआ तुलसी-शालिग्राम का दिव्य विवाह

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

स्थानीय खानपुरा स्थित श्री तीन छत्री बालाजी धाम में पांच दिवसीय भव्य त्तुलसी-शालिग्राम विवाह महोत्सवज श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ।



विवाह की रस्में पूर्णतः वैदिक परंपराओं के अनुसार निभाई गईं। भगवान शालिग्राम की बारात ग्राम बर्डिया (जिला प्रतापगढ़) से महंत प्रयागदास जी महाराज के सानिध्य में प्रस्थान कर मंदसौर के पुराने बस स्टैंड स्थित अग्रवाल धर्मशाला पहुँची। इसके पश्चात बड़े बालाजी मंदिर से महंत 108 श्री रामकिशोर दास जी महाराज के नेतृत्व में भव्य वरनिकासी (बारात) निकाली गई। मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर बारात का भव्य स्वागत किया गया। वरनिकासी के तीन छत्री बालाजी धाम पहुँचने पर भगवान ने तोरण मारने की रस्म अदा की। इसके बाद तिलक, चिढ़ी, मामेरा और सगाई की रस्में उत्साहपूर्वक संपन्न हुईं। डॉ. कपिलेश दवे व नागेश्वर सोनी ने कन्यादान किया। किन्नर गुरु अनिता दीदी, अंकित नंदकिशोर माहेश्वरी परिवार द्वारा मामेरा की रस्म पूर्ण की गई। भक्तजनों ने भी बढ़चढ़ कर कन्यादान मे सामग्री दी। अग्नि के फेरों के पश्चात भगवान का विधि-विधान से विवाह संपन्न हुआ और अंत में विशाल महाप्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की। इस आयोजन में मुख्य रूप से पं. दशरथभाई जी, पं. विष्णु शर्मा, सांसद सुधीर गुप्ता, विधायक विपिन जैन, भाजपा जिला उपाध्यक्ष गौरव अग्रवाल, अरविंद सारस्वत, शहर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष इष्टा भाचावत, सोमिल नाहटा सहित बड़ी संख्या में भक्त सम्मिलित हुए।



## बोल बम सेवा समिति ने गौशाला में भेंट की कुर्सियां

**पिपलिया मंडी।** स्थानीय महावीर गौशाला गुड़भेली बड़ी में बोलबम सेवा समिति द्वारा आमजन के बैठने हेतु कुसीयों की घोषणा करी थी, इसी के मुताबिक ठीक दुसरे दिन ही बोलबम सेवा समिति प्रमुख किशोर रोचानी नगर परिषद पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र भारद्वाज,पूर्व पार्षद मन्नालाल राठौर, मांगीलाल राठौर, गुड्डा बापू ने गौशाला में कुसीयां भेंट कर दी। गौशाला समिति ने बोलबम सेवा समिति को धन्यवाद ज्ञापित कर हार्दिक आभार माना।

## मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में दरिद्र नारायण को करवाया भोज

**नीमच।** बुधवार को मकर संक्रान्ति पर्व पर नीमच मित्र मंडल ने फोर जीरो चौराहे के सामने गोविंदम वस्त्रालय, पीपल के पेड़ के नीचे समिति के अध्यक्ष विमल सरावगी के निर्देशन मे सभी सदस्यों ने दरिद्र नारायण को अपने हाथो से देशी घी से बना हुआ स्वादिष्ट भोजन करवाया। वही इस अवसर पर नीमच के लोकप्रिय विधायक दिलीपसिंह परिहार ने सहभागिता कर सेवा कार्य किया। भाजपा जिलाध्यक्ष वंदना खंडेलवाल, एवं नीमच नगरपालिका अध्यक्ष स्वाती गौरव चौपडा का समिति के सदस्यों ने स्वागत किया। संघ के प्रमुख प्रहलाद राय गर्ग दडोली वाले, सतीश खंडेलवाल, अनील जैन इसअवसर पर समाजसेवी अशोक अरोरा गंगानगर ने भी सहभागिता कर सेवा कार्य कियाद्य उनके साथ बार एसोशिएशन के अध्यक्ष मनीष जोशी एवं विक्रम जी पंडित मौजूद थे। भोजन प्रातः 11 बजे से शुरू होकर दोपहर ४ बजे तक चलता रहा। इस अवसर पर मित्र मण्डल के सदस्य सुरेंद्र सेठी, ओमप्रकाश मंत्री, राजेंद्र अग्रवाल, सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी लोगों ने दरिद्र नारायण को भोज में सहयोग किया।

## दूषित जल से हुई मौतों के विरोध में कांग्रेसी 17 जन. को बैठेंगे उपवास पर

**नीमच।** विगत दिनों इन्दौर के भागीरथपुरा में दूषित जल से हुई मौतों और पानी की गुणवत्ता को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस एवं शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय उपवास 17 जनवरी को प्रातः 22 बजे से 4 बजे तक टॉवर चौक स्थित बाबा साहेब अंबेडकरजी की प्रतिमा के समक्ष किया जाएगा। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने बताया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी इस दौरान पीड़ितों से मिलने इन्दौर पहुंचेंगे। इसी विषय को लेकर राहुल गांधी का संबोधन का सीधा प्रसारण भी उपवास स्थल पर होगा। जिलाध्यक्ष महेश परमार ने शहर एवं जिले के सभी वरिष्ठ कांग्रेस जन, सेवा दल, महिला कांग्रेस, युथ कांग्रेस, एन एस यू आई, ब्लॉक अध्यक्ष, ब्लॉक प्रभारी, आई टी सेल, सभी पार्षद गण, सभी प्रकोष्ठ, मंडलम, सेक्टर अध्यक्ष, सहित समस्त उजावान कार्यकताओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

## मनरेगा में बदलाव व दूषित जल त्रासदी के खिलाफ कांग्रेस का 17 को मौन उपवास

**मन्दसौर।** केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना के स्वरूप में किए जा रहे बदलावों और इंदौर में हुई दूषित पानी त्रासदी के विरोध में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर कल 17 जनवरी को मंदसौर में उपवास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह प्रदर्शन प्रातः 11 बजे स्थानीय गांधी चौराहा स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष होगा। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का नाम बदलने और काम के अधिकार को कमजोर करने के प्रयासों का पुरजोर विरोध किया जाएगा। वहीं इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी के कारण हुई जनहानि और सैकड़ों लोगों के बीमार होने की घटना पर कांग्रेस आक्रोश व्यक्त करेगी। साथ ही, मंदसौर शहर में भी पानी की गिरती गुणवत्ता और प्रशासन की कथित लापरवाही के खिलाफ आवाज उठाई जाएगी।

## जिला पंचायत साधारण सभा 27 जनवरी को

मन्दसौर। जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन द्वारा बताया गया कि जिला पंचायत की साधारण सभा की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार की अध्यक्षता में 27 जनवरी को दोपहर 1 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित होगी।

# उत्तराखंड में फिल्म की शूटिंग कर रहीं वायरल गर्ल मोनालिसा

प्रयागराज महाकुंभ में रुद्राक्ष की माला बेचते हुए सोशल मीडिया पर छा जाने वाली वायरल गर्ल मोनालिसा आज अपनी जिंदगी के सबसे बड़े सपने को जी रही हैं। कभी मेले में माला बेचने वाली मोनालिसा अब बॉलीवुड की दुनिया में कदम रख चुकी हैं और इन दिनों उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में अपनी डेब्यू फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' की शूटिंग में व्यस्त हैं। देहरादून के ऐतिहासिक और प्राकृतिक रूप से समृद्ध खलंगा के जंगलों में फिल्म की शूटिंग चल रही है। कैमरों के बीच मोनालिसा का उत्साह साफ नजर आता है। वह कहती हैं कि कभी-कभी उन्हें खुद पर यकीन नहीं होता कि एक साधारण सी जिंदगी से निकलकर वह यहां तक पहुंच गई हैं। उनके लिए यह सब किसी खूबसूरत सपने जैसा है, जिसे वह पूरी ईमानदारी से जी रही हैं।

**मैं बदली नहीं हूं- मोनालिसाः** मोनालिसा का कहना है कि लोग सोचते हैं कि वह बदल गई हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। जिन लोगों के साथ वह पहले रुद्राक्ष की माला बेचती थीं, उनसे आज भी उनका रिश्ता वैसा ही है। उनके लिए असली हीरो उनके माता-पिता हैं। उनका सपना है कि वह मेहनत से पैसे कमाकर अपने गांव में एक स्कूल खोलें, ताकि दूसरे बच्चों को आगे बढ़ने का मौका मिल सके। देहरादून की खूबसूरती को देखकर वह कहती हैं कि अगर जंगल इतने सुंदर हैं, तो यहां के लोग भी जरूर दिल के अच्छे होंगे।

**पिता का समर्थन बना ताकतः** मोनालिसा के पिता जय भोंसले बेटी की इस उड़ान से बेहद खुश हैं। उनका कहना है कि शुरूआत में परिवार ने काफी सोचा, लेकिन जब उन्होंने मोनालिसा को कमरे में अकेले दरवाजा बंद कर डायलॉग्स की प्रैक्टिस करते देखा, तब तय कर लिया कि अगर वह कुछ करना चाहती है तो पूरा परिवार उसके साथ खड़ा रहेगा। जय भोंसले साफ कहते हैं कि फिल्मी दुनिया में कदम रखने के बाद भी वे रुद्राक्ष बेचना कभी नहीं छोड़ेंगे। मेले-मेले जाकर माला बेचना उनकी पहचान है और वह इसे हमेशा जारी रखेंगे।

**बोलीं- ये सब एक सपने जैसा, यहां के लोग दिल के अच्छे**



- **फिल्म अंतिम चरण में:** फिल्म के निर्देशक सनोज मिश्रा के मुताबिक, 'द डायरी ऑफ मणिपुर' एक संवेदनशील और सामाजिक विषय पर आधारित फिल्म है, जो मणिपुर में हुए सामाजिक तनाव और हिंसा की पृष्ठभूमि को दर्शाती है। कहानी एक युवती के संघर्ष, उसके डर, साहस और सच्चाई को सामने लाती है। फिल्म की शूटिंग उत्तराखंड के देहरादून, मसूरी, विकासनगर सहित कई खूबसूरत लोकेशनों पर की जा चुकी है। अभी करीब एक सप्ताह का शूट बाकी है, जिसके बाद पोस्ट प्रोडक्शन का काम शुरू होगा। फिल्म अप्रैल 2026 में रिलीज होने की तैयारी में है।
- गौरतलब है कि बीते रविवार को देहरादून में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने फिल्म का पहला पोस्टर जारी कर दिया है, जिससे फिल्म को लेकर दर्शकों में उत्सुकता और बढ़ गई है। हेलिकॉप्टर से शूटिंग करते हुए मोनालिसा के सीन भी चर्चा में हैं।
- **20 करोड़ का बजट, दमदार कास्टः** करीब 20 करोड़ रुपए के बजट में बन रही इस फिल्म को कंटेंट-ड्रिवन सिनेमा माना जा रहा है। फिल्म में मोनालिसा एक आर्मी मैन की बेटी के किरदार में नजर आएंगी। उनके साथ अभिनेता अभिषेक त्रिपाठी, नागेश मिश्र, राजकुमार राव के भाई अमित राव और स्थानीय कलाकार विष्णु दुबे अहम भूमिकाओं में हैं। मेकर्स का मानना है कि यह फिल्म पहले बड़े पर्दे पर रिलीज होनी चाहिए, ताकि इसकी संवेदनशीलता और असर दर्शकों तक पूरी गहराई से पहुंचे। बात दें निर्देशक सनोज मिश्रा अबतक 18 फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं।
- **कहानी जो सिर्फ फिल्म नहीं, दस्तावेज- सनोजः** 'द डायरी ऑफ मणिपुर' को डॉयरेक्टर एक मनोरंजन फिल्म से ज्यादा एक सामाजिक दस्तावेज मानते हैं, जो एक दौर और एक सच्चाई को दर्ज करने की कोशिश करती है। महाकुंभ की भीड़ से निकलकर देहरादून के जंगलों तक पहुंची मोनालिसा की यह कहानी आज हजारों युवाओं के लिए प्रेरणा बन रही है। साधारण शुरुआत से असाधारण मुकाम तक का यह सफर अब बड़े पर्दे पर देखने को मिलेगा।



## अश्लील कमेंट्स से विवादों में घिरे यो यो हनी सिंह

### दिल्ली में हुआ था कॉन्सर्ट, सिंगर जस्सी बोले- माता-पिता इसे रोकें, वर्ना आगे बढ़ जाएगा

मशहूर सिंगर-रैपर यो यो हनी सिंह अब नए विवाद में घिर गए हैं। 2 दिन पहले दिल्ली कॉन्सर्ट में स्टेज से उन्होंने ठंड के बहाने खुलेआम अश्लील बातें करनी शुरू कर दीं। इस दौरान फैंस उनका वीडियो बनाते रहे और वह युवाओं को अश्लीलता के लिए उकसाते रहे।

वीडियो वायरल होने के बाद पंजाबी सिंगर जसबीर जस्सी भड़क गए। उन्होंने वीडियो जारी कर कहा- यो यो हनी सिंह ने सभी हदें पार कर दी। मैं इसके बारे में कहना नहीं चाहता था लेकिन इसने सभी सीमाएं लांघ दी इसलिए कहना पड़ा। यह फिर से शुरू हो गया है और अब यह रुकने वाला नहीं है। जस्सी ने कहा कि मेरी हनी सिंह के माता पिता व बहन से अपील है कि आप लोगों के कहने से यह रुक सकता है नहीं तो यह आगे बढ़ता जाएगा और इससे एक गलत मैसेज चला जाएगा। हालांकि विवाद बढ़ने पर हनी सिंह ने माफी मांग ली। हनी सिंह इससे पहले भी गानों में अश्लील डांस और शब्दों को लेकर विवादों में रह चुके हैं। हालांकि 2014 से 2018 तक वो म्यूजिक इंडस्ट्री से गायब रहे। फिर उन्होंने इसकी वजह डिप्रेशन, एंग्जाइटी व मानसिक परेशानी बताई थी। कुछ दिन पहले ही हनी सिंह के एक पुराने गीत को लेकर जालंधर के भाजपा नेता ने डीजीपी को शिकायत भी भेजी थी। जिसमें उन्होंने हनी सिंह के गाने में अश्लील डांस और बिकिनी गर्ल्स को लेकर कड़ा एतराज जताया था।

**पहले दी गाली, फिर अश्लील बातें करने लगेः** 14 जनवरी की रात को कड़ाके की ठंड में यो-यो हनी सिंह का कॉन्सर्ट था। बड़ी गिनती में लोग वहां पहुंचे थे और हनी सिंह गा रहे थे। इसी बीच वो रुके और फिर दिल्ली की ठंड का जिक्र करने लगे। हनी सिंह ने इसकी शुरूआत गाली के साथ की। युवाओं को पहले समझ नहीं आया और वो हूटिंग करने लगे।



## वक्त बुरा हो या अच्छा, एक दिन बदलता जरूर है

### तारा सुतारिया से ब्रेकअप के दावों के बीच वीर पहाड़िया की क्रिप्टिक पोस्ट

एक्ट्रेस तारा सुतारिया से ब्रेकअप के दावे को लेकर एक्टर वीर पहाड़िया इन दिनों चर्चा में हैं। बुधवार को एक्टर ने एक ऐड शूट की कुछ तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों के साथ उन्होंने एक क्रिप्टिक कैप्शन भी लिखा।

वीर ने कैप्शन में लिखा था, वक्त बुरा हो या अच्छा, एक न एक दिन बदलता जरूर है...

दरअसल, हाल ही में वेबसाइट फिल्मफेयर ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि दोनों का रिश्ता खत्म हो गया है। सूत्रों के हवाले से दावा किया गया कि दोनों ने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया है। हालांकि, ब्रेकअप की वजह क्या है, यह साफ नहीं हो पाया है। तारा और वीर, दोनों ने अभी तक इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

वहीं, तारा से ब्रेकअप के दावों के बीच वीर पहाड़िया दो बार ही सार्वजनिक रूप से नजर आए हैं और दोनों बार वह तारा के साथ नजर नहीं आए। वीर मंगलवार को मुंबई में नूपुर सेनन और स्टेबिन बेन के वेडिंग रिसेप्शन में अकेले शामिल हुए थे।

वहीं, इसके पहले 10 जनवरी को वीर को मुंबई के कलिना एयरपोर्ट पर देखा गया। वह अपने भाई शिखर पहाड़िया और एक्ट्रेस जान्हवी कपूर के साथ नजर आए थे। बता दें कि तारा और वीर की डेटिंग की शुरूआत साल 2025 की शुरूआत में हुई थी। दोनों को कई बार निजी जगहों पर साथ देखा गया था। इसके बाद उनके रिश्ते को लेकर चचाएं तेज हो गई थीं। मार्च 2025 में दोनों ने एक फैशन इवेंट में साथ शिरकत की थी। इसके अलावा गणेश चतुर्थी के मौके पर भी दोनों साथ नजर आए थे। हाल ही में तारा और वीर दोनों चर्चा में थे। दरअसल, दिसंबर 2025 के अंत में मुंबई में हुए एपी ढिल्लों के एक कॉन्सर्ट का एक वीडियो वायरल हुआ था। इस वीडियो में तारा स्टेज पर सिंगर के साथ नजर आई थीं। तारा और एपी ने कॉन्सर्ट में साथ परफॉर्म किया।

# 'सणे सरपंच सारा पिंड कुट दूं' सॉन्ग से जान का खतरा हुआ

**विवाद के बाद भी लाइन नहीं हटाई**

**गुलाब सिद्धू, सिद्धू मूसेवाला के दोस्त रहे**



पंजाबी सिंगर गुलाब सिद्धू एक बार फिर चर्चा में हैं। कभी सिद्धू मूसेवाला के करीबी रहे गुलाब सिद्दू के जट्टा लव यू सॉन्ग ने उनके कई दुश्मन खड़े कर दिए हैं। सोमवार को उनकी हत्या की साजिश रचने के आरोप में पुलिस ने 3 लोगों को अरेस्ट किया। बता दें कि गुलाब सिद्धू ने सरपंचों की धमकी के बाद भी अपने गीत से विवादित लाइन नहीं हटाई। इस गीत को 2 महीने में 10 लाख व्यू मिल चुके हैं। गुलाब सिद्धू पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री में कई बार कन्ट्रोवर्सी में घिर चुके हैं। मगर, 8 साल के करियर में ये उनकी पहली बड़ी कॉन्ट्रोवर्सी है। पहले वह सिद्धू मूसेवाला के करीबी रहे। उनके साथ 22-22 कैंहदी दुनिया सॉन्ग किया। सिद्धू मूसेवाला की हत्या से पहले उनकी दोस्ती टूट गई थी। हत्या के बाद गुलाब सिद्धू पर भी उंगली उठी और गैंगस्टर लॉरेंस से संबंधी होने के आरोप लगे।

बरनाला के फरवाही गांव में जन्मे 32 साल के सिद्धू को पारले जी खा के नीं दिमाग चल दे गीत से फेम मिला था। फेम मिलने के बाद गुलाब सिद्धू कई बार विवादों से घिरे। आइए जानते हैं गुलाब सिद्धू से जुड़े विवादों के बारे में...

**2 साल में सरपंची पर दूसरा कटाक्ष-** सिंगर गुलाब सिद्धू का सरपंची को लेकर 1 साल पहले भी सॉन्ग रिलीज हुआ था। इसमें उन्होंने सरपंची 40 लाख रुपए में मिलने की बात कही थी। वीडियो में सरपंच का चुनाव जीतने के लिए सरेआम पैसे बांटते हुए दिखाया गया था। हालांकि उस समय गीत पर कोई कॉन्ट्रोवर्सी नहीं हुई थी। इस गीत का टाइटल भी सरपंची था। अभी जिस गीत की लाइनों पर विवाद हो रहा है, उसका टाइटल लव यू जट्टा है। इस गीत के बीच में गुलाब सिद्धू कहते हैं 'सणे सरपंच सारा पिंड कुट दूं' (तेरे पीछे में सरपंचों को पीट सकता हूं)।

**लुधियाना के जंग ढिल्लों ने लिखा है गीत-** गुलाब सिद्धू के लव यू जट्टा टाइटल गीत को लुधियाना के जंग ढिल्लों ने लिखा है। सारे गीत में हथियारों को प्रमोट किया गया है। गीत की पहली लाइन ही...तेरी गुत्त जेड़ा कद मेरी 12 बोर दा...से हुई है। इस गीत को 2 महीने में 10 लाख व्यूज मिल चुके हैं।

**वादे के बाद भी गीत से नहीं हटीं विवादित लाइनें-** तेरे पीछे सारे सरपंच कुट दूं...पर विवाद होने के बाद गुलाब सिद्धू ने माफी मांगने के बाद कहा था कि गीत की विवादित लाइनों को या तो हटा देंगे या फिर म्यूट कर देंगे। मगर, यूट्यूब पर चल रहे गीत में अभी भी ये लाइनें मौजूद हैं। गुलाब सिद्धू सार्वजनिक मंच से कई बार लाइनों को म्यूट करवाने की बात कह चुके हैं।

**सिंगर गुलाब सिद्धू से जुड़े विवाद... सरपंची सॉन्ग से सरपंच हो गए नाराजः** गुलाब सिद्धू के साथ नई कॉन्ट्रोवर्सी अक्तूबर 2025 में रिलीज हुए उनके गीत सरपंची से शुरू हुई। इस गीत की एक लाइन में गुलाब कहते हैं कि सणे सरपंच सारा पिंड कुट दूं (मेरा बस चले तो तेरे गांव के सरपंच सहित सारा गांव ही पीट दूं)। इस लाइन को लेकर पंजाब के सरपंचों ने एतराज जताया। सरपंचों ने कहा कि गुलाब सिद्धू ने माफी नहीं मांगी तो पूरे पंजाब में वह जहां भी जाएंगे, सरपंच उनका विरोध करेंगे और स्टेज नहीं लगने देंगे।

**इंस्टा पर वीडियो अपलोड कर मांगी माफीः** गुलाब सिद्धू ने विवाद बढ़ने के बाद इंस्टाग्राम पर एक वीडियो अपलोड किया। इसमें उन्होंने सरपंचों से माफी मांगी। सिद्धू ने कहा- सतश्री अकाल जी, मैं आपका अपना गुलाब सिद्धू। जैसा कि आपको पता है कि हमारा एक गीत आया है, जिसमें सरपंचों को एक लाइन अच्छी नहीं लगी। मैं बताना चाहता हूं कि ये लाइन हमने एंटरटेन के लिए गाई थी। फिर भी अगर किसी को ये लाइन ठीक नहीं लगी तो मैं माफी मांगता हूं। मैं आपका बच्चा हूं। मुझे अपना बच्चा समझकर माफ करना।



**सिद्धू मूसेवाला के साथ दोस्ती टूटीः** गुलाब सिद्धू और सिद्धू मूसेवाला की दोस्ती गहरी थी। 2020 में दोनों ने 22-22 कैंहदी दुनिया गीत में कोलेबोरेशन किया था। इसके बाद गुलाब सिद्धू कि किसी बात को लेकर सिद्धू मूसेवाला से दोस्ती टूट गई। हालांकि इसे सार्वजनिक नहीं किया गया कि दोनों के बीच क्या हुआ था। सिद्धू मूसेवाला के मर्डर के बाद कई कलाकारों पर आरोप लगे। गुलाब सिद्ध के नाम को गैंगस्टर लॉरेंस के साथ जोड़ा गया। मगर, गुलाब सिद्धू ने सब आरोपों को नकारा है।

**खन्ना में दशहरे पर लोगों ने स्टेज से उताराः** 2025 में दशहरे के मौके पर खन्ना में गुलाब सिद्धू का कॉन्सर्ट था। इसमें लोगों ने उन्हें गाने से रोक दिया। स्टेज पर आने के बाद गुलाब सिद्धू ने अभी एक-दो गीत भी नहीं गाए थे कि लोग स्टेज पर आ गए और उनको उतरने के लिए कहा। काफी देर तक स्थिति तनावपूर्ण बनी रही। इस मौके पर कई लोग गायक गुलाब सिद्धू को रोककर उन्हें स्टेज से उतारते हुए भी नजर आए।

## एपी ढिल्लों ने शेयर कीं सलमान और धोनी संग तस्वीरें

# पनवेल फार्महाउस में कीचड़ भरी ऑफ-रोड ड्राइव करते दिखे तीनों

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

सिंगर एपी ढिल्लों ने बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान और पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के साथ मंगलवार को इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं।

हिंदुस्तान टाइम्स के अनुसार, एपी ढिल्लों द्वारा शेयर की गई तस्वीरें सलमान खान के पनवेल स्थित फार्महाउस की हैं। इन तस्वीरों में तीनों कीचड़ भरी ऑफ-रोड ड्राइव का इंजॉय करते नजर आए।

एक तस्वीर में एपी, सलमान और धोनी एक-दूसरे के कंधों पर हाथ रखे मुस्कुराते दिखे, हालांकि उनके कपड़े मिट्टी से सने हुए थे।

एपी ने एक वीडियो भी शेयर किया, जिसमें वो फार्महाउस में ऑल-टेरेन व्हीकल (एटीवी) चला रहे थे।

उनकी पोस्ट में दुर्घटना के बाद एटीवी फंसा हुआ दिखाई दिया। इस घटना को हल्के-फुल्के अंदाज में लेते हुए उन्होंने कैप्शन लिखा- आपको क्या लगता है, इसे किसने क्रैश किया?

एपी की इस पोस्ट ने सोशल मीडिया पर लोगों का ध्यान खींचा। कई फैंस ने तीनों की इस शानदार जोड़ी की जमकर तारीफ की, वहीं कुछ लोगों ने मजाक में कहा कि ये तस्वीरें इतनी अवास्तविक लगती हैं कि शायद आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से बनाई गई हों।

एक यूजर ने लिखा, तीन भाई तीनों तबाही। दूसरे ने लिखा, ऐसा कोलैब जिसकी हमने कभी उम्मीद नहीं की थी। कुछ यूजर्स ने तो एपी ढिल्लों से एआई का प्रॉम्प्ट तक पूछ लिया।

यह पहली बार नहीं है जब एपी ढिल्लों और सलमान खान साथ नजर आए हों। इससे पहले सलमान खान, एपी ढिल्लों के म्यूजिक वीडियो ओल्ड मनी में उनके भाई की भूमिका में दिखाई दे चुके हैं। इस वीडियो में संजय दत्त भी नजर आए थे।





## बांग्लादेशी क्रिकेटर्स का बीसीबी डायरेक्टर को अल्टीमेटम




### दोपहर तक इस्तीफा दो, वरना सभी फॉर्मेट का बायकॉट करेंगे, खिलाड़ियों का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे

ब्रह्मास्त्र ›› ढाका

क्रिकेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ बांग्लादेश ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के डायरेक्टर एम नजमुल इस्लाम को अल्टीमेटम दिया है कि अगर दोपहर 1 बजे तक वे अपने पद से इस्तीफा नहीं देते हैं, तो खिलाड़ी क्रिकेट के सभी फॉर्मेट का बायकॉट करेंगे। अल्टीमेटम यह है कि उन्हें बांग्लादेश प्रीमियर लीग मैच से पहले पद छोड़ना होगा, जो स्थानीय समय के अनुसार दोपहर 1 बजे शुरू होगा।

हालांकि, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने डायरेक्टर एम नजमुल इस्लाम के विवादित कमेंट पर अफसोस जताया है। बोर्ड ने एक बयान में कहा कि ये कमेंट बोर्ड के ऑफिशियल रुख को नहीं दिखाते हैं। बोर्ड ने खिलाड़ियों का अपमान करने या बांग्लादेश क्रिकेट की साख को नुकसान पहुंचाने वाले व्यवहार के लिए डिसिप्लिनरी एक्शन की चेतावनी दी है।

जब इकबाल ने इंडियन प्रीमियर लीग के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स टीम से बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को रिलीज किए जाने के कारण दोनों देशों के बीच क्रिकेट संबंधों में मौजूदा तनाव को सुलझाने के लिए बातचीत का आह्वान किया था, तब नजमुल ने भारतीय एजेंट कहकर उनका मजाक उड़ाया था। 16 दिसंबर को आईपीएल मिनी ऑक्शन में कोलकाता नाइट राइडर्स ने बांग्लादेशी गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को 9.20 करोड़ रुपए में खरीदा था। इसके बाद बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या के कारण भारत में मुस्तफिजुर का विरोध होने लगा।

## टी-20 वर्ल्डकप- बांग्लादेश के मैच पाकिस्तान में कराने की पेशकश

### पीसीबी ने आईसीसी से संपर्क किया, बांग्लादेश भारत में खेलने से मना कर चुका है

ब्रह्मास्त्र ›› इस्लामाबाद

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने 2026 टी-20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश के मैच पाकिस्तान में आयोजित कराने की पेशकश इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल के सामने रखी है।

पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट जियो न्यूज के अनुसार, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए भारत में खेलने से इनकार कर दिया है और अपने मैच श्रीलंका में कराने की मांग की है। इसके बाद पीसीबी ने आईसीसी को सूचित किया कि यदि श्रीलंका में मैच कराना संभव नहीं हो पाता है, तो पाकिस्तान अपने स्टेडियम बांग्लादेश के मैचों के लिए उपलब्ध करा सकता है। हालांकि, इस पूरे मामले पर अब तक न तो पीसीबी और न ही आईसीसी की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी किया गया है।

**क्या है पूरा विवाद-** 16 दिसंबर को हुए आईपीएल मिनी ऑक्शन में कोलकाता नाइट राइडर्स ने बांग्लादेशी तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को 9.20 करोड़ रुपये में खरीदा था। इसके बाद बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या की घटनाओं को लेकर भारत में मुस्तफिजुर के खिलाफ विरोध शुरू हो गया। अब तक वहां छह हिंदुओं की हत्या की जा चुकी है।

इसके बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने मुस्तफिजुर को आईपीएल खेलने की अनुमति नहीं दी, जिसके चलते 3



जनवरी को केकेआर ने उन्हें टीम से रिलीज कर दिया।

**बांग्लादेश ने आईपीएल प्रसारण पर लगाया बैन-** केकेआर द्वारा मुस्तफिजुर को रिलीज किए जाने के बाद बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड और वहां की सरकार ने आईपीएल के प्रसारण पर प्रतिबंध लगा दिया। इसके साथ ही बांग्लादेश ने भारत में टी-20 वर्ल्ड कप के मैच खेलने से भी इनकार कर दिया और वेन्यू बदलने की मांग को लेकर कठउ को ई-मेल भेजा।

**ग्रुप-सी में है बांग्लादेश-** टी-20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश को ग्रुप-सी में रखा गया है। टीम 7 फरवरी को वेस्टइंडीज, 9 फरवरी को इटली और 14 फरवरी को इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबला करेगी। ये तीनों मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में खेले जाने हैं। इसके अलावा, बांग्लादेश का आखिरी ग्रुप स्टेज मैच 17 फरवरी को मुंबई में नेपाल के खिलाफ निर्धारित है।

## विराट कोहली 5 साल बाद नंबर-1 वनडे बल्लेबाज बने



### रोहित शर्मा आईसीसी रैंकिंग में तीसरे नंबर पर फिसले, टॉप-10 में 4 भारतीय बैटर

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

दिग्गज भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली 5 साल बाद आईसीसी वनडे रैंकिंग में नंबर-1 बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इस पोजिशन से भारत के ही रोहित शर्मा को पीछे छोड़ दिया है। बुधवार को जारी रैंकिंग में रोहित अब नंबर-3 वनडे बल्लेबाज हैं। उन्हें दो स्थान का नुकसान हुआ है।

विराट ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में 93 रन की पारी खेली थी, इसका उन्हें सीधा फायदा मिला। उनके अब 785 रेटिंग पॉइंट्स हो गए हैं। विराट जुलाई 2021 के बाद पहली बार और ओवरऑल अपने करियर में 11वीं बार नंबर-1 वनडे बल्लेबाज बने हैं। पिछले हफ्ते वे नंबर-2 पर थे। न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल को भी एक स्थान का फायदा मिला है। वे अब 784 की रेटिंग के साथ नंबर दो पर हैं। यानी पहले और दूसरे नंबर के बल्लेबाज के बीच केवल एक ही रेटिंग अंक का अंतर है। विराट 825 दिन तक नंबर-1 स्पॉट पर रहे विराट ने अक्टूबर 2013 में पहली बार टॉप रैंकिंग हासिल की थी।


**लोन... लोन... लोन...**
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

**आवश्यकता है**
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है। B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्क: राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

**फार्म हाउस**
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

**आवश्यकता**
में. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

**खरीदना है**
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547

अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
**श्री गोपाल हाड़ वैद्य**
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चोंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

**भूमि बेचना है**
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं- 7999080798, 7999512383, 7987874500

**बेचना है**
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

**किराए से देना है**
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पताः 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल: 9425056656 9111175000

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

अब गर्भ में पल रहे

## बच्चे को भी मिलेगा स्वास्थ्य बीमा का लाभ




ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

गर्भावस्था के दौरान अब सिर्फ मां ही नहीं, बल्कि गर्भ में पल रहे शिशु की चिकित्सकीय जरूरतों को भी बीमा सुरक्षा मिल सकेगी। बजाज जनरल इंश्योरेंस ने एक नई स्वास्थ्य बीमा पहल शुरू की है, जिसका उद्देश्य उच्च जोखिम वाली गर्भावस्थाओं और गर्भ में होने वाली जटिल चिकित्सकीय प्रक्रियाओं से जुड़े आर्थिक बोझ को कम करना है।

अब गर्भ में पल रहे बच्चे को भी स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिलेगा। बजाज जनरल इंश्योरेंस ने फीटल फ्लोरिश नामक बीमा पॉलिसी पेश की है।?यह भ्रूण स्वास्थ्य बीमा है, जिसका प्रीमियम 1,025 रुपये है। इसे गर्भाशय में होने वाली प्रक्रियाओं, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्थाओं व उन्नत भ्रूण प्रक्रियाओं के लिए बनाया गया है। इसके तहत 18 से 45 वर्ष की आयु की महिलाओं के लिए गर्भाशय में होने वाली 16 विशेष प्रक्रियाओं को कवर किया जाएगा।

यह पॉलिसी प्रमुख उत्पादों माई हेल्थ केयर प्लान और हेल्थ गार्ड के साथ उपलब्ध है। फीटल फ्लोरिश प्रसवपूर्व देखभाल की जरूरतों को पूरा करने के लिए चिकित्सा विशेषज्ञता और बीमा डिजाइन को एक साथ लाती है। यह पॉलिसी गर्भ के अंदर अजन्मे बच्चे की सुरक्षा पर केंद्रित है। अब तक समर्पित बीमा योजना के अभाव में इन प्रक्रियाओं का पूरा खर्च परिवारों को ही उठाना पड़ता था। बजाज जनरल इंश्योरेंस के एमडी-सीईओ डॉ. तपन सिंघल ने कहा, गर्भावस्था हर परिवार के लिए बेहद निजी यात्रा होती है, जो आशा, उम्मीद और बच्चे के सर्वोत्तम हित की कामना से भरी होती है। भ्रूण देखभाल में प्रगति ने जल्द हस्तक्षेप करना संभव बना दिया है, लेकिन वित्तीय बोझ अनुभव को और भी कठिन बना सकता है। यह पेशकश हमारे इस विश्वास को दशार्ती है कि देखभाल और सुरक्षा जीवन के शुरूआती चरण से ही शुरू होनी चाहिए।

नए श्रम कानून का असर, 2.2 फीसदी घटा इन्फोसिस का लाभ

# बजाज मोबिलिटी 500 लोगों की करेगी छंटनी

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

देश में नए श्रम कानूनों के लागू होने से 1,289 करोड़ रुपये के एकमुश्त असाधारण नुकसान से आईटी कंपनी इन्फोसिस का चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में मुनाफा दो फीसदी घटकर 6,654 करोड़ रुपये रह गया। इस सप्ताह की शुरूआत में टीसीएस ने भी 2,128 करोड़ रुपये के असर की बात कही थी। एचसीएल टेक ने 719 करोड़ रुपये का एकमुश्त प्रावधान किया। इन्फोसिस ने बुधवार को जारी वित्तीय नतीजों में कहा, दिसंबर तिमाही में राजस्व 8.89 फीसदी बढ़कर 45,479 करोड़ रुपये रह गया। साथ ही, कंपनी ने पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के लिए राजस्व वृद्धि अनुमान को स्थिर मुद्रा में बढ़ाकर 3-3.5 फीसदी कर दिया है। कंपनी के सीईओ एवं एमडी सलिल पारेख ने कहा, ग्राहक तेजी से इन्फोसिस को अपने एआई पार्टनर के रूप में देख रहे हैं। हमारे पास एआई में विशेषज्ञता, नवाचार क्षमताएं और मजबूत डिलीवरी साख है। कंपनी ने हाल में 18,000 करोड़ रुपये का अपना अब तक का सबसे बड़ा बायबैक भी पूरा किया। तिमाही के दौरान कुल कर्मचारियों की संख्या 5,043 बढ़कर 3,37,034 पहुंच गई।

**आईओसी और बीपीसीएल ने अबूधाबी में खोजे तेल भंडार–** इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) और भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. यानी बीपीसीएल अबू धाबी के एक तटवर्ती ब्लॉक में तेल भंडार की खोज की हैं। इससे उनके विदेशी अपस्ट्रीम पोर्टफोलियो और भारत के ऊर्जा सुरक्षा प्रयासों को मजबूती मिलेगी। आईओसी और बीपीसीएल की संयुक्त उपक्रम अन्वेषण एवं उत्पादन शाखा ऊर्जा भारत प्रा.लि. (यूबीपीएल) ने 2024 की शुरूआत में एक्सएन-76 अन्वेषण कुएं में पहला तेल भंडार खोजा था। अब कंपनी ने ब्लॉक में एक्सएन-79 02एस अन्वेषण कुएं की ड्रिलिंग के दौरान एक और तेल भंडार की खोज की है। यूबीपीएल को मार्च 2019 में तटवर्ती ब्लॉक 1 अन्वेषण रियायत प्रदान की गई थी। साझेदारों ने अन्वेषण चरण में लगभग 16 करोड़ डॉलर का निवेश किया है। यह रियायत 6,162 वर्ग किलोमीटर तक फैली हुई है और यूबीपीएल को 100 फीसदी रियायत अधिकार प्रदान करती है। आईओसी ने कहा, पहली तेल खोज गैर-पारंपरिक शिलाइफ क्षेत्र में एक्सएन-76 अन्वेषण कुएं में की गई थी।

**एसएमबीसी को मिली कंपनी खोलने की मंजूरी–** आरबीआई ने जापान के सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉरपोरेशन (एसएमबीसी) को भारत में पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी स्थापित करने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। आरबीआई ने कहा, पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी में बैंकिंग व्यवसाय शुरू करने के लिए लाइसेंस देने पर विचार करेगा, यदि वह संतुष्ट हो जाता है कि बैंक ने सैद्धांतिक मंजूरी की शर्तों का पालन किया है। एसएमबीसी ने यस बैंक में 24.22 फीसदी हिस्सेदारी हासिल की है।

**बजाज मोबिलिटी 500 लोगों की करेगी छंटनी–** बजाज मोबिलिटी एजी ने केटीएम एजी में लगभग 500 कर्मचारियों की छंटनी की घोषणा की है। पिछले साल नवंबर में पुणे की बजाज ऑटो ने ऑस्ट्रियाई बाइक निमार्ता केटीएम में बहुमत हिस्सेदारी हासिल की थी। शेयर बाजारों की दी सूचना में कंपनी ने कहा, 2025 में पुनर्गठन प्रक्रिया के सफल समापन के बाद केटीएम एजी वैश्विक आकार घटाने कार्यक्रम शुरू कर रही है। इसका उद्देश्य निश्चित लागतों को कम करना है।



### रियल एस्टेट में रिकॉर्ड 14.25 अरब डॉलर का इक्विटी निवेश

घरेलू रियल एस्टेट क्षेत्र में पिछले वर्ष रिकॉर्ड 14.25 अरब डॉलर का इक्विटी पूंजी निवेश आया है। सालाना आधार पर यह 25 फीसदी अधिक है। सीबीआरई के अनुसार, डेवलपर्स, संस्थागत निवेशकों और रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (रीट) सहित विभिन्न स्रोतों से इक्विटी पूंजी निवेश 2024 में 11.43 अरब डॉलर रहा था। सीबीआरई ने कहा, निवेश परिदृश्य में भूमि/विकास का दबदबा रहा। इन्होंने 2025 में कुल निवेश का 46 फीसदी का योगदान दिया। निर्मित कार्यालय संपत्तियों में 28 फीसदी का निवेश आया। भूमि व विकास आधारित निवेशों का प्रभुत्व, साथ ही कार्यालय एवं गोदाम संपत्तियों में बढ़ती दिलचस्पी परिपक्व बाजार को दशार्ती है। भूमि अधिग्रहण में कुल निवेश का 60 फीसदी से अधिक हिस्सा आवासीय और कार्यालय परियोजनाओं में लगाया गया।

### रेलवन से सामान्य टिकट पर आज से 3 फीसदी की छूट

यात्रियों के सफर को किफायती बनाते हुए भारतीय रेलवे ने बृहस्पतिवार से रेलवन मोबाइल एप से सामान्य टिकट बुक करने पर 3 फीसदी की विशेष छूट देने की घोषणा की है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य स्टेशनों पर स्थित टिकट काउंटरों पर भीड़ को कम करना और पेपरलेस टिकट प्रणाली को प्रोत्साहित करना है। 3 फीसदी की छूट अगले छह महीनों तक लागू रहेगी। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक यात्री जैसे ही रेलवन एप पर जाकर अपनी यात्रा का विवरण दर्ज करेंगे और भुगतान के लिए डिजिटल माध्यम चुनेंगे, डिस्काउंट की राशि उनके कुल किराये से अपने आप कम हो जाएगी।

### यूनियन बैंक को 5,073 करोड़ रुपये का फायदा

यूनियन बैंक का शुद्ध लाभ दिसंबर तिमाही में 9.7 फीसदी बढ़कर 5,073 करोड़ रहा। जमा वृद्धि दर 3.36 फीसदी रही, जो बैंकिंग प्रणाली की वृद्धि दर से कम है। बैंक को मौजूद प्रावधानों और अपेक्षित ऋण हानि–आधारित प्रणाली के तहत प्रावधानों के बीच 4,200 करोड़ का अंतर मिला है। यह प्रणाली 1 अप्रैल से लागू हो रही है। अमेरिकी टैरिफ से प्रभावित 500 ग्राहकों ने विशेष छूट के तहत राहत के लिए बैंक से संपर्क किया है।

### आईओबी के मुनाफे में 56 फीसदी की वृद्धि

खराब ऋणों में कमी आने और मुख्य व्यवसाय में सुधार से इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) का फायदा 56.2 फीसदी बढ़कर 1,365 करोड़ हो गया। आय बढ़कर 9,672 करोड़ हो गई। ब्याज आय बढ़कर 8,172 करोड़ हो गई। सकल एनपीए घटकर 1.54 फीसदी रह गया। कारोबार 18.7 फीसदी बढ़कर 6.44 लाख करोड़ रहा। कर्ज 24 फीसदी बढ़कर 2.94 लाख करोड़ और जमा 3.94 लाख करोड़ रहा।

### सेबी के साथ ब्लू कोस्ट का 89 लाख में समझौता

ब्लू कोस्ट होटल्स और उसके प्रमोटर ने सेबी के साथ खुलासा मानदंडों के कथित उल्लंघन के मामले में समझौता कर लिया। समझौते के तहत दोनों ने सामूहिक रूप से 89.3 लाख रुपये का भुगतान किया। 2018–19 2019 से 2021–22 तक ब्लू कोस्ट होटल्स के वित्तीय विवरणों में कई अनियमितताएं पाई गई थीं। इसके बाद सेबी ने इनकी जांच शुरू की थी और नोटिस भेजी थी।

### सीजीएचएस लाभार्थियों के लिए परिपूर्ण मेडिक्लेम आयुष बीमा लॉन्च

केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने बुधवार को केंद्रीय सरकारी स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) के लाभार्थियों के लिए परिपूर्ण मेडिक्लेम आयुष बीमा योजना शुरू की। यह वैकल्पिक स्वास्थ्य बीमा योजना सभी सीजीएचएस लाभार्थियों के लिए खुदरा उत्पाद के रूप में उपलब्ध होगी। इस पॉलिसी के तहत भारत में इलाज के लिए इन–पेशेंट अस्पताल में भर्ती का खर्च कवर किया जाएगा। लाभार्थी 10 लाख रुपये या 20 लाख रुपये की बीमित राशि का विकल्प चुन सकते हैं। योजना में को–पेमेंट का प्रावधान रखा गया है। लाभार्थी 70:30 या 50:50 के अनुपात में बीमा कंपनी और स्वयं के बीच खर्च साझा करने का विकल्प चुन सकते हैं।

भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में जापान की दस्तक

# एसएमबीएस को आरबीआई की हरी झंडी

## बना सकेगी पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

आरबीआई ने जापान के सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉर्पोरेशन को भारत में पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी बनाने की सैद्धांतिक मंजूरी दी है। जानिए इस बारे में विस्तार से।

भारतीय बैंकिंग परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण नीतिगत और रणनीतिक विकास के तहत, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने जापान के प्रमुख वित्तीय संस्थान, सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉर्पोरेशन को भारत में अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी स्थापित की सैद्धांतिक' मंजूरी दे दी है। बुधवार को मुंबई में जारी एक आधिकारिक बयान में केंद्रीय बैंक ने इस निर्णय की पुष्टि की।

**एसएमबीसी के लिए क्या बदलेगा–** वर्तमान में, एसएमबीसी भारत के चार प्रमुख महानगरों- नई दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और बेंगलुरु- में अपनी शाखाओं जरिए बैंकिंग गतिविधियां चला रहा है। आरबीआई की ओर से दी गई इस नई मंजूरी का मकसद बैंक के वर्तमान मॉडल में बदलाव लाना है। केंद्रीय बैंक के अनुसार, यह 'सैद्धांतिक' मंजूरी बैंक को उसकी मौजूदा शाखाओं को एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी में परिवर्तित करने के लिए दी गई है। यह कदम वैश्विक बैंकों द्वारा स्थानीयकरण की दिशा में उठाए जाने वाले कदमों के अनुरूप है, जिससे उन्हें स्थानीय बाजार में अपनी उपस्थिति को अधिक मजबूती से स्थापित करने में मदद मिलती है।




**आरबीआई ने अपने बयान में क्या कहा है–** आरबीआई ने अपने बयान में साफ किया है कि यह केवल एक प्रारंभिक मंजूरी है। केंद्रीय बैंक ने कहा है कि वह एसएमबीीस को पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के रूप में बैंकिंग व्यवसाय शुरू करने के लिए अंतिम लाइसेंस तभी जारी करेगा, जब वह बैंक द्वारा उन सभी आवश्यक शर्तों के अनुपालन से संतुष्ट हो जाएगा, जो इस 'सैद्धांतिक' मंजूरी के साथ रखी गई हैं। इसका मतलब है कि बैंक को अब परिचालन शुरू करने से पहले कड़े नियामक मानदंडों और अनुपालन प्रक्रियाओं से गुजरना होगा।

### भारत के बैंकिंग क्षेत्र में कैसी है एसएमबीसी की मौजूदगी?

वर्ष 2025 में, एसएमबीसी ने निजी क्षेत्र के प्रमुख ऋणदाता यस बैंक में 24.22 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की थी। इस अधिग्रहण के साथ, रटइउ यस बैंक का सबसे बड़ा शेयरधारक बन गया है। वहीं, देश का सबसे बड़ा सरकारी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), अब भी यस बैंक में 10 प्रतिशत से अधिक की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी बनाए हुए है। यस बैंक में इस बड़ी हिस्सेदारी और अब अपनी स्वतंत्र सहायक कंपनी बनाने की दिशा में बढ़ने से यह साफ है कि जापानी बैंक भारतीय बाजार में अपनी पकड़ को कई स्तरों पर मजबूत करना चाहता है।

एसएमबीसी को मिली यह मंजूरी भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में बढ़ती वैश्विक प्रतिस्पर्धा और विदेशी पूंजी के प्रति भारत के खुलेपन को दिखाती है। शाखा मोड से सहायक कंपनी मोड में जाने से बैंक को अपनी भविष्य की विस्तार योजनाओं में अधिक लचीलापन मिल सकता है।

तंगहाल पाकिस्तान के हसीन सपने

# सीमा पार भुगतान के लिए करेगा क्रिप्टो का इस्तेमाल

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

आर्थिक मोर्चे पर लगातार चुनौतियों से जूझ रहे पाकिस्तान ने अपने सीमा पार भुगतान के लिए स्टेबलकॉइन्स का इस्तेमाल करने के लिए वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल के साथ एमओयू किया है। वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब और जैक विटकॉफ ने इस साझेदारी का एलान किया है। आइए इस बारे में जानें।

पाकिस्तान ने अपनी आर्थिक चुनौतियों से निपटने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। इस्लामाबाद ने बुधवार को अमेरिकी फर्म 'वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल' से जुड़ी एक इकाई के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी का मकसद सीमा पार भुगतान के लिए 'स्टेबलकॉइन्स' के उपयोग की संभावनाओं को तलाशना और डिजिटल परिसंपत्तियों के लिए पाकिस्तान को एक प्रमुख बाजार के रूप में स्थापित करना है।

यह समझौता पाकिस्तान के वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब और वर्ल्ड लिबर्टी के सह-संस्थापक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी जैक विटकॉफ के बीच हुआ। जैक विटकॉफ अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ के बेटे हैं, जो इस सौदे को कूटनीतिक रूप से भी महत्वपूर्ण बनाता है। पाकिस्तान वर्चुअल एसेट्स रेगुलेटरी अथॉरिटी ने बताया है कि वित्त मंत्रालय ने 'एससी फाइनेंशियल टेक्नोलॉजीज एलएलसी' के साथ इस एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं, जो वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल की एक संबद्ध इकाई है। इस अवसर पर वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब ने भविष्य की वित्तीय प्रणालियों में नवाचार के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान का लक्ष्य वैश्विक स्तर पर हो रहे बदलावों के साथ कदम मिलाकर चलना है। मंत्री के अनुसार, सरकार का ध्यान विश्वसनीय वैश्विक खिलाड़ियों के साथ जुड़ने, नए वित्तीय मॉडलों को समझने और यह सुनिश्चित करने पर है कि नवाचार हमेशा नियामक ढांचे, स्थिरता और राष्ट्रीय हित के अनुरूप हो।

## दिल्ली में एअर इंडिया का विमान बैगेज कंटेनर से टकराया: इंजन को नुकसान

### पार्किंग के लिए ले जाते समय कोहरे के कारण हादसा; यात्री-क्रू सुरक्षित



दिल्ली एयरपोर्ट पर गुरुवार सुबह 5:25 बजे एअर इंडिया का विमान बैगेज कंटेनर से टकरा गया। एयरलाइन ने बताया कि घने कोहरे में एयरबस अ 350 विमान को पार्किंग के लिए ले जाया जा रहा था, तभी यह घटना हुई।

हादसे में विमान के इंजन को नुकसान पहुंचा है। विमान में सवार सभी पैसेंजर और क्रू मेंबर्स सुरक्षित हैं। एयरबस अ 350 की फ्लाइट अक्01 दिल्ली से न्यूयॉर्क के बीच चलती है। ईरानी हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण फ्लाइट को अपना मार्ग बदलना पड़ा और वह वापस दिल्ली लौट आई थी। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने इसकी पुष्टि की। बताया कि दाहिने इंजन को नुकसान पहुंचा। एयरलाइन के अनुसार, घटना के बाद विमान को सुरक्षित रूप से निर्धारित पार्किंग स्थान पर खड़ा कर दिया गया। सभी पैसेंजर और क्रू मेंबर्स सुरक्षित हैं। विमान को जांच और जरूरी मरम्मत के लिए ग्राउंड कर दिया गया है।

एयरलाइन ने चेतावनी दी है कि इससे कुछ अ350 रूट्स पर उड़ानों में बाधा आ सकती है। साथ ही, प्रभावित यात्रियों के लिए वैकल्पिक यात्रा व्यवस्था और रिफंड पर काम किया जा रहा है। एअर इंडिया ने कहा, हम पैसेंजर्स को उनकी पसंद के अनुसार वैकल्पिक यात्रा या रिफंड दिलाने में मदद कर रहे हैं। एअर इंडिया की सर्वोच्च प्राथमिकता सिक्योरिटी है। इस दौरान पैसेंजर्स को पूरा सहयोग दिया जाएगा।

### झरने जमे; 3 राज्यों में स्कूल बंद किए गए

# हरियाणा में तापमान 0.2°, पंजाब में 1.2° दर्ज हुआ, उत्तराखंड में बर्फबारी की संभावना

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

हरियाणा के हिसार में सर्दी से पिछले दो साल का रिकॉर्ड टूट गया। यहां का तापमान 0.2 डिग्री दर्ज किया गया। पूरे प्रदेश में आज शीतलहर की चेतावनी जारी की गई है।

उत्तराखंड के उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ जिले के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बारिश के साथ बर्फबारी होने की संभावना है। उत्तरकाशी में गंगोत्री नेशनल पार्क, भागीरथी नदी और जाड गंगा झरना जम चुका है। वहीं, तेज सर्दी की वजह से उत्तराखंड, हरियाणा, राजस्थान में स्कूलों की छुट्टी बढ़ा दी गई है। पंजाब में भी स्कूलों का समय बदल दिया गया है। उधर, दिल्ली के क्क्क एयरपोर्ट पर गुरुवार सुबह घने कोहरे की वजह से 88% उड़ानों के संचालन में एक से डेढ़ घंटे तक की देरी हुई। रनवे की अधिकतम विजिबिलिटी 900 मीटर व न्यूनतम विजिबिलिटी 200 मीटर के बीच रही।





पटना समेत बिहार के कई जिलों में धूप निकलने के बाद सर्दी से राहत मिली है। मौसम विभाग के मुताबिक, उत्तर भारत से आ रही सर्द हवाओं के चलते बिहार में फिर से सर्दी बढ़ सकती है। पिछले 24 घंटे में 20 जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड किया गया है। विभाग ने बताया कि 20-21 जनवरी को बारिश के आसार हैं जिससे सर्दी और बढ़ेगी। पंजाब-चंडीगढ़ में तेज सर्दी पड़ रही है। चंडीगढ़ मौसम विज्ञान केंद्र ने आज घने कोहरे और शीतलहर का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके चलते स्कूलों का टाइम बदला गया है। अब सुबह 9 बजे की जगह सुबह 10 बजे स्कूल खुलेंगे। 24 घंटे में सबसे कम न्यूनतम तापमान 1.6 डिग्री बठिंडा में दर्ज किया गया है। वहीं, 18 जनवरी से राज्य में बारिश की संभावना बन रही है। उत्तराखंड में 16 जनवरी से 21 जनवरी तक मौसम बदलने वाला है। आज उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ जिले के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बारिश के साथ बर्फबारी होने की संभावना है। उत्तरकाशी में गंगोत्री नेशनल पार्क, भागीरथी नदी और जाड गंगा झरना जम चुका है। वहीं, हरिद्वार और ऊधम सिंह नगर में सर्दी को देखते आज फिर से स्कूल बंद रखने के आदेश जारी हुए है। हरियाणा में लगातार दो पश्चिमी विक्षोभ 16 जनवरी और 19 जनवरी रात को आने की संभावना से मौसम में बदलाव हो सकता है। पश्चिमी विक्षोभ भूमध्य सागर से बनने वाली एक गैर-मानसूनी गर्म हवा है, जो पश्चिम से पूर्व की ओर चलती है। सर्दियों में यह उत्तर भारत, पाकिस्तान और हिमालयी इलाकों में अचानक बारिश, बर्फबारी और कोहरा लेकर आती है। सर्दी की वजह से स्कूलों की छुट्टी शनिवार तक बढ़ा दी गई हैं। वहीं हिसार में तापमान 0.2 डिग्री दर्ज किया गया जिससे दो साल का रिकॉर्ड टूट गया।

## मप्र में पारा 4.6 डिग्री, कोल्ड वेव का भी असर भोपाल-इंदौर भी ठंडे



उत्तर भारत में कड़ाके की सर्दी का असर मध्यप्रदेश में भी है। बफीर्ली हवा आने से एमपी में न्यूनतम तापमान 4.6 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। बीती रात 4 शहरों में पारा 5 डिग्री से नीचे रहा। वहीं, शाजापुर में कोल्ड वेव यानी, शीतलहर भी चली। शुक्रवार सुबह उत्तरी हिस्से में कोहरे का असर देखा गया।

मौसम विभाग के अनुसार, बफीर्ली हवा से ठिठुरन बढ़ी है। ग्वालियर-चंबल, रीवा, शहडोल और सागर संभाग में सबसे ज्यादा असर है। यहां के जिलों में मध्यम से घना कोहरा भी छा रहा है। दूसरी ओर, भोपाल-इंदौर में भी रात का पारा लुढ़का है। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिम-उत्तर भारत के ऊपर मध्य समुद्र तल से 12.6 किलोमीटर की ऊंचाई पर करीब 232 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से जेट स्ट्रीम हवाएं बह रही है। यह आसमान में नदी की तरह बहने वाली हवा है।


### सर्दियों की संजीवनी च्यवनप्राश भी महंगा, 40% तक महंगी हुई आयुर्वेदिक दवाएं

# सोने-चांदी के कारण शक्तिवर्धक दवा 7 हजार रुपए महंगी: डायबिटीज की दवा के 1100 बढ़े

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

कमजोरी दूर करने वाली शक्तिवर्धक आयुर्वेदिक दवा स्वर्ण भस्म की कीमत एक साल में 19 से बढ़कर 26 हजार पहुंच गई है। डायबिटीज की दवा वसंत कुसमाकर 1100 रुपए महंगी हुई है। क्योंकि एक साल में सोने की कीमतें 75% और चांदी की 167% बढ़ गई हैं। अब आप सोच रहे होंगे कि सोने-चांदी की कीमतों में उछाल से आयुर्वेदिक दवाएं कैसे महंगी हो सकती हैं? इसकी वजह है- आयुर्वेदिक दवाओं में सोने और चांदी का उपयोग। ज्यादातर लोग सोने-चांदी को सिर्फ गहने बनवाने और इन्वेस्टमेंट का जरिया मानते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। सोने-चांदी का मेडिकल साइंस में भी महत्वपूर्ण रोल है। कई दवाओं में गोल्ड-सिल्वर के नैनोपार्टिकल्स का इस्तेमाल किया जाता है।

चांदी में बैक्टीरिया से लड़ने की क्षमता होती है। ऐसे में इसका उपयोग गंभीर इंफेक्शन, जलने के घाव वाली क्रीम में किया जाता है। इसके अलावा कुछ मेडिकल उपकरणों में भी यूज होता है। सोने और चांदी का आयुर्वेदिक और भस्म आधारित दवाओं में सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया जाता है। यही कारण है कि सोने-चांदी के दामों में बेतहाशा वृद्धि के कारण आयुर्वेदिक दवाओं की कीमतों में भी तेजी से बढ़ोतरी हुई है। पिछले एक साल के दौरान 10 से लेकर 40 फीसदी तक आयुर्वेदिक दवाओं के दाम बढ़े हैं।



रिसर्च वर्क पर भी पड़ रहा असर- डॉ.अरविंद विश्नोई बताते हैं- आयुर्वेद के स्टूडेंट्स नई-नई दवाओं के रिसर्च के लिए सोने-चांदी की भस्म का इस्तेमाल करते हैं। अब इनके महंगे होने से रिसर्च का काम प्रभावित हो रहा है। जयपुर के राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के एमडी और पीएचडी स्टूडेंट्स को रिसर्च के लिए संस्थान की ओर से 60 से 80 हजार रुपए स्टाइपेंड के रूप में रिसर्च के लिए मिलते हैं। दवाओं के लिए कम से कम 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की आवश्यकता होती है। फिलहाल सोने की कीमत 1 लाख 30 हजार रुपए से ज्यादा हो गई है।

### राजस्थान में 150 करोड़ का बिजनेस

एक्सपर्ट्स का कहना है कि 50 से अधिक आयुर्वेदिक दवाइयों में सोने-चांदी का इस्तेमाल होता है। इसमें सर्दी-जुकाम, डायबिटीज, कमजोरी दूर करने, सांस रोग, यूरीनरी इंफेक्शन आदि की दवाइयां शामिल हैं। इसके अलावा च्यवनप्राश में भी इसका उपयोग होता है। राजस्थान में आयुर्वेदिक दवाओं का सालाना 100 से 150 करोड़ का बिजनेस है।

श्रीराम ड्रग स्टोर के संचालक वैभव खंडेलवाल कहते हैं- चांदी का इस्तेमाल होने वाली दवाइयां 20-25% व सोने के इस्तेमाल से तैयार दवाइयां 40-50% महंगी हो गई हैं। इसके अलावा जिन दवाओं की टैबलेट्स में चांदी की कोटिंग होती है, उनके दाम 10 फीसदी से ज्यादा बढ़े हैं।

### 1 साल के दौरान इस तरह बढ़ी कीमतें



| दवा (रोग) | जनवरी 2025 | जनवरी 2026 |
|---|---|---|
| स्वर्ण भस्म (शक्तिवर्धक) | 18-19,000 | 25-26000 |
| वसंत कुसमाकर (डायबिटीज) | 2500-2600 | 3500-3700 |
| व्रतवात चिंतामणी रस (मानसिक रोग) | 2000-2100 | 2800-3000 |
| योगेन्द्र रस (कमजोरी) | 2700-2800 | 3600-3800 |
| जयमंगल रस (असामान्य बुखार) | 2000-2100 | 2500-2600 |
| रसराज रस (पाचन समस्या) | 1500-1600 | 2100-2200 |
| सिद्ध मकरध्वज (नपुंसकता) | 2500-2600 | 3100-3200 |
| सूतशेखर रस (अल्सर) | 900-1000 | 1300-1400 |
| स्वर्ण गूगल (जोड़ों का दर्द) | 600 | 695 |
| त्रिलोक्य चिंतामणी (कब्ज, अनिद्रा) | 1400-1500 | 1600-1700 |
| वृहत पूर्णचंद्र रस (यौन संक्रमण) | 500-600 | 700-800 |
| बंगेश्वर रस (मूत्ररोग) | 1000-1100 | 1200-1300 |
| रजत भस्म (नसों की कमजोरी) | 600 | 700-800 |

(कीमत रुपए में)


## कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी उज्जैन जिला उज्जैन (म.प्र.)

क्रमांक 545/री-1/2026 उज्जैन दिनांक 12/01/26
प्रकरण क्रमांक 003// अपील/2025-26

**अपील सूचना समंस आदेश नियम 1 और सीपीसी ::**

1. मुकेश पिता स्व. रामसिंह माता स्व रामकली बाई 2. सुनिल पिता स्व. रामसिंह माता स्व. रामकलीबाई 3. संजय पिता स्व. रामसिंह माता स्व. रामकलीबाई 4. अजय पिता स्व. रामसिंह माता स्व. रामकलीबाई निवासी इंदिरा नगर रेलवे स्टेशन रोड मांगलिया तसहील सांवेर जिला इन्दौर -अपीलार्थी

1. चरणसिंह पिता स्व. मांगीलाल जी निवासी सेंगर चौराहा नंदा नगर 26 कारस देव नगर सेंगर स्कूल के पास इन्दौर म.प्र. 2. राजेन्द्रसिंह पिता स्व. मांगीलाल जी निवासी स्वर्ण बाग कॉलोनी इन्दौर म.प्र. 3. श्रीमती लक्ष्मी पिता स्व. घनश्यामसिंह 4. दीपक पिता स्व. घनश्यामसिंह 5. पप्पु उर्फ लोकेन्द्र पिता स्व. घनश्यामसिंह 6. ललिता पिता स्व. घनश्यामसिंह पति शरदसिंह ठाकुर निवासीगण डमरू उस्ताद चौराहा के पास परदेशीपुरा इन्दौर म.प्र. 7. मदनसिंह पिता स्व. मांगीलाल जी निवासी 57 स्लाईर 1 सेक्टर बी स्कीम नंबर 78 इन्दौर म.प्र. 8. प्रेमबाई पिता स्व. मांगीलाल जी पति छोटेलाल निवासी गंगाबाई की गुवाडी बुधवारिया फाजलपुरा उज्जैन 9. शीलाबाई पिता सुरेश पति उमेश माता शारदाबाई निवासी नंदबाग स्कीम नंबर 51 नीला आकाश स्कूल के सामने इन्दौर म.प्र. 10. म्नोहरसिंह पिता स्व. मांगीलाल जी निवासी 843 ए 1 स्कीम नंबर 114 विजय नगर इन्दौर म.प्र. 11. म.प्र शासन विरुद्ध आप अनावेदक के विरूद्ध आवेदकों के द्वारा न्यायालय नायब तहसीलदार के प्रकरण क्रमांक 1562/अ-6/2023-24 आदेश दिनांक 04.04.2024 के विरूद्ध इस न्यायालय में अपील आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण क्रमांक 0031/अपील/2025-26 है। उक्त आवेदन की सुनवाई हेतु दिनाक 20.01.2026 नियत की गई है। इसलिए आप अनावेदक उक्त आवेदन के संबंध में सभी प्रश्नों का उत्तर देने के लिए जिस पर आपकी प्रतिरक्षा आधारित हो मय दस्तावेजों के उक्त नियम दिनांक 21.01.2026 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपका पक्ष प्रस्तुत करें। अनावेदक की अनुपस्थिति में आवेदक की सुनवाई का निपटारा नियमानुसार किया जावेगा। किसी कारण से उक्त दिनांक का अवकाश होने की दशा में प्रकरण आगामी कार्य दिवस में लिया जावेगा। सूचित हो।

**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)**
**अनुविभाग उज्जैन**

### अफगानिस्तान में तालिबान सरकार के टूटने का खतरा

# सुप्रीम लीडर अखुंदजादा और गृहमंत्री हक्कानी के गुट भिड़े, इंटरनेट बैन ने खोल दी अंदरूनी कलह

## तालिबान के कंधार गुट और काबुल गुट में तकरार

ब्रह्मास्त्र ›› काबुल

अफगानिस्तान में तालिबान के भीतर हालात ठीक नहीं हैं। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि सरकार ढहने का खतरा मंडरा रहा है। संगठन के अंदर सत्ता को लेकर खींचतान अब खुलकर सामने आने लगी है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक हाल ही में एक वायरल ऑडियो क्लिप से इसका खुलासा हुआ। हालांकि इसकी फिक्स डेट सामने नहीं आई।

एक धड़े का नेतृत्व तालिबान के सुप्रीम लीडर हिबतुल्लाह अखुंदजादा कर रहे हैं, जबकि दूसरा धड़ा गृह मंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी का है। दोनों गुटों की सोच और सत्ता के इस्तेमाल को लेकर मतभेद अब संगठन की एकता पर सवाल खड़े कर रहे हैं। गौरतलब है कि तालिबान ने अगस्त 2021 में अमेरिकी सेना की वापसी के बाद राजधानी काबुल पर कब्जा कर लिया था। तब से सत्ता पर पूरी पकड़ के दावों के बीच, अब सामने आ रहे संकेत बताते हैं कि तालिबान के भीतर की दरारें गहरी होती जा रही हैं।




### लीक ऑडियो में क्या है

बीबीसी के मुताबिक सुप्रीम लीडर हिबतुल्लाह अखुंदजादा भाषण में कहते हैं कि सरकार के अंदर ही लोग आपस में टकरा रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ये अंदरूनी मतभेद बढ़ते रहे, तो इस्लामिक अमीरात (तालिबान सरकार) ढह जाएगा और खत्म हो जाएगा। अखुंदजादा ने यह भाषण जनवरी 2025 में दक्षिणी शहर कंधार के एक मदरसे में तालिबान लड़ाकों के सामने दिया था। इस भाषण ने उन अफवाहों को और हवा दी, जो कई महीनों से चल रही थीं कि तालिबान की टॉप लीडरशिप में गंभीर मतभेद हैं। तालिबान हमेशा इन मतभेदों से इनकार करता रहा है, यहां तक कि बीबीसी के सीधे सवालों के जवाब में भी।

हालांकि इन्हीं अफवाहों के बाद बीबीसी ने एक साल तक जांच की। इस दौरान 100 से ज्यादा मौजूदा और पूर्व तालिबान सदस्यों, लोकल लोगों, एक्सपर्ट्स और पूर्व डिप्लोमैट्स से बात की। सुरक्षा कारणों से बीबीसी ने इन लोगों की पहचान उजागर नहीं की। बीबीसी की जांच में पहली बार साफ तौर पर सामने आया कि तालिबान के सबसे ऊपर दो अलग-अलग गुट हैं, जिनके पास अफगानिस्तान के लिए दो अलग सोच है। पहला गुट पूरी तरह अखुंदजादा के लिए वफादार है।

### इंटरनेट और फोन सर्विस बंद होने से खींचतान उजागर हुई

रिपोर्ट के मुताबिक सितंबर के अंत में एक ऐसा फैसला हुआ, जिसकी वजह से यह खींचतान और खुलकर नजर आने लगी। सुप्रीम लीडर अखुंदजादा ने पूरे अफगानिस्तान में इंटरनेट और फोन सेवाएं बंद करने का आदेश दिया, जिससे यह देश दुनिया से कट गया। तीन दिन बाद अचानक देशभर में इंटरनेट बहाल हो गया, बिना किसी आधिकारिक वजह के। तालिबान के अंदरूनी सूत्रों के मुताबिक काबुल गुट ने अखुंदजादा के आदेश के खिलाफ जाकर इंटरनेट दोबारा चालू करवाया। इंटरनेट बंद करने का आदेश बहुत सख्त कदम था। आज के समय में इंटरनेट सिर्फ आम लोगों के लिए नहीं, बल्कि सरकार चलाने और कारोबार करने के लिए भी जरूरी हो चुका है। अगर इंटरनेट बंद रहता, तो शासन व्यवस्था और व्यापार दोनों ठप पड़ जाते। इसी वजह से काबुल गुट के नेताओं ने इस बार जोखिम उठाया। वे सीधे प्रधानमंत्री मुल्ला हसन अखुंद से मिलने गए और उन्हें समझाया कि इंटरनेट बंद रखना नुकसानदेह होगा।

# कनाडा की मांग- भारत गोल्ड चोरी के आरोपी को सौंपे, 2 साल पहले 180 करोड़ का 400 किलो सोना चुराया था




ब्रह्मास्त्र ›› कनाडा

कनाडा ने भारत सरकार से अनुरोध किया है कि 2023 में हुई 400 किलो सोने की चोरी के मामले में मुख्य आरोपी सिमरन प्रीत पनेसर को भारत से कनाडा भेजा जाए।

पनेसर पर 2023 में टोरंटो पियर्सन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हुई सोने के चोरी की साजिश रचने का आरोप है। कनाडाई अधिकारियों का कहना है कि अपराध करने के बाद वह भारत भाग गया। इसके बाद पनेसर के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। 33 साल का पनेसर, पहले एयर कनाडा का कर्मचारी था। पुलिस के मुताबिक, उसने फ्लाइट से शुद्ध सोने की 6,600 ईंटें और लगभग 2.5 मिलियन डॉलर (21 करोड़ रुपए से ज्यादा) की फॉरेन करेंसी चुराई। सोने का कुल वजन करीब 400 किलो था, जिसकी कीमत 180 करोड़ रुपए थी। अधिकारियों ने कहा कि पनेसर ने एयरलाइन सिस्टम से छेड़छाड़ करके चोरी को संभव बनाया था।

## वेनेजुएला की विपक्षी नेता माचाडो ने अपना नोबेल शांति पुरस्कार का मैडल ट्रंप को दिया

ब्रह्मास्त्र ›› वेनेजुएला

वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरीना माचाडो ने दावा किया कि उन्होंने अपना नोबेल शांति पुरस्कार का मैडल राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को सभी पुरस्कार के रूप में पेश किया ताकि वह उनके देश की आजादी के प्रति ट्रम्प की विशिष्ट प्रतिबद्धता को मान्यता दे सकें। उन्होंने यह बात व्हाइट हाउस की बैठक के बाद रि?पोर्टरों से कही। पर यह साफ नहीं है कि ट्रंप ने मैडल स्वीकार किया या नहीं।

माचाडो ने ट्रंप से उनके देश के भविष्य पर चर्चा की, हालांकि ट्रंप पहले ही उनकी क्षमता पर संदेह जता चुके हैं कि वे वेनेजुएला की अगली नेता बन पाएंगी। बैठक के बाद माचाडो ने समर्थकों को गले लगाया और कहा कि वे ट्रंप पर भरोसा करती हैं। नोबेल संस्थान ने पहले ही स्पष्ट किया था कि नोबेल शांति पुरस्कार को कानूनी रूप से किसी को स्थानांतरित या दिया नहीं जा सकता, यानी यह केवल प्रतीकात्मक था। माचाडो को 2025 के नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था उनके लोकतांत्रिक अधिकारों की लड़ाई के लिए। उन्होंने उस पुरस्कार को व्हाइट हाउस में ट्रंप को ह्लआभारह्व के रूप में समर्पित करने की इच्छा जताई थी।

## ब्रिटिश पीएम बोले- विपक्ष के पास कामसूत्र से ज्यादा पोजिशन थीं, ये थक गए हैं

ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की संसद में दिए गए एक बयान पर आलोचना हो रही है। उन्होंने बुधवार को प्रश्नकाल के दौरान एक मजाक किया था, जिसमें कामसूत्र का जिक्र था। इस बयान को कई लोगों ने गलत और असंवेदनशील बताया। यह मामला ऐसे समय सामने आया है जब कीर स्टार्मर की लेबर सरकार अपनी नीतियों में बार-बार बदलाव को लेकर दबाव में है। विपक्षी कंजरवेटिव पार्टी की नेता केमी बेडनॉक ने सरकार की पॉलिसियों में बार बार होन वाले बदलाव पर सवाल उठाए थे। इस पर जवाब देते हुए प्रधानमंत्री स्टार्मर ने कहा- '14 साल में इनके पास कामसूत्र से भी ज्यादा पोजिशन थीं। कोई हैरानी नहीं कि ये थक गए हैं, इन्होंने देश को भी बिगाड़ कर छोड़ दिया।' इस बयान के बाद सदन में कुछ देर के लिए सन्नाटा छा गया। विपक्ष ने इस बयान पर प्रधानमंत्री पर तंज किया और कहा कि इतने गंभीर मुद्दों पर मजाक करना ठीक नहीं है।

कुछ लोगों का कहना है कि प्रधानमंत्री संसद और जनता के माहौल को सही तरह से नहीं समझ पाए। यह विवाद ऐसे वक्त सामने आया है जब लेबर पार्टी अपनी नीतियों को लेकर पहले से ही जांच के घेरे में है। खासकर डिजिटल आईडी जैसे मुद्दों पर सरकार के रुख में बदलाव को लेकर विपक्ष लगातार सवाल उठा रहा है। डिजिटल आईडी योजना को पहली बार सितंबर 2025 में पेश किया गया था। इसका मकसद ब्रिटेन में लोगों के काम करने के अधिकार की जांच करना था।

### पाकिस्तान बोला-भारत से संघर्ष के बाद हमारे फाइटर-जेट्स डिमांड में

# दावा- 6 मुस्लिम देशों को जेएफ-17 बेचने की बात चल रही

## इंडोनेशिया, बांग्लादेश और सऊदी अरब से डील कर रहा पाकिस्तान

ब्रह्मास्त्र ›› इस्लामाबाद



पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ का दावा है कि भारत के साथ पिछले साल मई में हुए संघर्ष के बाद पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों की डिमांड बढ़ गई है।

रेडियो पाकिस्तान के मुताबिक, उन्होंने बुधवार को कहा किया कि कई देश पाकिस्तानी फाइटर जेट्स खरीदने के लिए बातचीत कर रहे हैं। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि किन फाइटर जेट्स की डिमांड बढ़ी है।

हालांकि, कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि कई देश पाकिस्तान JF-17 थंडर फाइटर जेट्स खरीदने में दिलचस्पी दिखा रहे हैं। इनमें बांग्लादेश, सूडान, लीबिया, सऊदी अरब, इराक और इंडोनेशिया जैसे देश शामिल हैं।

रॉयटर्स के मुताबिक, इंडोनेशिया के रक्षा मंत्री ने 12 जनवरी को पाकिस्तान के वायुसेना प्रमुख जहीर अहमद बाबर सिद्धू से मुलाकात की और करीब 40 JF-17 खरीदने पर बात की।

वहीं बांग्लादेश के अखबार डेली स्टार के मुताबिक, पाकिस्तान, बांग्लादेश को भी JF-17 फाइटर जेट बेचेगा। इसको लेकर दोनों देशों के वायुसेना प्रमुखों के बीच बातचीत हो चुकी है।

इसी तरह रॉयटर्स की रिपोर्ट मे दावा किया गया है कि पाकिस्तान ने 7 जनवरी को सऊदी अरब को JF-17 बेचने को लेकर बात की है। पाकिस्तान सऊदी अरब से मिले 2 अरब डॉलर के लोन के बदले यह सौदा कर रहा है। हालांकि, रिपोर्ट में ये भी कहा गया कि पाकिस्तानी सेना ने अभी तक लीबिया या सऊदी अरब के साथ इस समझौतों को लेकर कोई औपचारिक बयान नहीं दिया है। बांग्लादेश ने भी अभी तक पाकिस्तान के साथ किसी कॉन्ट्रैक्ट पर साइन नहीं किए हैं।


9 जनवरी को जारी रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले 10 सालों में कई देशों ने पाकिस्तान का JF-17 थंडर फाइटर जेट खरीदने की इच्छा जताई है। नाइजीरिया, म्यांमार और अजरबैजान के मिलिट्री बेड़े में पहले से ही यह जेट शामिल है।

### जेएफ-17 फाइटर जेट का इंजन रूस में बना

अल-जजीरा के मुताबिक, इसके पहले पाकिस्तान ने दिसंबर 2025 में लीबिया के विद्रोही गुट, लीबियाई नेशनल आर्मी (LNA) को 4 अरब डॉलर में एक दर्जन से ज्यादा JF-17 फाइटर जेट बेचने का सौदा किया था। ये पाकिस्तान के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी हथियारों की डील कही जा रही है। रॉयटर्स की रिपोर्ट में ये भी दावा किया गया है कि पाकिस्तान सूडान के साथ भी 12,500 करोड़ रुपए की डिफेंस डील करने वाला है, जिसमें JF-17 फाइटर जेट भी शामिल हैं। पाकिस्तान सरकार के मुताबिक, खऋ 17 थंडर एक मल्टी-रोल कॉम्बैट एयरक्राफ्ट है, जिसे पाकिस्तान ने चीन के साथ मिलकर जून 2007 में तैयार किया था। इसका डिजाइन और टेक्नोलॉजी चीन की चेंगडू एयरक्राफ्ट कॉर्पोरेशन (CAC) ने तैयार किया है और पाकिस्तान एयरोनॉटिकल कॉम्प्लेक्स (PAC) ने इसकी फाइनल एसेंबलिंग की है।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

## वर्ग पहेली




**बाएं से दाएं**

1. आदत, स्वभाव-4
4. सुरक्षित-4
7. जरूरतमंद-5
9. भीगा हुआ-2
11. मक्का-मदीना की यात्रा-2
12. सोना, धतुरा-3
14. धक्का देना-4
15. खानाबदोश, बंजारा-4
16. अंधेरा, अंधकार-3
18. खामी, बुरी आदत-2
19. ईसाई साध्वी-2
21. नायक का विलोम-5
25. करिश्मा, करामात-4
26. महीन व महंगे कपड़े का एक प्रकार

**ऊपर से नीचे**

1. अंग्रेज, विदेशी-3
2. लीन, मगन-2
3. पैंदा, तला-2
4. रिश्तेदार-2
5. थूक, लेस-2
6. तहजीब, सलीका-3
8. देह, काया-3
10. टोने-टोटकों वाली किताब-5
11. स्वदेशवासी-5
12. कपड़े की दीवार-3
13. अनुमान, आकलन-3
17. राजी करना-3
18. चश्मा-3
20. अनुकृति-3
21. पत्र, चिट्ठी-2
22. होठ, अधर-5
23. मृत्यु देवता, यमराज-2
24. बीता हुआ दिन-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 33 | | 62 | | 2 | | 22 | = | 75 |
| | | | | | | | | |
| 22 | | 20 | | 5 | | 2 | = | 8 |
| | | | | | | | | |
| 2 | | 50 | | 54 | | 10 | = | 36 |
| | | | | | | | | |
| 40 | | 75 | | 40 | | 25 | = | 50 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 49 | | 17 | | 21 | | 9 | = | 97 / 20 |


## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | रा | अ | र | क्षा | वं | ध | न | इ | क | श |
| ना | वै | र | ह | र | म | त | द | हो | ली | त |
| ग | र | शा | झ | श | शि | हा | र | ल | ल | त्रा |
| पं | म | द | खी | श | मी | ठे | शि | श | रा | क |
| च | र | ट | ष | व | मि | री | श | व | र | ट |
| मी | ह | प | न | पे | पू | ह | न | शि | रा | ती |
| र्श | र | म | अं | प | स | थ | दी | ल | थिं | त्रि |
| व | रा | व | ल | ध | इ | क | पा | क्षां | ज | दू |
| ग | ण | गौ | र | जी | ल | ड्डी | व | गो | र | द |
| र | ल | प | चा | जें | ब | ल | ली | री | रु | थो |
| ग | पे | श | च | तु | र्थी | य | श | त्रु | घ्न | ट |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | | 4 | | | |
| 2 | 28 | 4 | 33 | 7 | 35 | 4 |
| | 2 | 5 | | | | |
| 5 | 28 | 3 | 38 | 6 | 34 | 1 |
| | 2 | | 3 | | 1 | |
| 3 | 31 | 2 | 31 | 1 | 30 | 6 |
| | | | 4 | | 5 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

पति - आज खाना
क्यों नहीं बनाया?
पत्नी - गिर गई थी और लग गई।
पति - कहां गिर गई
और कहां लगी?
पत्नी - तकिए पर
गिर गई थी और
आंख लग गई थी।

000000000

पप्पू - नींद के पीछे मत भागो।
गप्पू - फिर?
पप्पू - भागना है तो
पढ़ाई के पीछे भागो...
नींद झक मार के आएगी।

000000000

टीचर - भारत की सबसे
खतरनाक नदी कौन सी है?
स्टूडेंट - भावना।
टीचर - कैसे?
स्टूडेंट - क्योंकि सब
इसमें बह जाते हैं।
टीचर बेहोश!


000000000

संता - पंजाब एक्सप्रेस
कब आएगी?
टीटी - पांच बजे।
संता - लोकल?
टीटी - 9 बजे... आपको
जाना कहां है?
संता - कही नहीं...
बस पटरी पर लेटकर
सेल्फी लेनी है।

000000000

सोनू मोनू आपस में बात
कर रहे थे
सोनू - यार मैं अपनी गर्लफ्रेंड को

## रंग भरकर चित्र बनाओ





# ईरान की ओर बढ़ रहा अमेरिकी वॉरशिप: एयरक्राफ्ट कैरियर USS अब्राहम लिंकन

**ईरान में जारी सरकार विरोधी प्रदर्शन के बीच अमेरिका ईरान के आस-पास अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ाने की तैयारी में है। अमेरिकी नौसेना का USS अब्राहम लिंकन कैरियर स्ट्राइक ग्रुप के साथ साउथ चाइना सी से मिडिल ईस्ट की ओर रवाना हो गया है। USS अब्राहम लिंकन अमेरिकी नौसेना का एक न्यूक्लियर-पावर्ड एयरक्राफ्ट कैरियर है।**

## USS अब्राहम लिंकन

1988 NNS कंपनी ने बनाया | 1989 अमेरिका सेना में शामिल

**कीमत:** लगभग ₹57,000 करोड़ (2024 में)



| लंबाई | चौड़ाई | वजन | स्पीड |
|---|---|---|---|
| 333 मीटर | 76.8 मीटर | 1 लाख टन से ज्यादा | 56-60 किमी प्रति घंटा |

**अमेरिका के 'कैरियर स्ट्राइक ग्रुप 3' का हिस्सा**

| | | |
|---|---|---|
| न्यूक्लियर पावर्ड वॉरशिप है | 25-30 सालों तक री-फ्यूलिंग की जरूरत नहीं | 75-80 एयरक्राफ्ट ले जा सकता है |

हवाई, समुद्री और जमीनी तीनों ठिकानों को निशाना बनाने में सक्षम

*सोर्स - एयरपैक (अमेरिका)*

यह दुनिया के सबसे बड़े और सबसे ताकतवर वॉरशिप में से एक माना जाता है। अमेरिकी न्यूज वेबसाइट न्यूज नेशन की रिपोर्ट के मुताबिक, ये फैसला ईरानी एयरस्पेस के बंद होने के ठीक एक घंटे बाद लिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, स्ट्राइक ग्रुप को चीन की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए साउथ चाइना सी में तैनात किया था, लेकिन अब इसकी मूवमेंट देखी गई है। इसे मिडिल ईस्ट पहुंचने में करीब एक हफ्ता लग सकता है। हालांकि, अभी तक अमेरिकी अधिकारियों की ओर से इसकी पुष्टि नहीं की गई है। अमेरिका ने वेनेजुएला में भी हमले से पहले इसी तरह तैनाती बढ़ाई थी।

# मिडिल ईस्ट में कोई अमेरिकी कैरियर स्ट्राइक ग्रुप तैनात नहीं

न्यूज नेशन की व्हाइट हाउस संवाददाता केली मेयर ने सूत्रों के हवाले से बताया कि यह ग्रुप अब साउथ चाइना सी से सेंट्रल कमांड क्षेत्र की ओर जा रहा है। जो मिडिल ईस्ट, उत्तर-पूर्वी अफ्रीका, सेंट्रल एशिया और साउथ एशिया के 21 देशों को कवर करता है। फिलहाल मिडिल ईस्ट में कोई अमेरिकी कैरियर स्ट्राइक ग्रुप मौजूद नहीं है। इससे पहले वरर अब्राहम लिंकन साउथ चाइना सी में रूटीन ऑपरेशन कर रहा था। इसमें एक सुपरकैरियर, 3-6 डिस्ट्रॉयर्स, 1-2 पनडुब्बियां, 7000-8000 सैनिक और 65-70 विमान (F-35, F/A-18 आदि) शामिल हैं।

USS अब्राहम लिंकन अमेरिका के कैरियर स्ट्राइक ग्रुप-3 का हिस्सा है, जिसमें एक न्यूक्लियर-पावर्ड एयरक्राफ्ट कैरियर के साथ कई युद्धपोत और पनडुब्बियां शामिल होती हैं। अमेरिकी नेवी की आधिकारिक वेबसाइट एपरपैक नेवी के मुताबिक, इस ग्रुप में 1 एयरक्राफ्ट कैरियर वरर अब्राहम लिंकन के साथ आम तौर पर 3 से 4 गाइडेड-मिसाइल डिस्ट्रॉयर्स होते हैं, जो एयर डिफेंस, एंटी-सबमरीन और लैंड-अटैक ऑपरेशन कर सकते हैं। इस ग्रुप में 1 क्रूजर भी शामिल किया जाता है, जो ऑपरेशंस के दौरान कमांड और कंट्रोल का काम करता है। हालांकि पिछले कुछ सालों में क्रूजर की जगह डिस्ट्रॉयर्स शामिल किए जाने लगे हैं।





## रेजा पहलवी को समर्थन देने में झिझके ट्रम्प

ट्रम्प ने कहा कि ईरान की धार्मिक सरकार गिर सकती है, लेकिन ईरान के आखिरी शाह कहे जाने वाले रेजा पहलवी नई सरकार बनाने जितना समर्थन जुटा पाएंगे, इस पर कुछ कहा नहीं जा सकता।

न्यूज एजेंसी रॉयटर्स को बुधवार को दिए एक इंटरव्यू में ट्रम्प ने कहा कि ईरान की मौजूदा सरकार गिरे चाहे न गिरे, ये समय बहुत दिलचस्प होने वाला है। ट्रम्प ने कहा कि उन्हें भरोसा दिलाया गया है कि ईरान की सरकार ने तेजी से मुकदमे चलाने और फांसी देने की योजनाओं को फिलहाल रोक दिया है। ट्रम्प ने कहा कि रेजा पहलवी अच्छे इंसान हैं, लेकिन मुझे नहीं पता कि वह अपने देश में कैसे लौट पाएंगे। मुझे नहीं पता कि उनका अपने देश के लोगों के साथ रिश्ता कैसा है। यह भी नहीं पता कि देश के लोग उनके नेतृत्व को स्वीकार करेंगे या नहीं। अगर वे स्वीकार कर लेते हैं तो मुझे इससे कोई आपत्ति नहीं होगी।

# मिडिल ईस्ट से कर्मचारियों को निकालना शुरू किया

ग्लोबल फायरपावर इंडेक्स के अनुसार, ईरान दुनिया की 16वीं सबसे मजबूत सेना है। जिसमें करीब 6 लाख एक्टिव सैनिक, 1,700 से ज्यादा टैंक, 500 से ज्यादा एयरक्राफ्ट और एक मजबूत मिसाइल आर्सेनल शामिल है, लेकिन अमेरिका की तुलना में उसकी एयर फोर्स और नेवी काफी कमजोर है। अमेरिका के पास 13,000 से ज्यादा एयरक्राफ्ट और 4 लाख से ज्यादा आर्मर्ड व्हीकल हैं। ईरान की ताकत उसकी मिसाइलों में है, जो 2,000 किमी तक की रेंज वाली हैं और पर्शियन गल्फ में अमेरिकी बेस (जैसे कतर का अल उदैद) को निशाना बना सकती हैं।



अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में अपने कुछ सैन्य अड्डों से कर्मचारियों को निकालना शुरू कर दिया है। रॉयटर्स के अनुसार, कतर में स्थित अल उदैद एयर बेस (जो मिडिल ईस्ट का सबसे बड़ा अमेरिकी बेस है और करीब 10,000 सैनिक तैनात है) से कुछ कर्मचारियों को बुधवार शाम तक निकालने को कहा गया है।

अमेरिकी अधिकारी ने इसे ₹पोश्चर चेंजर₹ (तैनाती में बदलाव) बताया है, न कि पूरा इवैक्यूएशन। इसका कारण साफ नहीं बताया गया, लेकिन यह ईरान के साथ बढ़ते तनाव से जुड़ा माना जा रहा है।

एक्सपर्ट का कहना है कि कैरियर स्ट्राइक ग्रुप को इतनी दूर से लाने का मतलब है कि अमेरिका सिर्फ एक छोटे हमले की तैयारी नहीं कर रहा। ऐसा हमला तो लंबी दूरी के इ-2 बॉम्बर या पर्शियन गल्फ में मौजूद टॉमहॉक मिसाइल वाले डिस्ट्रॉयर से भी किया जा सकता है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पूरे कैरियर ग्रुप को इंडो-पैसिफिक से हटाकर लाने का मतलब है कि अमेरिका लंबे

■ वर्ष-12 अंक-75 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शुक्रवासरः 16 जनवरी, 2026

## सुभाषितानि

कस्त्वं कोऽहं कुत आयात:, का मे जननी को मे तात:।
इति परिभावय सर्वमसारम्, विश्वं त्यक्त्वा स्वप्न विचारम्॥

**भावार्थ** : तुम कौन हो, मैं कौन हूँ, कहाँ से आया हूँ, मेरी माँ कौन है, मेरा पिता कौन है? सब प्रकार से इस विश्व को असार समझ कर इसको एक स्वप्न के समान त्याग दो।

रथ्या चर्पट विरचित कन्थः, पुण्यापुण्य विवर्जित पन्थः।
योगी योगनियोजित चित्तो, रमते बालोन्मत्तवदेव॥

**भावार्थ** : रथ के नीचे आने से फटे हुए कपड़े पहनने वाले, पुण्य और पाप से रहित पथ पर चलने वाले, योग में अपने चित्त को लगाने वाले योगी, बालक के समान आनंद में रहते हैं।

## सम्पादकीयम्

### अल्पसंख्याकानां उपरि आक्रमणानि

भारतविरोधी वाक्पटुता तीव्रताम् अवाप्तवती अस्ति। ईशान्यराज्यानां विषये यत् प्रकारस्य वचनं क्रियते तत् कस्यापि सार्वभौमदेशस्य अस्वीकार्यम् अस्ति। अल्पसंख्याकानां उपरि आक्रमणानि। युनुस-सर्वकारेण स्वस्य असफलतायाः दोषं भारते एव स्थापयति, तत् यथार्थस्य अवहेलनां करोति, स्थितिं केवलं दुर्गतिम् एव करिष्यति। सत्यं तु एतत् यत् तदनन्तरं हसीनाविरोधी आन्दोलनं कट्टरतत्त्वानां वशं पतितम् अस्ति। एतस्य प्रमाणं २०२४ तमस्य वर्षस्य अगस्तमासात आरभ्य अल्पसंख्याकानां विरुद्धं सहस्राणि हिंसकघटनानि सन्ति। आगामिवर्षस्य फेब्रुवरीमासे निर्वाचनस्य घोषणायाः अनन्तरं अपराधः वर्धितः अस्ति बाङ्गलादेशे अस्थिरता भारतं प्रत्यक्षतया प्रभावितं करोति, अतः तस्य चिन्ता स्वाभाविकी एव। वस्तुतः यूरोपीयसङ्घः अमेरिका च बाङ्गलादेशे मानवअधिकारस्य उल्लङ्घनस्य विषयं अपि उत्थापितवन्तौ। वर्धमान चुनौती। अन्तरिमसर्वकारे स्वदेशस्य अन्तः निष्पक्षनिर्वाचनं कर्तुं प्रचण्डदबावः वर्तते। गतमासे शेखहसीना इत्यस्य श्रवणस्य अवसरं विना यथा दण्डः दत्तः तस्य अपि आलोचना क्रियते। युनुस-सर्वकारस्य जुलै-सन्धिविषये अपि मतभेदाः सन्ति। अस्मिन् चार्टे २०२४ तमे वर्षे आन्दोलने संवैधानिकमान्यतां दातुं संविधाने च अनेकाः परिवर्तनाः कर्तुं प्रयतते। भारतेन बाङ्गलादेशे स्वतन्त्रस्य, समावेशी, विश्वसनीयस्य च निर्वाचनस्य आवश्यकतायाः उपरि बलं दत्तम्, यत् सर्वेषां हितस्य सेवां करोति।

**मन्त्रिमण्डलेन स्पेस टेक नीतेः अनुमोदनं कृतम्**

## अन्तरिक्षप्रौद्योगिकीनीतिः 2026 इत्यस्य माध्यमेन राज्यसर्वकारस्य



ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

रायसेनमण्डले सुल्तानपुरसिंचनपरियोजनाय ११५.९९ कोटिरूप्यकाणि प्रदत्तानि। २० ग्रामेषु ५७०० हेक्टे क्षेत्रे सिञ्चनं भविष्यति।

मन्त्रिमण्डलेन स्पेस टेक नीतेः अनुमोदनं कृतम् अन्तरिक्षप्रौद्योगिकीनीतिः २०२६ इत्यस्य माध्यमेन राज्यसर्वकारस्य उद्देश्यं अन्तरिक्षप्रौद्योगिकी, उपग्रहदत्तांशः, ड्रोन्, भूस्थानिकअनुप्रयोगाः, स्टार्टअपः च प्रवर्धयितुं प्रोत्साहयितुं च अस्ति एतेन अनुसन्धानं, नवीनतां, निजीनिवेशः च आकृष्टाः भविष्यन्ति, तथैव युवानां कृते नूतनाः रोजगारस्य अवसराः सृज्यन्ते। एतेषां सौर ऊर्जापरियोजनानां अनुमोदनम् मन्त्रिमण्डलसभायां अनुमोदितानां त्रयाणां परियोजनानां उद्देश्यं राज्ये नवीकरणीय ऊजार्याः उत्पादनं स्थिरं कर्तुं, चरममागधायां निबाधं विद्युत्प्रदायं सुनिश्चितं कर्तुं च अस्ति।

एताः परियोजनाः निम्नलिखितरूपेण सन्ति। - सौर-सञ्चालित-४-घण्टा-३०० मेगावाट्-विद्युत्-आपूर्ति-भण्डारण-प्रकल्पः - सौर-सञ्चालित-६-घण्टा-३०० मेगावाट्-विद्युत्-आपूर्ति-भण्डारण-प्रकल्पः - २४ घण्टा २०० मेगावाट् सौर-सञ्चालित-भण्डारण-परियोजना शिक्षकों के लिए प्रमुख राहत, चतुर्थ उन्नत वेतनमान योजना अनुमोदित शैक्षणिकसंवर्गे शिक्षकाणां कृते चतुर्थं उन्नतवेतनमानयोजनां कार्यान्वितुं अनुमोदनं दत्तम्। अस्मिन् सहायकशिक्षकाः, उच्चश्रेणीशिक्षकाः, नूतनशैक्षिकसंवर्गे शिक्षकाः च समाविष्टाः भविष्यन्ति। अनुमानतः व्ययः 322.34 कोटिः भविष्यति। एतत् आचायार्णां कृते उपशमम् अस्ति। २०० अधिकानि नवीनाः संदीपनीविद्यालयाः उद्घाटिताः भविष्यन्ति विद्यालयशिक्षाविभागस्य प्रस्तावे संदीपानीविद्यालययोजनायाः द्वितीयचरणस्य कृते २०० नवीनसन्दिपानीविद्यालयाः उद्घाटयितुं अनुमोदनं दत्तम् अस्ति। अस्य कृते प्रायः 3660 कोटिरूप्यकाणां व्ययः भविष्यति।

**रेलवन एप्लिकेशनद्वारा**

## अनारक्षितटिकटेषु डिजिटलभुगतानं 3% छूटं प्रदास्यति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

रेलमार्गः डिजिटलमाध्यमेन यात्रिकाणां कृते अधिका सुविधा, पारदर्शिता, प्रोत्साहनं च प्रदातुं निरन्तरं कार्यं कुर्वन् अस्ति। अस्मिन् विषये रेलवन एप् मार्गेण क्रीतानाम् अनारक्षितरेलटिकटानां ३% बोनस् छूटस्य व्याप्तिः पश्चिममध्यरेलवे इत्यस्य त्रयाणां विभागानां यात्रिकाणां कृते विस्तारिता अस्ति। एतत् प्रावधानं २०२६ तमस्य वर्षस्य जनवरी-मासस्य १४ दिनाङ्कात् जुलै-मासस्य १४ दिनाङ्कपर्यन्तं पायलट्-आधारेण कार्यान्वितं भवति।

अधुना यावत् 3% बोनस् कैशबैक केवलं फ्रंडल्ली एप् इत्यत्र अनारक्षितटिकटं बुकं कुर्वन् मार्गेण कृतानां भुक्तिनां कृते एव उपलब्धम् आसीत्। यात्रिकाणां सुविधां मनसि कृत्वा डिजिटल-भुगतानस्य अधिकं लोकप्रियतां प्राप्तुं रेलवे इदानीं सर्वेषु स्वीकृतेषु डिजिटल-देयता-विधिषु एतां छूटं विस्तारयितुं निर्णयं कृतवान् अस्ति नूतनप्रणाल्याः अन्तर्गतं यूपीआई, डेबिट् कार्ड्, क्रेडिट् कार्ड, नेट् बैंकिंग, अथवा अन्ये स्वीकृताः डिजिटल-भुगतान-विधयः उपयुज्य रेलवन-एप्-माध्यमेन अनारक्षित-टिकटं क्रियमाणाः यात्रिकाः टिकट-मूल्ये ३ प्रतिशतं छूटं प्राप्नुयुः एतेन यात्रिकाणां प्रत्यक्षवित्तीयबचना भविष्यति। रेलवेद्वारा कृता एषा उपक्रमः न केवलं नगदरहितव्यवहारं प्रोत्साहयिष्यति अपितु डिजिटल इण्डिया अभियानं सुदृढं करिष्यति। एषा सुविधा दैनिकयात्रिकाणां, अनारक्षितयात्रिकाणां, उपनगरीययात्रिकाणां च प्रत्यक्षं लाभं प्राप्स्यति। काउण्ट इत्यत्र दीर्घपङ्क्तयः निवारयितुं यात्रिकाणां कृते एतत् एप् पूर्वमेव उपयोगी सिद्धं भवति। अधुना सर्वेषु डिजिटल-भुगतान-विधिषु ३ प्रतिशतं छूटस्य उपलब्धतायाः कारणात् रेलवन-एप्लिकेशनस्य उपयोगिता।

## ज्योतिषिणः भविष्यवाणीं कुर्वन्ति यत् 2026 तमे वर्षे एते स्नानपर्वः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

वर्षस्य अन्ते यथा यथा शिशिरस्य ऋतुः तीव्रः भवितुं आरभते तथा तथा कार्तिकपूर्णिमा इत्यस्य महान् स्नानपर्वः, यः देवदीपावली इति अपि प्रसिद्धः, २०२६ तमस्य वर्षस्य नवम्ब'२४ दिनाङ्के आगमिष्यति, कार्तिकमासः भगवान् विष्णुः प्रियः मासः इति मन्यते, अस्मिन् दिने नद्यः दीपप्रदानस्य परम्परा अस्ति, येन पूर्वजानां तृप्तिः भवति, गृहे सुखं समृद्धिं च आनयति। ज्योतिषिणः भविष्यवाणीं कुर्वन्ति यत् २०२६ तमे वर्षे एते स्नानपर्वः विशेषग्रहस्थानानां कारणात् अधिकं फलप्रदः भविष्यति, यतः अस्मिन् काले ग्रहसंक्रमणानि दानस्य सद्कर्मणां च अत्यन्तं शुभफलं दास्यन्ति एते स्नानपर्वः न केवलं धार्मिकाः अपितु सामाजिकाः सांस्कृतिकाः च सन्ति, यतः एते अवसराः सम्पूर्णं देशं एकीकरोति, जनाः च स्वप्रदेशिकसीमाम् अतिक्रम्य तीर्थस्थलेषु समागच्छन्ति मकरसंक्रान्तिः।

## राशिफल

**मेष** : आज आप खुद को पहले से ज्यादा ऊजार्वान और आत्मविश्वास से भरा हुआ महसूस करेंगे।

**वृषभ** : आज का दिन धैर्य और समझदारी से आगे बढ़ने का है। नौकरी और व्यापार में काम धीरे-धीरे सही दिशा में बढ़ेगा।

**मिथुन** : आज आपकी बात करने की कला आपको फायदा दिला सकती है। नए लोगों से संपर्क बनेंगे।

**कर्क** : आज आप भावनात्मक रूप से थोड़े संवेदनशील रह सकते हैं। कामकाज में धैर्य रखना जरूरी होगा।

**सिंह** : आज का दिन आपके लिए अच्छे संकेत लेकर आया है। करियर से जुड़ी कोई अच्छी खबर मिल सकती है।

**कन्या** : मेहनत ज्यादा करनी पड़ सकती है, लेकिन नतीजा सकारात्मक रहेगा। करियर में आगे बढ़ने के मौके मिल सकते हैं।

**तुला** : आज जिम्मेदारियों का बोझ थोड़ा बढ़ सकता है, लेकिन आप सब कुछ अच्छे से संभाल लेंगे।

**वृश्चिक** :आज किस्मत आपका पूरा साथ देती नजर आएगी। करियर और पढ़ाई के क्षेत्र में सफलता मिलने के योग हैं।

**धनु** : आज आपको अपनी योजनाओं पर पूरा ध्यान बनाए रखना होगा। मेहनत का पूरा लाभ मिलने की संभावना है।

**मकर** : योजनाएं आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकती हैं। नौकरी और व्यापार में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे।

**कुंभ** : आज रिश्तों और काम के बीच संतुलन बनाकर चलना जरूरी होगा। साझेदारी से जुड़े कामों में फायदा हो सकता है।


**मीन** : आज आपका मन रचनात्मक कामों में लगा रहेगा। करियर में नई संभावनाएं बन सकती हैं। पैसों की स्थिति संतुलित बनी रहेगी।

卐 卐 卐 **ज्योतिष/वास्तु** 卐 卐 卐

# सूर्य ने किया मकर में प्रवेश, इन 4 राशि वालों को नौकरी-व्यापार में आएंगी दिक्कतें

सूर्य मकर राशि में अपना स्थान ले चुके हैं। इस गोचर से कुछ राशि वालों का भाग्योदय, तो कुछ जातकों की समस्याएं बढ़ सकती हैं। हालांकि, इन राशि वालों पर सूर्य राशि परिवर्तन का नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

14 जनवरी 2026 को सूर्य देव मकर राशि में प्रवेश कर चुके हैं। यह वर्ष 2026 का पहला सूर्य गोचर है, जिसे ज्योतिष की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दरअसल, मकर राशि के स्वामी शनि देव हैं और ज्योतिष शास्त्र में सूर्य और शनि के बीच शत्रुता मानी जाती है। ऐसे में जब सूर्य शनि की राशि में प्रवेश करते हैं, तो इसका प्रभाव कुछ राशियों पर चुनौतीपूर्ण हो सकता है। यही नहीं जातकों के जीवन में तनाव, अहंकार टकराव, कार्यक्षेत्र में बाधा और पारिवारिक मतभेद जैसी स्थितियां झेलनी पड़ती हैं। इसके अलावा यह समय आत्मविश्वास और



धैर्य की परीक्षाओं से भरा भी रहता है। ऐसे में आइए जानते हैं कि, सूर्य का मकर राशि में गोचर किन राशियों के लिए समस्याओं भरा हो सकता है।

### वृषभ राशि

- वृषभ राशि वालों के नौवें भाव में सूर्य ने गोचर किया है।
- आपको नौकरी-कारोबार में दिक्कतें आ सकती हैं।
- करियर में सामान्य से अधिक प्रयास करने होंगे।
- पार्टनर के निजी मामलों में आवश्यकता से अधिक दखलंदाजी न करें।
- नई नौकरी पाने के लिए अधिक प्रयास करने होंगे।
- निवेश करने से बचें।
- सुख-वैभव के दाता शुक्र बनाएंगे मालव्य महापुरुष राजयोग, इन राशियों को होगा अचानक लाभ

### कन्या राशि

- कन्या राशि वालों के पांचवें भाव में सूर्य प्रवेश कर चुके हैं।
- नौकरी में कुछ परेशानियां तनाव का कारण बनेंगी।
- मौसमी बीमारी को लेकर भी सतर्क रहने की आवश्यकता रहेगी।
- बीमारी के संपर्क में आने से शारीरिक कष्ट मिलने की आशंका बनी रहेगी।
- घूमने की योजनाएं अभी न बनाएं।
- धन लाभ में दिक्कतें आ सकती हैं।
- उच्च शिक्षा प्राप्ति की राह में अड़चनें आ सकती हैं।

### वृश्चिक राशि

- सूर्य वृश्चिक राशि के तीसरे भाव में प्रवेश कर कर चुके हैं।
- परिवार में किसी बात को लेकर अनबन हो सकती है।
- यात्रा को लेकर अधिक खर्च होगा और तनाव बढ़ेगा।
- अचानक से कामकाज का अतिरिक्त बोझ आ सकता है।
- आपको अपने संबंधों को बेहतर बनाने के लिए कुछ एक चीजों से समझौता करना पड़ सकता है।
- पढ़ाई पर फोकस करने की आवश्यकता बनी रहेगी।

### कुंभ राशि

- कुंभ राशि वालों के बारहवें भाव में सूर्य गोचर कर चुके हैं।
- धन लाभ के मार्ग में बाधाएं आएंगी।
- प्रेम संबंध में सावधानी के साथ कदम आगे बढ़ाएं।
- व्यापारिक लाभ के लिए परिश्रम करना पड़ेगा।
- कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों और सीनियर के साथ तालमेल बिठाकर चलने की आवश्यकता रहेगी।
- अपने भीतर आत्मविश्वास में कमी का अनुभव कर सकते हैं।

## खबर एक नजर...

### गरोठ ब्रिज के नीचे बस ने मारी बाइक सवार को टक्कर

**उज्जैन।** आगर-उज्जैन मार्ग पर चिमनगंज थाना क्षेत्र स्थित गरोठ ब्रिज के नीचे गुरुवार दोपहर इंदौर-नलखेड़ा के बीच चलने वाली गोल्डन सर्विस की यात्री बस ने बाइक सवार राजेश पिता ग्यारसीलाल केवट 45 साल निवासी गढ़ कालिका रोड को टक्कर मार दी। राजेश गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका एक पैर टूट गया। दुर्घटना के बाद चालक बस छोड़कर भाग निकला था। रास्ते से गुजर रहे करण माली निवासी वृद्धावनपुरा ने घायल को देखा तो पहचानते हुए अस्पताल पहुंचाया और परिजनों को सूचना दी। चिमनगंज थाना एसआई लक्ष्मण उइके ने बताया कि दुर्घटना की जानकारी मिलने ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। बस को जप्त कर लिया गया है। करण की शिकायत पर दुर्घटना का मामला दर्ज कर जांच में लिया गया है। घायल का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है।

### लापता हुई बालिका को पुलिस ने 4 घंटे में तलाशा

**उज्जैन।** घर से शाम 6.30 बजे पशुपतिनाथ मंदिर जाने का बोलकर निकली 14 साल की बालिका काफी देर तक वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, नहीं मिलने पर देवासगेट थाना पुलिस को सूचना दी गई। थाना प्रभारी अनिला पाराशर ने बालिका की तलाश के लिये तत्काल प्रधान आरक्षक नागेन्द्र सिंह और आरक्षक तरुण दादोरिया को अलर्ट कर रवाना किया। दोनों ने हीरामिल की चाल, मायापुरी, सुदामानगर क्षेत्र में तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला 4 घंटे बाद जानकारी सामने आई कि बालिका कोढ़िया बस्ती क्षेत्र में दिखाई दी है। दोनों पुलिसकर्मी कोढ़िया बस्ती पहुंचे और कुछ देर की सर्चिंग के बाद बालिका को खोज निकाला। थाने लाने पर सामने आया कि घर से नाराज होकर चली गई थी। थाना प्रभारी के अनुसार बालिका के सकुशल मिलने पर परिजनों को बुलाकर उनके सुपुर्द किया गया है।

### उन्हेल तिराहा मार्ट के सामने 2 पक्षों के बीच विवाद

**उज्जैन।** चिमनगंज थाना क्षेत्र के उन्हेल तिराहा पर डी मार्ट के सामने बुधवार-गुरुवार रात भरत उर्फ भोला पिता गोविंदनाथ योगी निवासी एमआर-5 मार्ग बाबा ढाबा के पास और रोहित पिता भारत परिहार निवासी आगर नाका के बीच विवाद हो गया। दोनों ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक-दूसरे से मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर रिक्शा में तोड़फोड़ की। मामला थाने पहुंचने पर भरत उर्फ भोला आरोप लगाया कि टल्ला लगने की बात पर रोहित, छगन, क्रिश, मोंटी, अनमोल और बिट्टा ने मारपीट की। घटना में उसे और साथी शंकर, सलमान घायल हुए है। वहीं रोहित ने आरोप लगाया कि वह रिक्शा चलाता है। आरोपियों ने रिक्शा से छोड़ने की बात कहीं थी, मना करने पर रिक्शा में तोड़फोड़ कर नुकसान किया और मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। उसे और दोस्त अनमोल घायल हुए है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### निर्माणाधीन भवन की तीसरी मंजिल से गिरा युवक

**उज्जैन।** महाकाल थाना क्षेत्र के कहारवाड़ी क्षेत्र में गुरुवार शाम निर्माणाधीन भवन की तीसरी मंजिल से एक युवक गिर गया। उसे तत्काल उपचार के लिये अस्पताल पहुंचाया गया। जहां युवक का नाम कन्हैयानाथ पिता पुष्पानाथ 30 साल निवासी जयसिंहपुरा सामने आया। युवक को चोंट लगी थी। चरक अस्पताल में उसकी ड्रेसिंग की गई, लेकिन युवक अस्पताल से चला गया। ड्युटी कम्पाउंडर द्वारा मामले की सूचना पुलिस को दी गई है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 235-0 | 248-4 |
| मेन बाजार | 299-0 | 335-1 |
| मिलन डे | 680-4 | 468-8 |
| मिलन नाइट | 166-3 | 450-9 |

2 3 6

### देशभर में लोगों के साथ की धोखाधड़ी, साथी हरियाणा पुलिस की हिरासत में

# 1.85 करोड़ ठगने वाला आरोपी गिरफ्त में

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मेक रेकॉन फर्म में पार्टनरशीप का झांसा देकर महिला के साथ 1.85 करोड़ का ठगी करने वाला मुख्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ गया। आरोपी का एक साथी हरियाणा पुलिस की गिरफ्त में है। दोनों ने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर देश के कई राज्यों में लोगों को ठगा है।

केशवनगर में रहने वाली विजया पति प्रदीप हरेल ने नीलगंगा थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी कि सिंगरौली में रहने वाले संजीव कुमार सिंह और भोपाल निवासी निशीकांत मिश्रा ने मेक रेकॉन फर्म में पार्टनरशीप के नाम पर 1 करोड़ 85 लाख 50 हजार 500 रुपए की धोखाधड़ी की है। थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि शिकायत की जांच के बाद मामले में 24 दिंसबर 2025 को दोनों के खिलाफ धारा 318 (4), 316 (2), 316 (5), 3 (5) भारतीय न्याय संहिता का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया था। दोनों की तलाश के लिये एसआई यादवेन्द्र परिहार, भूपेन्द्र चौहान, प्रधान आरक्षक कपिल राठौर, पियूष मिश्रा, आरक्षक पुष्पराज की टीम गठित की गई थी। 21 दिन बाद गुरूवार को मामले में शामिल आरोपी संजीव कुमार पिता रामजन्म सिंह 50 साल निवासी हरयपुर थाना बेढन जिला सिंगरौली को गिरफ्तार किया गया है। प्रारंभिक पूछताछ के बाद सामने आया कि उसके साथी निशीकांत मिश्रा मिसरोद भोपाल को साइबर और वित्तिय धोखाधड़ी के मामले में हरियाणा थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी के अनुसार फिलहाल संजीव कुमार सिंह से पूछताछ जारी है। शुक्रवार को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया जायेगा।

**शिकायतकर्ता का पति बड़ी कंपनी में मैनेजर-** पुलिस के अनुसार करोड़ों की ठगी करने वाले आरोपियों की शिकायत करने वाले केशव नगर निवासी विजया हरेल के पति डीबीएल कंपनी में मैनेजर है। दोनों ने इसी बात का फायदा उठाकर परिचय किया था और विजया हरेल को पार्टनरशीप का झांसा दिया। 2023 से वह फर्म खोलने के नाम पर राशि प्राप्त करते रहे। लेकिन 2 साल बाद भी फर्म नहीं खोली।





### नहीं खोली फर्म, राशि लौटाने से किया मना

बताया जा रहा है कि दोनों आरोपियों ने शिकायतकर्ता विजया हरेल को वर्ष 2022-23 में मेक रेकॉन फर्म खोलने का झांसा देते हुए बताया था कि वह पुरानी बड़ी मशीनों को खरीदकर उन्हे नई बनायेंगे और कंपनियों को बेचेंगे। फर्म में विजया हरेल पार्टनर बनाने की बात कहीं गई थी और अलग-अलग समय में करोड़ों की राशि लेकर परिचितों और तीसरे पक्ष की कंपनी के खाते ट्रांजेक्शन कर दिया। दोनों ने कोई फर्म नहीं खोली। विजया हरेल को दोनों की करतूत का पता चला तो राशि लौटाने की बात कहीं लेकिन उन्होंने राशि लौटाने से साफ इंकार कर दिया।

### कई राज्यों में दोनों ने की धोखाधड़ी

नीलगंगा थाना एसआई यादवेन्द्रसिंह परिहार ने बताया कि दोनों आरोपियों ने देश में मध्यप्रदेश के साथ हरियाणा, तेलंगाना सहित कई राज्यों में लोगों को निवेश, व्यवसाय और पार्टनरशीप का झांसा देकर ठगी को अंजाम दिया है। दोनों अंतरराज्यीय स्तर पर ठगी को अंजाम दे चुके है। उनके खातों की जांच शुरू की गई है। जिसमें अनाधिकृत तरीके से करोड़ों का ट्रांजेक्शन होने की जानकारी सामने आई है। वह कई राज्यों में वांटेड है।

## गांजा तस्करी में शामिल आरोपी को 2 साल की सजा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पांच साल पहले गांजा तस्करी में गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय ने 2 साल की सजा सुनाई है। आरोपी पर अर्थदंड भी लगाया है। फैसला आते ही पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ भेज दिया।

महाकाल थाना पुलिस ने 16 जुलाई 2020 को मुखबीर से सूचना मिलने के बाद कार्तिक मेला ग्राउंड से भूखी माता मंदिर की ओर आ रहे बाइक सवार मानसिंह पिता नाथूसिंह सिसौदिया गाम खड़लिया मानपुर थाना झारड़ा को हिरासत में लिया था। उसके पास से एक बेग में भरा 6 किलो 500 ग्राम गांजा बरामद हुआ था। जिसके खिलाफ मादक पदार्थ तस्करी का प्रकरण दर्ज कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया था। मीडिया सेल प्रभारी कुलदीपसिंह भदौरिया ने बताया कि पांच साल चली सुनवाई के बाद एनडीपीएस एक्ट न्यायालय के विशेष न्यायाधीश पवन कुमार पटेल ने फैसला सुनाते हुए आरोपी को 2 साल की सजा और 5 हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। प्रकरण में अनुसंधान के दौरान प्रभारी उप निदेशक अभियोजन राजेन्द्र कुमार खाण्डेगर के द्वारा जप्तीकर्ता एसआई ओमप्रकाश जोशी को अनुसंधान में विधिक परामर्श और साक्ष्य संकलन में मागदर्शन प्रदान किया। वहीं मामले में पैरवी नितेश कृष्णन विशेष लोक अभियोजक द्वारा की गई।

## यातायात नियमों से विद्यार्थियों को कराया अवगत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा माह आयोजित किया जा रहा है। गुरुवार को यातायात जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को नियमों से अवगत कराया गया। विद्यार्थियों के लिये क्वीज प्रतियोगिता भी रखी गई थी।

वर्ष 2026 का प्रथम माह जनवरी सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा माह के रूप में पुलिस द्वारा मनाया जा रहा है। प्रतिदिन यातायात नियमों को लेकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरूवार को पुलिस कंट्रोल रूम पर विद्यार्थियों के लिये कार्यशाला और क्वीज प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यशाला में एएसपी आलोक शर्मा, यातायात डीएसपी विक्रमसिंह कनपुरिया, दिलीपसिंह परिहार उपस्थित रहे। जिन्होने विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी, सड़क सुरक्षा के महत्व, हेलमेट की उपयोगिता, सीट बेल्ट की जानकारी के साथ नियमों से अवगत कराया गया। कार्यशाला को जागरूक और रोचक बनाने के उद्देश्य से ट्रेफिक क्वीज प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें विद्यार्थियों ने भाग लेकर यातायात नियमों से संबंधित अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। यातायात पुलिस नियमों को लेकर शहर के सार्वजनिक स्थानों पर नुक्कड़ नाटक का मंचन भी कर रही है।



### 2 साल पहले उपचार के चलते युवक की मौत

# हाईकोर्ट के आदेश पर सील हुआ नवजीवन दवाखाना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा गुरुवार को मक्सी रोड पर संचालित होने वाले नवजीवन दवाखाने को हाईकोर्ट के आदेश पर सील कर दिया। 2 साल पहले उपचार के दौरान युवक की मौत होने का मामला सामने आया था।

हरदेनिया काम्पलेक्स गणेशपुरा मक्सी रोड नगर निगम झोन क्रमांक 5 के सामने डॉ रंजन त्रिवेदी द्वारा सालों से नवजीवन दवाखाना संचालित किया जा रहा था। 2 साल पहले क्षेत्र का ही रहने वाला सागर गुप्ता उपचार के लिए दवाखाने पर होता था। डॉ त्रिवेदी द्वारा उपचार किया गया था, जिसके दौरान युवक की हालत बिगड़ गई थी उसे निजी अस्पताल ले जाया गया था जहां उसकी मौत होना सामने आया था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया था। युवक की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा डॉक्टर को नोटिस जारी किया गया था और अस्पताल बंद करने की कार्रवाई की थी। लेकिन मृतक युवक के परिजनों ने उच्च न्यायालय इंदौर हाईकोर्ट में याचिका दायर कर दी थी। जिस पर सुनवाई पूरी होने के बाद उच्च न्यायालय ने अपना फैसला सुनाते हुए नवजीवन दवाखाने को बंद करने के आदेश जारी कर दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक पटेल के पास दवाखाने को बंद करने का आदेश पहुंचने के बाद गुरुवार को डॉ. विक्रम रघुवंशी, प्रभारी मेडिकल ऑफिसर माधवनगर, डॉ. प्रदीप सोमेश चिकित्सा अधिकारी माधवनगर, आर.के. वाडिया, आर्टिस्ट फोटोग्राफर, जीवन कुमावत सहायक ग्रेड-3 और विकास राजपूत संगणक की टीम को मक्सी रोड रवाना किया। टीम ने हाई कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए नवजीवन दवाखाने को सील कर दिया।





स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com